✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 37 ✱ अंक : 107 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शुक्रवार, 11 सितम्बर 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbiharitime.com




डीबीटी के माध्यम से पेंशनधारियों के खाते में राशि हस्तांतरित करते सीएम सम्राट चौधरी

# गंगा के पानी पर बिहार का हक : सम्राट

## बांग्लादेश के साथ हुए गंगा जल समझौते में बिहार की जरूरतों को ध्यान में रखने की आवश्यकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गंगा जल समझौते को लेकर बिहार के हितों की बात उठाई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के साथ हुए गंगा जल समझौते में बिहार की जरूरतों को ध्यान में रखने की आवश्यकता है ताकि राज्य को पूरे साल पीने और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान जल समझौते के अनुसार बिहार को जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्तूबर यानी चार महीने ही गंगा के पानी का उपयोग करने की अनुमति है जबकि बिहार जैसे राज्य के लिए गंगा के पानी की जरूरत पूरे साल रहती है। उन्होंने कहा कि पीने और सिंचाई के लिए बारहों महीने गंगा के पानी का उपयोग किया जा सके, इसके लिए व्यवस्था में बदलाव जरूरी है। श्री चौधरी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी भावना से केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री को अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि गंगा जल के उपयोग से बिहार को लंबे समय तक लाभ मिल सके, इसके लिए राज्य के हितों को जल समझौते में उचित स्थान मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान केवल राहत और बचाव कार्य से नहीं हो सकता। इसके लिए राज्य की नदियों के पूरे सिस्टम को व्यवस्थित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गंगा, बूढ़ी गंडक और कोसी जैसी नदियां हर साल बड़ी आबादी के लिए परेशानी का कारण बनती हैं। मुख्यमंत्री ने गंगा की चौड़ाई का उदाहरण देते हुए कहा कि बक्सर में बिहार में प्रवेश के समय गंगा की चौड़ाई करीब चार किलोमीटर है। पटना में यह बढ़कर करीब 11 किलोमीटर और बेगूसराय में 14 किलोमीटर हो जाती है। मुंगेर और खगड़िया क्षेत्र में इसकी चौड़ाई करीब 19 किलोमीटर तथा सुलतानगंज-नारायणपुर के बीच वेडिंग एरिया करीब 26 किलोमीटर तक पहुंच जाता है। सम्राट चौधरी ने कहा कि गंगा में जमा गाद की सफाई का निर्णय लिया गया है। नदियों को व्यवस्थित करने और उनके प्रवाह को बेहतर बनाने से बाढ़ की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही नदी के पानी का पीने और सिंचाई जैसे कार्यों में बेहतर इस्तेमाल भी संभव होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में बिहार के 13 जिलों में 20 लाख से अधिक लोग बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने नदियों के बेहतर प्रबंधन को बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम में जमुई के सांसद अरुण भारती, पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेंद्र, मुंगेर के प्रभारी मंत्री संजय कुमार, मुंगेर विधायक कुमार प्रणय, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और डीजीपी विनय कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।



# आइआरसीटीसी केस में बढ़ी लालू परिवार की मुश्किलें, आरोप तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आइआरसीटीसी होटल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। यह मामला उस समय का है जब लालू प्रसाद यादव केंद्र में रेल मंत्री थे। उन पर आरोप है कि आइआरसीटीसी के रांची और पुरी स्थित होटलों के संचालन से जुड़े टेंडर में गड़बड़ी की गई और इसके बदले जमीन से जुड़ा लाभ पहुंचाया गया। आरोप तय करने के आदेश के दौरान अदालत ने लालू प्रसाद यादव की भूमिका को लेकर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में देखने पर यह संदेह पैदा होता है कि रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव ने अपने पद का दुरुपयोग किया। अदालत ने यह भी कहा कि रेलवे अधिकारियों ने रांची और पुरी से जुड़े होटल टेंडर में लालू यादव के कहने पर कथित तौर पर हेरफेर किया। सुनवाई के दौरान लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी को मिले कथित लाभ का मुद्दा भी सामने आया। अदालत ने कहा कि कंपनी को जिस तरह का कथित फायदा मिला, उससे लालू यादव की भूमिका पर संदेह पैदा होता है। कोर्ट ने इस मामले को केवल राजनीतिक आरोप के तौर पर देखने से भी इनकार किया। अदालत की टिप्पणी के अनुसार लालू यादव के खिलाफ हुई जांच को राजनीतिक रूप से प्रभावित नहीं माना जा सकता। स्पेशल जज विशाल गोगने ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, सरला गुप्ता, लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी, सुजाता होटल्स और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद लालू परिवार से जुड़े इस पुराने मामले की कानूनी कार्रवाई अब आगे बढ़ेगी। मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत चुनाव में देरी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पंचायत चुनाव को लेकर पटना हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इसमें समय पर चुनाव कराने की मांग की गई है। अदालत ने इस संबंध में चुनाव आयोग और बिहार की सम्राट चौधरी सरकार को जवाब-तलब किया है। दोनों से कोर्ट में जवाबी हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया गया है। बता दें कि बिहार की पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल इसी साल नवंबर-दिसंबर में खत्म हो रहा है। हालांकि परिसीमन प्रक्रिया के चलते पंचायत चुनाव में देरी की संभावना है।

### फर्जी पदाधिकारी और पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में फर्जी सरकारी पदाधिकारी और पुलिसकर्मी बनकर लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय कुमार शुक्ला और उसके साले राज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक अजय कुमार खुद को स्वास्थ्य विभाग का प्रशाखा पदाधिकारी बताकर लोगों को अपने जाल में फंसाता था। वहीं उसका साला राज कुमार फर्जी पुलिस कांस्टेबल बनकर उसके साथ ठगी की वारदात में सहयोग करता था। दोनों आरोपियों के पास से पुलिस की वर्दी, फर्जी पहचान पत्र समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं।

### तेज रफ्तार ट्रक ने दंपति को रौंदा

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** मांझा थाना क्षेत्र के भड़कुईया गांव के पास एनएच-27 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान विशुनपुरा पंडित गांव निवासी सिराजुल कुरैशी और उनकी पत्नी शकीला खातून के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मांझा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज फरार ट्रक चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जानकारी जुटा रही है।

### नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम 13 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के 211 डिग्री कॉलेजों में नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों (संविदा) के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम 13 सितंबर को बापू सभागार में सुबह 10 बजे से होगा। इसका उद्देश्य नवनियुक्त शिक्षकों को उनके कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और शिक्षण व्यवस्था से परिचित कराना है। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में 10 विश्वविद्यालयों अंतर्गत खुले डिग्री कॉलेजों में नियुक्त सहायक प्राध्यापक भाग लेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी शिक्षकों को सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने को कहा गया है।

## देवर-भाभी की चाकू गोदकर हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पताही थाना क्षेत्र की जिहुली पंचायत के जमुनी टोला गांव में पानी गिराने को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान धारदार हथियार से हमला किए जाने का आरोप है। घटना में तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मरीना खातून (35) और जमील अख्तर (36) की मोतिहारी सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घायल मोहसीन अख्तर (40) का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। दोनों मृतक आपस में देवर-भाभी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पताही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दो लोगों की मौत के बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। पताही थानाध्यक्ष बब्बन कुमार ने बताया कि घटना में तीन लोग घायल हुए थे। दो गंभीर घायलों को सदर अस्पताल रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# डूबने से पांच लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले में गंगा के बढ़े जलस्तर के बीच बाढ़ का पानी लोगों की जान पर भारी पड़ने लगा है। बाइपास थाना क्षेत्र के कोयली खुटहा गांव में सड़क पर जमा गहरे पानी में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक परिवार के लोग खेत जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में सड़क पर बाढ़ का पानी जमा था। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण परिवार के कुछ सदस्य गहरे पानी में चले गए। एक व्यक्ति को डूबता देखकर दूसरे लोग उसे बचाने के लिए आगे बढ़े, इसी क्रम में एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में कई लोग गहरे पानी में डूब गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों और स्थानीय ग्रामीणों ने बचाव का प्रयास शुरू किया। आनन-फानन में सभी को बाहर निकाल अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का इलाज मायागंज अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं तीन लोगों को फैब्रिकेटेड अस्पताल में रखा गया है। मृतकों की पहचान मुकेश साह की पत्नी मंचू देवी(37 वर्ष), प्रिंस कुमार (12 वर्ष), सोनाक्षी कुमारी (15 वर्ष), अंशु कुमार (16 वर्ष) एवं गोलू कुमार (04 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी मृतक कोयली खुटहा गांव के रहने वाला था। मृतकों में अंशु कुमार होमगार्ड जवान लोको देवी का पुत्र था जबकि अन्य चार एक ही परिवार से आते हैं। घटना के बाद थानाध्यक्ष, पंचायत के मुखिया समेत स्थानीय लोग भी मायागंज अस्पताल पहुंचे। इधर हादसे की खबर फैलते ही ग्रामीणों की सूचना पर बाइपास थानाध्यक्ष एवं गोराडीह के अंचलाधिकारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से राहत व बचाव कार्य आरंभ कर पांचों मृतकों के शवों को बरामद किया। तत्पश्चात पुलिस ने इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय- अस्पताल भेज दिया है। इस बीच जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन के तहत सभी मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह राशि के रूप में दी जा रही है।

## आज से तीन दिन बंद रहेंगे बैंक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बैंक प्रबंधन, वित्त मंत्रालय और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बीच दो दिनों से चली वार्ता बेनतीजा रही। वार्ता विफल होने के बाद बैंक यूनियनों ने 11 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान कर दिया है। इससे पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है और बिहार जैसे राज्यों में भी इसका सीधा असर पड़ेगा। 11 सितंबर को बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इसके बाद 12 सितंबर शनिवार और 13 सितंबर रविवार को साप्ताहिक अवकाश है। इस तरह लगातार तीन दिनों तक बैंक शाखाओं में कामकाज ठप रहेगा। ग्राहकों को कैश निकासी, चेक क्लियरेंस और शाखा से जुड़े अन्य जरूरी कामों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध रहने की संभावना है। इससे कुछ हद तक ऑनलाइन लेन-देन जारी रह सकते हैं, फिर भी नकदी संबंधी जरूरतों वाले लोग प्रभावित होंगे। बिहार समेत पूरे देश में आम नागरिकों को वित्तीय लेन-देन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वेतन निकासी, बिल भुगतान या आपात नकदी की जरूरत वाले लोगों के लिए ये तीन दिन चुनौतीपूर्ण साबित हो सकते हैं। छोटी-मोटी जरूरतों के लिए भी लोगों को पहले से तैयारी करनी होगी।

# सीएम सम्राट चौधरी से पूर्व मध्य रेल के जीएम डिम्पी गर्ग ने की शिष्टाचार भेंट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने गुरुवार को पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महाप्रबंधक ने बिहार में चल रही महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं तथा रेल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान पूर्व मध्य रेल की ओर से किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं रेलवे के क्रियाकलापों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी गई। महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं में और सुधार के उपायों तथा बिहार में रेल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर बिहार में रेल परियोजनाओं की प्रगति, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा रेल व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ।

## सूबे में पांच एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन की होगी जांच

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में राजस्व से जुड़े कामों को तेजी से पूरा करने के लिए अंचल अधिकारियों पर निगरानी बढ़ाई जा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने लंबित मामलों का जल्द और सही तरीके से निपटारा करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में बेगूसराय, मधुबनी और जमुई के सभी अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इसमें जमाबंदी सुधार, सरकारी जमीन की पहचान और जमाबंदी नामांतरण समेत कई कामों की स्थिति देखी गई। सचिव जय सिंह ने कहा कि जमाबंदी में गलती होने से आम लोगों को परेशानी होती है। इसलिए मौजा-वार विशेष अभियान चलाकर जमाबंदियों की गलतियां ठीक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने साफ कहा कि काम को बेवजह लंबित रखने या किसी भी स्तर पर लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में सरकारी जमीन के भौतिक सत्यापन की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पांच एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल वाली सरकारी जमीन के सत्यापन का काम प्राथमिकता से शुरू किया जाए। सरकारी प्लॉट से जुड़ी जमाबंदियों की भी जांच की जाएगी ताकि जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। लॉक की गई जमाबंदियों को नियम के अनुसार अनलॉक करने की कार्रवाई तेज करने को भी कहा गया।

# मुख्यमंत्री ने 1.05 करोड़ लोगों के अकाउंट में भेजी पेंशन राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** बिहार के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए अगस्त महीने की पेंशन जारी कर दी गई है। 10 सितंबर को डीबीटी के जरिए लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि भेजी गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर से रिमोट के जरिए इस भुगतान की शुरुआत की। पेंशन राशि ट्रांसफर करने के लिए गुरुवार को मुंगेर के गंगा मोड़ के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सीएम सम्राट चौधरी दोपहर करीब 12:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। अपनी माता की पुण्यतिथि में शामिल होने के बाद वे यहां पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अगस्त 2026 की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि डीबीटी के जरिए लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी। अगस्त 2026 की पेंशन के तहत प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 1100 रुपये भेजे गए हैं। इस महीने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए कुल 1.05 करोड़ लाभार्थियों के खातों में राशि ट्रांसफर की गई है। इस अवसर पर मुंगेर के गंगटा मोड़ से जमुई के कोहबरवा मोड़ तक एनएच-333 के सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिससे मुंगेर-जमुई क्षेत्र में आवागमन एवं विकास को नई गति मिलेगी।






# आरा में 850 करोड़ की लागत से बनाए जायेंगे दो बाइपास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार में रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कई जिलों में रोड प्रोजेक्ट्स पर काम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य के भोजपुर जिले को महत्वपूर्ण सौगात मिली। इससे शहर के अंदर बढ़ते ट्रैफिक दबाव से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। आरा जिले में लगभग 850 करोड़ रुपये की लागत से दो नए बाईपास बनाए जाने की योजना है। जिले के बिहिया और बड़हरा इलाके में दो नए बाईपास बनाए जायेंगे। इससे हर रोज लगभग 10 हजार गाड़ियों को वैकल्पिक रास्ता मिलेगा जबकि 50 हजार से ज्यादा लोगों के लिए आना-जाना आसान होने की उम्मीद है। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बड़े और बाहरी गाड़ियों को बाजार और घनी आबादी वाले इलाकों से होकर गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पहला बाईपास बिहिया इलाके में बनेगा। इसकी लंबाई करीब 6.60 किलोमीटर होगी। बताया जा रहा है कि फिलहाल सड़क की चौड़ाई 3.75 मीटर है, जिसे बढ़ाकर करीब 7 से 10 मीटर करने की योजना है। इस पर लगभग पांच अरब रुपये खर्च होने का अनुमान है। जानकारी के मुताबिक जगदीशपुर की तरफ से बिहिया की ओर आने वाली बड़ी गाड़ियों को बाजार में घुसने की जरूरत नहीं होगी। प्रस्तावित बाईपास बियाडा के रास्ते टीपुरा, कटेया और अमराई नवादा होते हुए आरा-बक्सर हाईवे से जुड़ेगा। इसका सीधा असर बिहिया बाजार और बिहिया आरओबी के आसपास दिखाई देगा। मौजूदा समय में इन इलाकों में गाड़ियों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति बनती है। बाईपास बनने के बाद इस रास्ते से हर रोज करीब 5,780 गाड़ियों के गुजरने का अनुमान है। दूसरा बाईपास बड़हरा-बबुरा इलाके में बनेगा। करीब 5.85 किलोमीटर लंबे इस रूट को भी 7 से 10 मीटर तक चौड़ा करने की योजना है। इसके निर्माण पर लगभग 3.50 अरब रुपये खर्च होंगे। यह बाईपास पड़रिया के रास्ते निकलेगा और बक्सर-कोईलवर तटबंध पर विकसित किया जाएगा। गौर करने वाली बात यह है कि जब जाम की समस्या होगी तो उस समय यह रूट लोगों के लिए एक वैकल्पिक रास्ता होगा। इससे बड़हरा और आसपास के गांवों से आने-जाने वाली गाड़ियों का मुख्य सड़क पर दबाव कम होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि यहां बाईपास के बनने से हर रोज करीब चार हजार गाड़ियों को फायदा मिल सकेगा। जानकारी के मुताबिक बड़हरा-बबूरा बाईपास का फायदा सिर्फ मुख्य बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा। बिशनपुर, फूहा, सिरसिया, बबूरा, कुइया, एकौना, धूसरिया, बड़हरा, पड़रिया और रामपुर समेत आसपास के गांवों के लोगों को भी बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। इस तरह से आने वाले समय में आरा के लोगों को सिर्फ एक नई सड़क नहीं मिलेगी बल्कि जाम से बचने के लिए दो नए विकल्प मिलेंगे।



# औरंगाबाद समेत 10 जिलों में दाल प्रसंस्करण इकाई पर 25 लाख तक अनुदान: विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** औरंगाबाद समेत राज्य के 10 जिलों में दाल प्रसंस्करण इकाई लगाने पर किसानों, एफपीओ, पैक्स और युवा उद्यमियों को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत या अधिकतम 25 लाख रुपये तक अनुदान मिलेगा। कृषि विभाग ने दाल प्रसंस्करण इकाई स्थापना योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदक 15 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। यह योजना दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य दलहन के प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करना है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण कृषि को लाभकारी बनाने का सशक्त माध्यम है। दाल प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने पात्र एफपीओ, पैक्स और युवा उद्यमियों से योजना का लाभ उठाकर बिहार को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग की अपील की। योजना के तहत एफपीओ, सीएलएफ, पैक्स, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक और अन्य पंजीकृत संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। अनुदान प्लांट एवं मशीनरी, भवन, वेयरहाउस तथा भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए दिया जाएगा। भवन और भंडारण अवसंरचना पर अनुदान कुल पात्र अनुदान का अधिकतम 30 प्रतिशत होगा। भूमि खरीद, बिजली कनेक्शन, मानव संसाधन और अन्य संचालन व्यय पर अनुदान नहीं मिलेगा। अनुदान की राशि लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। नई दाल प्रसंस्करण इकाई की न्यूनतम क्षमता 300 किलोग्राम प्रति घंटा निर्धारित की गई है। इकाई में बीआईएस मानक की मशीनरी और एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य होगा। परियोजना को कम से कम तीन वर्ष तक संचालित और उसका रखरखाव करना होगा। योजना औरंगाबाद के अलावा पटना, नालंदा, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, सुपौल, भागलपुर, सीतामढ़ी, जहानाबाद और गया जिले में लागू की गई है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर भी किसानों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में उर्वरक की कमी नहीं है और किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने किसानों से उर्वरक को लेकर भ्रामक अथवा अपुष्ट खबरों और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

## भारत सैमसंग के लिए ग्लोबल इनोवेशन हब बन चुका है : जेबी पार्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत अब केवल वह इंडस्ट्री नहीं रहा जहां वैश्विक तकनीकों को पेश किया जाता है, बल्कि यह ऐसा देश बन चुका है जो दुनिया के लिए तकनीक की कल्पना, इंजीनियरिंग और विकास में योगदान दे रहा है। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने सैमसंग के भारत में 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह बात कही। पार्क ने कहा भारत की जो बात मुझे सबसे अधिक प्रेरित करती है, वह यह है कि यह देश लगातार आगे बढ़ता है और उम्मीदों से आगे निकलता है। आज हम भारत को केवल 1.4 अरब लोगों के बाजार के रूप में नहीं देखते। हम भारत को ऐसी जगह के रूप में देखते हैं जहां तकनीक का भविष्य कल्पित, विकसित और नेतृत्व किया जा रहा है। सैमसंग ने 1995 में भारत में प्रवेश किया था।

## केवाइपी केंद्र संचालकों ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात, समस्याओं के समाधान का रखा प्रस्ताव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के पुनः संचालन एवं केंद्र संचालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर केवाईपी केंद्र संचालक सुजीत कुमार एवं अशोक अभय ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केंद्र संचालकों ने केवाईपी केंद्रों के नियमित संचालन, नए नामांकन एवं प्रशिक्षण बहाली, लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि केवाईपी के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण का लाभ मिलता है, इसलिए केंद्रों का सुचारु एवं नियमित संचालन आवश्यक है। सम्राट चौधरी ने केंद्र संचालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।

## कांग्रेस में अनुशासन का डंडा, 29 नेताओं को कारण बताओ नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नई दिल्ली में बिहार प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के विरोध में धरना-प्रदर्शन में शामिल होना 29 कांग्रेस नेताओं को भारी पड़ गया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में सभी 29 नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कार्रवाई 8 सितंबर को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यालय के समीप आयोजित धरना-प्रदर्शन में सक्रिय रूप से शामिल होने के मामले में की गई है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित नेताओं का उक्त गतिविधि में शामिल होना पार्टी की नीति, अनुशासन और निर्देशों का उल्लंघन है। इसे घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया है। समिति ने सभी संबंधित नेताओं को नोटिस प्राप्त होने के 72 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। नेताओं से पूछा गया है कि उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने या दिया गया जवाब असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में अनुशासन समिति पार्टी के नियमों के अनुसार संबंधित नेताओं के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी।कारण बताओ नोटिस पाने वाले 29 नेताओं में पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूनम देवी, कांग्रेस नेता विधूशेखर पांडेय, भारत भूषण दूबे, सत्येंद्र यादव और मृत्युंजय सिंह प्रमुख हैं। हालांकि समिति की ओर से जारी कार्रवाई में कुल 29 नेताओं को नोटिस दिए जाने की बात कही गई है। बिहार के चेयरमैन, मीडिया विभाग राजेश राठौड़ ने इस संबंध में जानकारी साझा की।

## 19वें पर्यावरण एवं ऊर्जा सम्मेलन में मंत्री ने ग्रामीण विद्युतीकरण को किया रेखांकित

### अक्टूबर तक 2.5 लाख बीपीएल परिवारों को छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र से जोड़ने का लक्ष्य, 2,560 कृषि फीडरों के सौर्यीकरण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली/पटना।** बिहार के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने आज नई दिल्ली में आयोजित 19वें पर्यावरण एवं ऊर्जा सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में बिहार राज्य सहभागी के रूप में शामिल हुआ। बंगाल वाणिज्य एवं उद्योग मंडल द्वारा नई दिल्ली स्थित ले मेरिडियन में आयोजित इस सम्मेलन का विषय 'बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में आत्मनिर्भर भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा' रहा। सम्मेलन में 'हर घर बिजली : बिहार की ग्रामीण विद्युतीकरण यात्रा' विषय पर संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री ने बिहार के विद्युत क्षेत्र में हुए व्यापक बदलाव तथा ऊर्जा सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में किसी भी देश के लिए अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करना आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे सम्मेलन बिहार को विद्युत क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों को साझा करने तथा विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति के माध्यम से समावेशी एवं सतत विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को देश और दुनिया के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करते हैं। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा बिहार की विद्युत क्षेत्र की यात्रा यह दर्शाती है कि निरंतर निवेश, मजबूत इच्छाशक्ति और प्रभावी नीतियों के माध्यम से व्यापक बदलाव संभव है। कभी बुनियादी विद्युत पहुंच की चुनौतियों से जूझने वाले बिहार ने आज हर घर और हर खेत तक बिजली पहुंचाने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित कर ली है। ऊर्जा सुरक्षा हमारे लिए केवल तकनीकी लक्ष्य नहीं, बल्कि बिहार की विकास यात्रा की मजबूत नींव है। हम निवेशकों और उद्योग जगत के भागीदारों को बिहार की विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। बिहार सरकार द्वारा विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण क्षेत्र में व्यापक निवेश किया गया है। राज्य में विद्युत ग्रिड, उपकेंद्रों एवं पारेषण लाइनों के विस्तार के साथ विद्युत आधारभूत संरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है। राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। लगभग 9,475 मेगावाट की अधिकतम विद्युत मांग तक पहुंच चुके बिहार में बढ़ती मांग को पूरा करने तथा राज्य के तेज विकास को गति देने के लिए विद्युत आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

## रांची में पावरग्रिड की तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र पारेषण प्रणाली-1 की ओर से रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम में तीन दिवसीय अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में पावरग्रिड के देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची टीमें उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नितिन कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पावरग्रिड के कई वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन, उत्कृष्ट खेल भावना और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार होता है। तीन दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए पावरग्रिड कर्मी बैडमिंटन में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## गांधी शिल्प बाजार का समापन, 10 दिनों तक पटना के लोगों ने सराहा देशभर के कारीगरों का हुनर

### 150 कारीगरों और बुनकरों के हस्तनिर्मित उत्पादों ने खींचा लोगों का ध्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** गांधी मैदान के गेट संख्या-05 के समीप आयोजित गांधी शिल्प बाजार (राष्ट्रीय) - 2026 गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 1 सितंबर से 10 सितंबर तक आयोजित इस 10 दिवसीय राष्ट्रीय शिल्प बाजार में देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 150 हस्तशिल्प कारीगरों एवं हथकरघा बुनकरों ने अपने उत्कृष्ट एवं पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की। पूरे आयोजन के दौरान पटना के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की जमकर खरीदारी की तथा देश के कारीगरों के हुनर को सराहा। समापन कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सारे बुनकरों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय शिल्प बाजार ने पटनावासियों को देश के अलग-अलग राज्यों की कला, संस्कृति और पारंपरिक हस्तशिल्प को एक ही स्थान पर देखने का अवसर प्रदान किया। मेले में मधुबनी पेंटिंग, ब्लॉक प्रिंट, ग्लास वर्क, कालीन एवं रग्स, कलमकारी, विभिन्न प्रकार की कढ़ाई, पारंपरिक वस्त्र, बांस एवं बेंत शिल्प, आभूषण सहित अनेक राज्यों की विशिष्ट हस्तनिर्मित कलाकृतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। यहां आने वाले आगंतुकों को सीधे कारीगरों एवं बुनकरों से उत्पाद खरीदने का अवसर मिला जिससे जहां ग्राहकों को बेहतरीन और पारंपरिक हस्तनिर्मित उत्पाद प्राप्त हुए, वहीं कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रत्यक्ष विपणन के लिए एक सशक्त मंच मिला।

## आइपीएफ बिहार काउंसिल ने किया उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के साथ मीट एंड ग्रीट का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल ने दुबई के इंडिया क्लब में बिहार सरकार की उद्योग और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह के साथ एक खास मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बिहार के प्रवासी समुदाय के सदस्य, बिजनेस लीडर, प्रोफेशनल, कम्युनिटी के प्रतिनिधि और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बिहार में हो रहे बदलाव, निवेश के मौकों, खेल के विकास और भारत-यूएई के बीच मजबूत रिश्तों पर दिलचस्प बातचीत की। इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल के कन्वीनर आर के महतो ने बिहार की समृद्ध विरासत और भारत में इसके ऐतिहासिक योगदान से लेकर आज राज्य में उभर रहे मौकों तक के सफर के बारे में बात की। उन्होंने बिहार को उसके ग्लोबल प्रवासी समुदाय से फिर से जोड़ने और उस जुड़ाव को सार्थक पार्टनरशिप में बदलने के महत्व पर जोर दिया।

## दादीजी मंदिर में सुहागिनों ने मंगलपाठ कर मांगा अखंड सौभाग्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में गुरुवार को भादो बदी अमावस्या पर आस्था का अद्भुत संगम दिखा। लाल-पीली चुनरी ओढ़े 1100 सुहागिनें एक स्वर में दादीजी नारायणी मंगलपाठ गा रही थीं। हाथों में थाल सजाए, आंखों में भक्ति की चमक और होंठों पर दादीजी का स्मरण...। सभी ने मंगलपाठ कर अखंड सुहाग का आशीष मांगा। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति-रस से सराबोर हो उठा। हर ओर फूलों की महक और भजनों की गूंज से मंदिर परिसर का पूरा वातावरण उल्लास से सराबोर हो उठा। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत गुरुवार को हुई। श्री दादीजी सेवा समिति के तत्वावधान में यह महोत्सव शुक्रवार 11 सितम्बर तक चलेगा। कार्यक्रम में यजमान के रूप में रंजीत ममता अग्रवाल ने पूजा की। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे देसी एवं विदेशी फूलों से सजाया गया है पूरा माहौल राजस्थानी संस्कृति में रचा-बसा है। सुहागिनें भजनों की स्वर लहरियों से दादीजी का आह्वान कर रही थीं। ''हो रही जय जयकार दादीजी थारो मंदिर में...,'' ''धोये-धोये अंगना में आवो म्हारी दादीजी...,'' ''ल्यायां थारी चूनड़ी, करयो मां स्वीकार...,'' ''फूलां से थारी झांकी सजी है, कण-कण में थारी छवि बसी है...'', भक्तिरस से सराबोर इन भजनों ने समूचे परिसर को आध्यात्मिकता और उल्लास से भर दिया। बता दें कि महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार 11 सितम्बर को सुबह छह बजे से दादीजी की विशेष मंगल आरती होगी तथा उसके बाद जात एवं पूजन अलौकिक श्रृंगार होगा तथा छप्पन भोग लगाया जाएगा।

## लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता की सदस्यों ने किया हनुमान अंश फिल्म का सामूहिक दर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता द्वारा कंकड़बाग स्थित कॉनप्लेक्स सिनेमा में एक विशेष एवं भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की लगभग 50 सदस्यों ने एक साथ हनुमान अंश फिल्म का सामूहिक दर्शन किया।इस विशेष आयोजन का सौजन्य एवं प्रायोजन क्लब की सदस्य लायन बाबिता सिन्हा द्वारा किया गया। उनके इस सुंदर एवं आध्यात्मिक प्रयास के लिए क्लब की सभी सदस्यों ने हृदय से आभार व्यक्त किया।फिल्म के माध्यम से भगवान हनुमान जी की भक्ति, त्याग, समर्पण और अद्भुत शक्ति का भावपूर्ण दर्शन कर सभी सदस्य भावविभोर हो उठीं। फिल्म के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और कई भावुक क्षणों में सदस्यों की आँखों से श्रद्धा एवं भक्ति के आँसू छलक पड़े। ऐसा प्रतीत हुआ मानो सभी कुछ समय के लिए सांसारिक जीवन से दूर होकर बजरंगबली की भक्ति में लीन हो गई हों।इस पावन अवसर पर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के परिवारों में सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगल की कामना की और प्रार्थना की कि भगवान हनुमान जी की कृपा एवं आशीर्वाद सदैव सभी के परिवारों पर बना रहे।

## सरकारी स्कूलों की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई : शिक्षा मंत्री

### भूमि संपदा का पूरा ब्योरा जुटाने की तैयारी में जुटा शिक्षा विभाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों की जमीन को चिह्नित कर उसका पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। विद्यालयों की भूमि की सुरक्षा और उसके बेहतर प्रबंधन के लिए सभी जिलों में लैंड रजिस्टर बनाया जाएगा। यह रजिस्टर हर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा। श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले में स्थित सरकारी विद्यालयों की भूमि का पूरा ब्योरा जुटाया जाए। इसमें विद्यालय के नाम, भूमि का क्षेत्रफल, खाता-खेसरा सहित उपलब्ध राजस्व अभिलेखों और भूमि की वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों की जमीन सार्वजनिक संपत्ति है। इसकी सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। विद्यालय की जमीन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जहां कहीं अतिक्रमण की जानकारी मिलेगी, वहां संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों की भूमि से संबंधित अभिलेखों का मिलान कर उन्हें व्यवस्थित किया जाए, ताकि भविष्य में भूमि को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही विद्यालयों की भूमि की स्थिति पर नियमित नजर रखने की व्यवस्था भी विकसित की जाए।

## सरस्वती विद्या निकेतन और 'बिहार विद्या साथी' पर शिक्षा विभाग बनाएगा टेली फिल्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में स्थापित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) और डिजिटल प्लेटफॉर्म 'बिहार विद्या साथी' का प्रचार-प्रसार करने के लिए राज्य सरकार टेली फिल्म बनाएगी। ताकि इसका राज्य और देश में इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा सके। विदित हो कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आदेश पर शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 700 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) खोले गए हैं। इसमें कक्षा 9 से लेकर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए नया डिजिटल प्लेटफॉर्म 'बिहार विद्या साथी' शुरू किया गया है ताकि इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को सातों दिन 24 घंटे लाइव शिक्षक उपलब्ध कराया जा सके। सरकार के इस फ्लैगशिप कार्यक्रम का व्यापक प्रचार -प्रसार करने के लिए शिक्षा विभाग ने टेली फिल्म बनाने का निर्णय लिया है।

## अप्रैल 2027 के पहले सप्ताह से शुरू होगी हज यात्रा

### अगले वर्ष की हज यात्रा में बिहार से 3637 जायरीन जाएंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार से वर्ष 2027 में हज यात्रा पर जाने वाले 3637 जायरीन का अंतिम चयन हो गया है। इस बार पिछले साल के मुकाबले 1111 अधिक लोगों को हज पर जाने का मौका मिला है। वर्ष 2026 में प्रदेश से 2526 जायरीन हज के लिए गए थे। अगले साल हज यात्रा अप्रैल के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। हालांकि यात्रियों की रवानगी के लिए विमानों का शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के हज यात्रियों की रवानगी पटना एयरपोर्ट के साथ गया एयरपोर्ट से भी होगी। चयनित जायरीन को कवर नंबर जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही हज यात्रा की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। चयनित यात्रियों को तय समय सीमा के भीतर यात्रा की पहली किस्त जमा करनी होगी। वर्ष 2027 में देश के 19 एयरपोर्ट से हज यात्रियों की रवानगी होगी। इनमें पटना और गया के अलावा अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, कालीकट, कोच्चि, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कन्नूर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, श्रीनगर और विजयवाड़ा शामिल हैं। बिहार के यात्रियों के लिए पटना और गया एयरपोर्ट से हज ऑपरेशन होगा। हज यात्रा के लिए 15 साल से कम उम्र के बच्चों को हज यात्रा की अनुमति नहीं होगी। वहीं, 65 साल से अधिक उम्र के जायरीन के साथ एक अटेंडेंट का होना अनिवार्य होगा। अटेंडेंट का पूरा खर्च संबंधित यात्री को ही उठाना होगा। महिलाएं भी हज यात्रा पर जा सकती हैं, लेकिन उनके कवर में कम से कम चार लोगों का होना जरूरी है।

**पहली किस्त के रूप में जमा करने होंगे 1.52 लाख रुपये**

चयनित जायरीन को पहली किस्त के तौर पर 1 लाख 52 हजार 300 रुपये जमा करने होंगे। इसमें 300 रुपये प्रोसेसिंग चार्ज शामिल है। मुस्लिम आबादी के आधार पर केंद्रीय हज कमेटी बिहार के लिए हर साल करीब 12 हजार का हज कोटा तय करती है। हालांकि, पिछले कई वर्षों से बिहार का कोटा पूरा नहीं भर पा रहा है। वर्ष 2016 में सबसे अधिक 6533 जायरीन बिहार से हज पर गए थे।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया हैंडलर्स की कार्यशाला आयोजित

### जनकल्याण के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बिहार के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों, बिहार विधान परिषद एवं विधानसभा के सदस्यों, बोर्ड एवं निगमों के अध्यक्षों एवं सदस्यों तथा प्रदेश पदाधिकारियों के सोशल मीडिया हैंडलर्स की महत्वपूर्ण बैठक-सह-कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सोशल मीडिया के विभिन्न आयामों, नैरेटिव निर्माण, डिजिटल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने तथा प्रभावी कंटेंट स्ट्रैटेजी को लेकर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया संगठन और जनता के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में पार्टी के सोशल मीडिया हैंडलर्स की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन के कार्यक्रमों तथा कार्यकर्ताओं के सेवा कार्यों की जानकारी तथ्यपरक, सरल और प्रभावी तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर सकारात्मक एवं तथ्य आधारित नैरेटिव को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि कंटेंट की गुणवत्ता के साथ उसकी प्रस्तुति, पहुंच और प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया के माध्यम से जनता से निरंतर संवाद स्थापित करने और बदलते डिजिटल ट्रेंड के अनुरूप रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है।

## ग्राम स्वराज और सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए राजीव गांधी का योगदान ऐतिहासिक : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस अवसर पर आवेदन पोर्टल लॉन्च किया गया। पोर्टल लॉन्च करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि ग्राम स्वराज का सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था। उस सपने को साकार करने की दिशा में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी ने ऐतिहासिक पहल की। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक मजबूती प्रदान करने तथा सत्ता के विकेंद्रीकरण के माध्यम से गांवों तक लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का मानना था कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब निर्णय लेने की शक्ति गांवों और पंचायतों तक पहुंचे। पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर उन्होंने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को आगे बढ़ाने का काम किया। राजेश राम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने भी ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से गांवों को सड़क, बुनियादी सुविधाओं और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। कांग्रेस की सोच हमेशा गांव, गरीब, किसान, मजदूर और पंचायतों को मजबूत करने की रही है। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार ने कहा कि संगठन ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

# डीएम ने कोचस प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

## निर्माणाधीन नए बस स्टैंड के निर्माण कार्य में प्रगति लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा गुरुवार को कोचस प्रखंड का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने कोचस में निर्माणाधीन नए बस स्टैंड का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बुडको के संबंधित अधिकारियों से बस स्टैंड निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति एवं कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने तथा कार्य में अपेक्षित तेजी लाने का निर्देश बुडको के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने बस स्टैंड के समीप खाली पड़ी भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अंचलाधिकारी, कोचस को उक्त भूमि की मापी कराकर उसके समुचित एवं उपयोगी विकास की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उपलब्ध सरकारी भूमि का बेहतर उपयोग करते हुए जनहित से जुड़ी सुविधाओं के विकास की संभावनाओं का आकलन किया जाए, ताकि भविष्य में बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा कोचस स्थित प्रसिद्ध सूर्यमंदिर का भी भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं पर्यटन की दृष्टि से स्थल के विकास की संभावनाओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोचस को सूर्यमंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने मंदिर परिसर को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया जिससे शाम एवं रात्रि के समय लोग को सुविधा मिल सके और परिसर की सुरक्षा एवं सुंदरता भी बेहतर हो।

## पेड़ से टकराई ऑटो, मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के सोन उच्च स्तरीय नहर पर लांजी पुल से अपने पैतृक गांव महैचा जा रहे मजदूर के पेट में पेड़ घुसने से मौत हो गई। मृतक महैचा गांव निवासी श्याम नारायण पासवान के 31 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र पासवान बताया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गांव से भारी संख्या में मजदूर कैमूर जिला के पुसौली में काम करने के लिए जाते थे और रात्रि को ऑटो से पुण गांव आते थे। ऑटो पर बैठे मजदूरों ने बताया कि हटा गांव के समीप रात्रि में लौट रहे थे अचानक सड़क के किनारे एक टूटे हुए पेड़ ऑटो से टकराते हुए मजदूर के पेट में घुस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में मजदूरों ने उसे चेनारी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

## सोन नदी के भरका-दलदल में न जाएं ग्रामीण, पांच लोग और 13 मवेशी फंसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाढ़ का पानी कम होने के बाद सोन नदी के किनारे बने भरका-दल-दल में फंसने की घटनाओं को देखते हुए सिंचाई विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और दल-दल वाले क्षेत्रों में नहीं जाने की अपील की है। बराज एवं शिविर इंद्रपुरी के अवर प्रमंडल पदाधिकारी संजय कुमार झा ने सभी कनीय अभियंताओं को निर्देश दिया है कि वे नदी किनारे बसे ग्रामीणों को दल-दल के खतरे के प्रति जागरूक करें। अवर प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि विभागीय निरीक्षण के साथ-साथ स्थानीय सामाजिक एवं प्रशासनिक संपर्क के माध्यम से नदी किनारे रहने वाले लोगों को भरका-दलदल में नहीं जाने के लिए लगातार जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी कम होने के बाद नदी किनारे कई स्थानों पर दलदली क्षेत्र बन गए हैं जहां जाना जानलेवा साबित हो सकता है। बताया गया कि नौहट्टा प्रखंड के बेलौंजा में बुधवार की शाम पांच व्यक्ति और 13 मवेशी दलदल में फंस गए थे। काफी मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए नदी किनारे रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। श्री झा ने नौहट्टा, रोहतास एवं तिलौथू के अंचलाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित पंचायतों के मुखिया से भी अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नदी किनारे बसे नागरिकों को दलदल वाले स्थानों पर जाने से रोकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सतर्कता और जागरूकता से किसी बड़ी दुर्घटना या आपदा को टाला जा सकता है।

## वित्तरहित शिक्षकों को वेतनमान की घोषणा ऐतिहासिक : डॉ. अजय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के सभागार में शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ बैठक में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि वित्त अनुदानित विद्यालय- महाविद्यालयों में वर्षों से कार्यरत शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर अनुदान के स्थान पर नए वेतनमान की घोषणा ऐतिहासिक एवं साहसिक कदम है जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद एवं साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा जगत के 40-45 वर्षों के कोढ़ को धोने का काम हुआ है तथा शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा, क्योंकि बिहार के 70 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को इन्हीं वित्त अनुदानित संस्थानों के शिक्षक पढ़ाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2008 में उत्तीर्णता आधारित सहायक अनुदान शुरू किया था, जिसे आगे बढ़ाते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री की घोषणा से कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रत्येक अनुदानित महाविद्यालय के पास 100 से 200 करोड़ का इन्फ्रास्ट्रक्चर, पुस्तकालय, उपस्कर और अनुभवी स्टाफ है। अतः सरकार को इनका अधिग्रहण कर अंगीभूत करना चाहिए जिससे छात्रों को लाभ मिलेगा और सरकार को बना-बनाया इन्फ्रास्ट्रक्चर मिलेगा।

## डिहरी में ग्लोटर्निटी सेमिनार का आयोजन, सैलून इंडस्ट्री को मिला नया मार्गदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नेचर्स एसेंस प्रोफेशनल द्वारा डिहरी, बिहार के पीएंडएस होटल में 'ग्लोटर्निटी सेमिनार' का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार को कंपनी के 'नेशनल ट्रेनर नीरज कुमार' और 'मार्केटिंग से दीक्षा गांधी' ने होस्ट किया और 'बिहार, झारखंड की टेक्नीशियन अर्चना सिंह' ने उन्हें असिस्ट किया। कार्यक्रम में सुब्रो गुहाठाकुर्ता (ईस्ट रीजनल सेल्स मैनेजर), चंदन कुमार (एरिया सेल्स मैनेजर) और संतोष कुमार पाठक (सीनियर टेरिटोरी सेल्स इंचार्ज) के साथ-साथ संजय गुप्ता (डिहरी डिस्ट्रिब्यूटर) का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस ज्ञानवर्धक सत्र में 180 ब्यूटीशियन और सैलून प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। नेचर्स एसेंस प्रोफेशनल 27 से अधिक वर्षों पुराना और विश्वसनीय सैलून प्रोफेशनल ब्रांड है जिसने भारतीय ब्यूटी और सैलून इंडस्ट्री में अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। वर्षों से यह ब्रांड गुणवत्ता, नवाचार और प्रोफेशनल एजुकेशन पर लगातार काम करता आ रहा है, ताकि सैलून ऑनर्स और ब्यूटीशियन्स को बदलते बाजार के अनुसार तैयार किया जा सके। ब्रांड की एक बड़ी विशेषता इसकी इन-हाउस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है जहां सभी प्रोडक्ट्स का निर्माण स्वयं किया जाता है। इससे क्वालिटी पर पूर्ण नियंत्रण बना रहता है। नेचर्स एसेंस प्रोफेशनल के सभी प्रोडक्ट्स 'डर्मेटोलॉजिस्ट द्वारा टेस्टेड और अप्रूव्ड' हैं जो इन्हें सुरक्षित और प्रभावी बनाते हैं। ग्लोटर्निटी सेमिनार (जो कि पैन इंडिया आयोजित किए जाते हैं) नेचर्स एसेंस प्रोफेशनल की एक प्रमुख पहल है। इन सेमिनार्स का उद्देश्य केवल नए प्रोडक्ट लॉन्च तक सीमित नहीं है, बल्कि सैलून ओनर्स और ब्यूटीशियन्स को नए टिप्स, ट्रिक्स, सही ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल, क्लाइंट कंसल्टेशन और मार्केट अंडरस्टैंडिंग से भी अवगत कराना है। इससे प्रोफेशनल्स को अपने सैलून बिजनेस को बेहतर ढंग से बढ़ाने में मदद मिलती है। इस सेमिनार में डिहरी, सासाराम, औरंगाबाद, ओबरा, दाऊदनगर आदि शहरों की ब्यूटीशियंस एवं सैलून ऑनर्स ने भाग लिया।

## आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में दो मोबाइल चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं जिनकी अनुमानित कीमत करीब 35 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल दिनेश सिंह तोमर के दिशानिर्देशन तथा आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के प्रभारी निरीक्षक राजकिशोर कछवाहा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। आरपीएफ उप निरीक्षक शिवराज साह, आरक्षी राजीव रंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक बिरजू कुमार एवं गृहरक्षक रोहित कुमार अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में मोटरसाइकिल से जा रहे दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में देखकर टीम ने उन्हें रोककर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उनकी पहचान हिमांशु कुमार (22 वर्ष), पिता अरविंद कुमार, निवासी प्रेम बिगहा, थाना ओबरा, जिला औरंगाबाद तथा राहुल कुमार (28 वर्ष), पिता श्यामलाल सिंह, निवासी गोरैया, थाना ओबरा, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई।

## बैंक ऑफ इंडिया के 121वें स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम, ग्राहकों को ऋण एवं निवेश उत्पाद वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बैंक ऑफ इंडिया के 121वें स्थापना दिवस के अवसर पर डिहरी ऑन-सोन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद के सभापति के रोहतास जिला प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर उन्होंने बैंक के ऐतिहासिक सफर और आम लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में इसकी भूमिका की सराहना की। समारोह में बैंक के वरीय शाखा प्रबंधक वैभव कुमार सहित बैंक के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक की ओर से कुछ नए ग्राहकों को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा उन्हें बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न निवेश उत्पाद प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को बैंक की विभिन्न सेवाओं, ऋण सुविधाओं एवं निवेश योजनाओं की जानकारी दी। उपस्थित अतिथियों ने बैंक के 121 वर्षों के सफर को गौरवपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर जयनाथ चंदन (ऋण प्रबंधक), मृत्युंजय सिंह (ऋण अधिकारी), यशवंत वर्मा (सेवा प्रबंधक), रौशन कुमार (सेवा अधिकारी), ममता कुमारी, हर्षिता देवी सहित अन्य बैंककर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बैंक ऑफ इंडिया परिवार को 121वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## गाजियाबाद में हादसा, आंती थाना क्षेत्र के युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के अदोपुर गांव निवासी एक युवक की गाजियाबाद में काम के दौरान मौत हो गई। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ध्रुवेश यादव ने बताया कि वृजमोहन यादव (28), पिता स्व. भगलू यादव पिछले 8 वर्षों से गाजियाबाद में रहकर तार कंपनी में काम करता था। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे काम के दौरान तार गले में लिपट गया जिससे गला कट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार तक शव गांव आने की संभावना है। मृतक की पत्नी सविता देवी और 5 वर्षीय पुत्र भी वहीं साथ रहते थे। मृतक चार भाइयों में से एक था।

## उर्दू विद्यालय की बदहाली, एक कमरे में 90 बच्चे पढ़ने को मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र के दरिहट में स्थित अब्दुल कयूम अंसारी उर्दू प्राथमिक विद्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह आसपास के पंचायत क्षेत्र का एकमात्र उर्दू विद्यालय है जो वर्ष 1981 से संचालित है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी ने बताया कि विद्यालय में वर्ग 1 से 5 तक की पढ़ाई होती है। वर्तमान में कुल 90 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं और 4 शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षक पूरी निष्ठा से बच्चों को पढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में पठन-पाठन बुरी तरह बाधित हो रहा है। 90 बच्चों की पढ़ाई मात्र 1 कमरे के सहारे हो रही है। क्लासरूम के अभाव में सभी कक्षाओं के बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ाना पड़ रहा है। विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है। इसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्व तो आते ही हैं साथ ही गाय, भैंस और आवारा पशु भी परिसर में घुसकर गंदगी फैलाते हैं। विद्यालय का बाथरूम पूरी तरह टूटा-फूटा पड़ा है, छत तक नहीं है। इससे छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। परिसर में बारिश और नाली के पानी से जलजमाव की समस्या बनी हुई है, कच्चा रास्ता होने से कीचड़ और दुर्गंध से बच्चे परेशान हैं। इस संबंध में जब जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही समस्या का समाधान होगा।

## सीएचसी का विधायक ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** टिकारी विधायक अजय दांगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों के इलाज, दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्रखंड की 22 आशा कार्यकर्ताओं को एक साल से अधिक समय से मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने जल्द भुगतान की मांग की। मौके पर राजद युवा नेता सौरभ यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा नोटिस**

**सं0-39 ऑफ 2026-27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं0–01–डीडीयू–व0 मं0इंजी0–सी–26–27 ईसीआर के डीडीयू मंडल में सेक्शनल गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए जीसी–1 सेक्शन में विभिन्न स्थानों पर डब्ल्यू–मेटल बीम क्रैश बैरियर की आपूर्ति करना और उन्हें स्थापित करना **(ii) कार्य का अनुमानित लागत:** ₹317033323.90 **(iii) धरोहर राशि:** ₹6340700.00 **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 30.09.2026 को 12:00 बजे तक **(v) बेवसाईट पर ई– निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:**– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक**
**पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/0891/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/32


## लौह पुरुष की जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** पटेल सेवा संघ दावथ-सूर्यपुरा प्रखंड इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को दावथ प्रखंड के बभनौल गांव में बैठक संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन पूर्व सरपंच सभाचंद चौधरी ने किया। इस बैठक में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध लोगों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल जिन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है के व्यक्तित्व, कृतित्व और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में जो ऐतिहासिक भूमिका निभाई, वह सदैव अविस्मरणीय रहेगी और उनकी एकता व अखंडता की भावना आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष प्रखंड स्तर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती अत्यंत भव्य और गरिमामय ढंग से मनाई जाएगी, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक को जिला पार्षद रिंका पटेल, जद-यू नेता अभिषेक पटेल, बिक्रमगंज बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय वर्मा, संघ के उपाध्यक्ष संजय वर्मा, मुखिया विकास पटेल, पूर्व सरपंच श्यामचंद चौधरी, सुधीर रंजन, जयचंद पटेल, अखिलेंद्र पटेल, अनिकेत पटेल, राजेंद्र प्रसाद सिंह दिनारा, राहुल पटेल, ज्वाला प्रसाद पटेल और सोहन सहित सैकड़ों लोगों ने संबोधित किया और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

## विभिन्न कार्यालयों एवं निर्माण कार्यों का एसडीएम ने किया सघन निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा प्रखंड दिनारा का सघन क्षेत्र भ्रमण कर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं आवासीय विद्यालय, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय, नवनिर्मित प्रखंड भवन निर्माण स्थल, धनसोई मोड़ के समीप प्रस्तावित बस स्टैंड स्थल तथा अंचल कार्यालय दिनारा का विस्तृत निरीक्षण किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं आवासीय विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध आवासीय सुविधाओं, शैक्षणिक व्यवस्था, साफ-सफाई, भोजन, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रभारी को एक सप्ताह के भीतर सभी कमियों में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने तथा छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने का सख्त निर्देश दिया गया, इसके पश्चात बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय दिनारा के निरीक्षण में कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, उपस्थिति पंजी, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, पोषाहार वितरण एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और पाई गई त्रुटियों पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को नियमानुसार एवं समयबद्ध रूप से कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# डिहरी में अल्ट्रासाउंड-पैथोलॉजी सेंटरों पर लगातार दूसरे दिन भी सख्त कार्रवाई

## मां शारदा हेल्थ केयर सील, आधा दर्जन से अधिक सेंटरों की जांच से मचा हड़कंप, कई जगह शटर बंद कर भागे संचालक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी शहर में नियमों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी एवं अन्य स्वास्थ्य जांच केंद्रों के खिलाफ अनुमंडल प्रशासन ने लगातार दूसरे दिन भी सख्त अभियान चलाया। डिहरी एसडीएम निलेश कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर कई जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। प्रशासन की लगातार कार्रवाई से स्वास्थ्य जांच केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

अभियान के पहले दिन प्रशासनिक टीम ने पाली रोड स्थित रॉयल अल्ट्रासाउंड सेंटर, आदित्य अल्ट्रासाउंड तथा मां शारदा हेल्थ केयर समेत अन्य संस्थानों की जांच की। जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं के आधार पर मां शारदा हेल्थ केयर को सील कर दिया गया। वहीं अन्य संस्थानों के पंजीकरण, लाइसेंस, चिकित्सकीय योग्यता, आवश्यक दस्तावेज और जांच संबंधी व्यवस्थाओं की भी पड़ताल की गई।

**दूसरे दिन कई सेंटरों की जांच**

लगातार दूसरे दिन एसडीएम निलेश कुमार दल-बल के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस दौरान सुनील बोस, अल्का अल्ट्रासाउंड, राज इमेजिंग सेंटर सहित करीब आधा दर्जन से अधिक पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की गई। अधिकारियों ने सेंटरों के संचालन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज, पंजीकरण, लाइसेंस तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की जानकारी ली। एसडीएम की अचानक कार्रवाई की भनक लगते ही कई सेंटरों के शटर बंद मिले। कुछ स्थानों पर संचालक एवं वहां मौजूद लोग मौके से निकल गए। इससे जांच अभियान के दौरान शहर में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

**नियमों का उल्लंघन मिला तो होगी कड़ी कार्रवाई**

एसडीएम निलेश कुमार ने संबंधित संस्थानों के संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि स्वास्थ्य जांच केंद्रों का संचालन निर्धारित नियमों एवं वैध अनुमति के तहत ही किया जाए। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थान के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डिहरी अनुमंडल क्षेत्र में बिना आवश्यक अनुमति, पंजीकरण अथवा निर्धारित मानकों के पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड या अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**

प्रशासन की लगातार दो दिनों की कार्रवाई को मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्वास्थ्य जांच जैसी संवेदनशील सेवाओं में निर्धारित मानकों का पालन, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और योग्य चिकित्सकीय कर्मियों की मौजूदगी जरूरी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड, जक्की बिगहा, कैनाल रोड, तार बंगला, तिलौथू एवं अकोढ़ीगोला सहित शहर के विभिन्न इलाकों में बड़ी संख्या में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे एवं पैथोलॉजी सेंटर संचालित हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा सभी संस्थानों की जांच किए जाने से नियमों का पालन सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

**छापेमारी टीम में ये रहे शामिल**

पहले दिन की कार्रवाई में पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधीर कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक गणेश प्रसाद सहित डिहरी नगर थाना की पुलिस टीम शामिल थी। लगातार दूसरे दिन भी प्रशासनिक टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में विभिन्न जांच केंद्रों का निरीक्षण किया। लगातार दूसरे दिन कार्रवाई के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि प्रशासन स्वास्थ्य जांच के नाम पर नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ अब अभियान को और तेज करने के मूड में है।


**शपथ-पत्र**

मैं अर्पित शशांक, पिता भरत कुमार सदैव, ग्राम- नवनेर, पो.- डिहरा, थाना-ओबरा, जिला- औरंगाबाद (बिहार) सत्य एवं निष्ठा से निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
मेरे आधार कार्ड संख्या- 3001 9961 0934 में मेरा नाम अर्पित शशांक (ARPIT SHASHANK) अंकित है।
मेरे LIC के पॉलिसी सं.- 513921664 है जिसमें मेरा नाम सुधीर कुमार सुमन (SUDHIR KUMAR SUMAN) अंकित है।
यह कि ARPIT SHASHANK एवं SUDHIR KUMAR SUMAN दोनों नाम मेरा ही है मैं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरे नाम का दूसरा कोई व्यक्ति मेरे गांव में नहीं है। भविष्य में जांचोपरान्त गलत पाया गया तो मैं दण्ड का भागी बनूंगा।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 22078 दिनांक 5.8.26

**शपथकर्ता**
**अर्पित शशांक**



**अम्बे जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि.**

रजिस्ट्रेशन नंबर - BR/02/02/01/01/WO/13/2021
ग्राम- अम्बा, पोस्ट + थाना-अम्बा, प्रखंड-कुटुम्बा, औरंगाबाद (बिहार)-824111
Mob-9801079937

पत्रांक :- AMBEY/264/2026-27 दिनांक :- 08/09/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अम्बे जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि., ग्राम अम्बा, पोस्ट + थाना-अम्बा, प्रखंड- कुटुम्बा, औरंगाबाद (बिहार)-824111 के अंतर्गत **आजीविका सेवा केंद्र** स्थापित होने जा रहा है जिसकी स्थापना हेतु सम्बंधित मशीनरी की खरीदारी, स्थापना एवं डेमोस्ट्रेशन अम्बे जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. के द्वारा की जा रही है सम्बंधित सामग्रियों की विवरणी निम्नप्रकार से प्रदर्शित है।

- आटा मिल- (01 आटा मैदा मिल सेटअप, क्षमता 120-150 किलोग्राम / घंटा, मोटर पावर- 7.5 HP (3-फेज), उत्पादक-आटा, मैदा, चोकर (ब्रान), पॉवर आवश्यकता-6-8 यूनिट/घंटा इत्यादि ।
- मशाला मिल- क्षमता 20-30 किलोग्राम / घंटा, मोटर पावर-3-5 HP, ग्राइंडर का प्रकार-साईक्लोन सहित पल्वराइजर, उत्पादक हल्दी, धनिया, मिर्च पाउडर, धुल नियंत्रण-साईक्लोन सेपरेटर इत्यादि ।
- पैकेजिंग सेंटर -एक अर्ध-स्वचालित सीलिंग मशीन (क्षमता प्रतिदिन 400-600 पैकेट एवं सभी IFC उत्पाद पैकेजिंग हेतु), डिजिटल वजन मशीन, साथ में लेबलिंग यूनिट इत्यादि ।

उपरोक्त सामग्रियों की खरीद, अधिष्ठापन एवं डेमोस्ट्रेशन के लिए सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी दर प्रस्तुत करने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है, निविदा निर्गत की दिनांक 11/09/2026, निविदा हेतु प्री-बिड बैठक दिनांक व समय 18/9/26 12:30PM साथ हीं जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28/09/2026 को 12:30 बजे अपराहन तक होगी। तथा निविदा खोलने की तिथि 28/09/26 01:00 बजे अपराहन होगी।
इस निविदा को अम्बे जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि., ग्राम अम्बा, पोस्ट + थाना अम्बा, प्रखंड-कुटुम्बा, औरंगाबाद (बिहार)-824111 के प्रतिनिधि मंडल सदस्यों की उपस्थिति में खोला जाएगा एवं निविदादाता इस में सहभागिता कर सकते हैं।
इच्छुक रजिस्टर्ड कंपनी / सम्बंधित रजिस्टर्ड दुकानदार, छुट्टी के दिनों को छोड़कर कार्यालय में निविदा प्रपत्र का अवलोकन कर सकते हैं एवं निविदा पत्र को कार्यालय से तथा मेल के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।
उक्त निविदा पत्र को विहित प्रपत्र एवं निहित सूचनाओं एवं अभिलेख के साथ बंद लिफाफे में कार्यालय एवं निविदा में दर्ज अवधि के अन्दर जमा किया जा सकता है लिफाफे के ऊपर निविदाकर्ता का नाम/फर्म का नाम, पता एवं मोबाइल संख्या का होना अनिवार्य है।

**ललिता देवी** – अध्यक्ष | **मीना कुमारी** – सचिव | **सविता देवी** – कोषाध्यक्ष

# बाइकों पर लदी 593 लीटर महुआ शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छह बाइकों पर लदी कुल 593 लीटर महुआ शराब जब्त की। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य तस्कर फरार हो गए। फरका बुजुर्ग पंचायत के मानडीह गांव के समीप पुलिस ने पांच बाइकों पर लदी 380 लीटर महुआ शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के रामदेव मोड़ निवासी बाबूलाल राजवंशी के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि पुलिस को शराब की खेप के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद एएसआई जयप्रकाश चौधरी सशस्त्र पुलिस बल के साथ छापेमारी के लिए पहुंचे। पुलिस को देखते ही तस्करों का जत्था भागने लगा। पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ लिया, जबकि अन्य अंधेरे और संकीर्ण गलियों का फायदा उठाकर फरार हो गए। वहीं, दूसरी कार्रवाई में सतगीर गांव के समीप एक बाइक पर लदी 213 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इस दौरान तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। दोनों कार्रवाई एएसआई जयप्रकाश चौधरी ने सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से की। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने के लिए निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री और सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार तस्कर को गुरुवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।

# नवादा रेलवे ओवरब्रिज समेत 16 सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस का महाधरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। नवादा की चिरलंबित समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को नगर थाना के निकट एक दिवसीय विशाल महाधरना आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने की। धरने में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। महाधरना को संबोधित करते हुए प्रभाकर झा ने कहा कि नवादा में स्वीकृत रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होने से शहर की जनता लंबे समय से जाम की समस्या झेल रही है। घंटों ट्रैफिक में फंसने के कारण एंबुलेंस, स्कूली बच्चों और आम राहगीरों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज के अलावा कांग्रेस ने 16 सूत्री मांग पत्र तैयार किया है। इसमें स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार, किसानों को समय पर खाद-बीज व सिंचाई सुविधा, जर्जर सड़कों का निर्माण, युवाओं को रोजगार, कानून व्यवस्था दुरुस्त करने, भ्रष्टाचार पर लगाम, शिक्षा में सुधार और जल निकासी सहित अन्य मांगें शामिल हैं। मांगों में रोह प्रखंड को रजौली अनुमंडल से हटाकर नवादा अनुमंडल में शामिल करना, हिसुआ तथा वारसलीगंज या पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा देना, रजौली के नगर भवन को चालू करना और ट्रेनिंग स्कूल के सामने स्थित पूर्व बिहारशरीफ प्राइवेट बस स्टैंड में सब्जी मंडी या बच्चों के लिए खेलकूद पार्क बनाने की मांग भी शामिल है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी और आमरण अनशन तक किया जाएगा। धरने का संचालन विजय कुमार ने किया। समापन पर प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। महाधरना में पार्टी के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### रोटरी क्लब ऑफ नवादा का स्थापना समारोह आज

**नवादा**। रोटरी क्लब ऑफ नवादा द्वारा शुक्रवार इंस्टॉलेशन सेरेमनी मनाया जाएगा। रोटरी क्लब नवादा के अध्यक्ष नीरज कुमार लोहानी और सचिव प्रहलाद प्रसाद के हवाले से मीडिया प्रभारी पंकज कुमार सिन्हा ने बताया कि शाम 7:00 बजे बंधन पैलेस, गोनावां, नवादा में सत्र 2026-27 के लिए स्थापना समारोह का आयोजन किया जाएगा। जबकि, इससे पूर्व तीसरे पहर 03:00 बजे प्रेस वार्ता बुद्धा रीजेंसी में आयोजित की जाएगी। आयोजन में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग उपस्थित रहेंगी।

### बालाबिगहा गांव में पानी की किल्लत दूर, भोले दानी ग्रुप ने कराई चापाकल की मरम्मत

**अकबरपुर**। प्रखंड के तेयार पंचायत स्थित बाला बिगहा गाव मे पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई थी। गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण दुसरे जगह से पानी लाते थे। समाजसेवी भोलेदानी ने बताया कि बालाबिगहा गांव मे चापाकल काफी दिनो से खराब पडा था। ग्रामीण के द्वारा भोलेदानी ग्रुप से शिकायत की और ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था गर्मी और उमस के बीच पानी की किल्लत से बच्चों की परेशानी और बढ़ गई थी।ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए। गुरुवार को तेयार पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी भोले दानी की ओर से पहल करते हुए गांव में चापाकल गढ़वा कर पानी की व्यवस्था कराई गई। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि गांव के मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से गांव में पानी की समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कराई गई है। गांव में पानी की व्यवस्था होने से गांव मे राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने भोले दानी ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा इस प्रकार की पहल किए जाने से जरूरतमंदों को सीधा लाभ मिलता है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि आगे भी भोले दानी ग्रुप द्वारा शिक्षा एवं जनहित से जुड़े कार्यों में सहयोग जारी रखा जाएगा।

### रजौली के धनार्जय नदी पर पुल नहीं

तेज बहाव में जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर ग्रामीण



**रजौली**। रजौली बाजार से सटे धनार्जय नदी पर पक्का पुल नहीं होने से हजारों ग्रामीणों की जान हर दिन जोखिम में है। डीह रजौली, धमनी, छतनी, पचम्बा, दत्तीटिलहा समेत दर्जनों गांवों के महिला-पुरुष और स्कूली छात्र-छात्राएं रोजाना तेज बहाव के बीच नदी पार कर बाजार, स्कूल और कोचिंग जाने को मजबूर हैं। पहाड़ी क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी हो जाती है। देखते ही देखते पानी का बहाव तेज हो जाता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद ग्रामीण सिमरकोल मोड़ होकर 5 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करने से बचने के लिए इसी खतरनाक रास्ते से आवागमन कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और महिलाओं को झेलनी पड़ रही है। शाम में बाजार से लौटते समय कई महिलाओं को ई-रिक्शा का सहारा लेना पड़ता है, तो कई बार उन्हें भी घुटने भर पानी में उतरना पड़ता है। बरसात में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। नदी में पानी बढ़ने पर आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है और दर्जनों गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है। छात्रों को स्कूल से छुट्टी लेनी पड़ती है और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी परेशानी होती है। हालांकि राहत की बात यह है कि नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर के समीप पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन धीमी गति के कारण लोगों को अब भी जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही है। इस संबंध में पुल निर्माण कार्य में जुटे सुपरवाइजर भोली कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूरा होने की संभावना है। वहीं बीडीओ संजीव झा ने ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं से अपील की है कि पुल निर्माण पूरा होने तक वैकल्पिक रास्ते का उपयोग करें और तेज बहाव में नदी पार करने से बचें।

# भाजपा की 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प अभियान' के निमित्त प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा रजौली मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने तथा मंच संचालन भाजपा जिला प्रवक्ता रंजन कुमार बब्लू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जिला संयोजक अभिजीत सिन्हा, जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, जिला प्रवक्ता रंजन कुमार बब्लू, मनोज बरहपूरिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अभियान की रूपरेखा एवं विभिन्न सेवा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, जिला प्रवक्ता रंजन कुमार बब्लू, मंडल प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह,नवीन कंधवे, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, मनोज बरहपूरिया, मुन्ना सिंह, मनीष कुमार, दीपक कुमार दीपू, कारू राम, संजय कुमार बंटी, रंजेश कुमार, विकास सोलंकी, नीरज कुमार मंटू, सुखदेव मांझी, विक्रम कुमार, रेखा देवी, धनंजय कुमार धन्नू, दिलीप कुमार साव, अमन कुमार, रामभजन प्रसाद सैकड़ों भाजपा परिवारजन उपस्थित थे।

# नवादा में जदयू महिला प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। महावीर मार्केट स्थित जिला जदयू कार्यालय में जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और भव्य समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सह विधान परिषद सदस्य शिवरानी प्रजापति एवं दक्षिण बिहार महिला जदयू की प्रभारी सुप्रिया रानी विशेष रूप से शामिल हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष शिवरानी प्रजापति ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शासनकाल बिहार की महिलाओं के लिए 'स्वर्णकाल' रहा है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के ऐतिहासिक फैसलों को रेखांकित करते हुए कहा कि पूर्ण शराबबंदी, पंचायती राज चुनाव में महिलाओं को 50% आरक्षण, सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण, तथा मैट्रिक, इंटर व स्नातक उत्तीर्ण होने पर छात्राओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन छात्रवृत्ति ने महिलाओं के जीवन को बदला है। उन्होंने यह भी कहा कि बीपीएससी पीटी पास करने वाली छात्राओं को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सरकार ने उनकी उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है। श्रीमती प्रजापति ने आह्वान किया कि अब 'निशांत युग' की शुरुआत हो चुकी है और हम सभी महिलाओं को उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलना है। बैठक में जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी ने भी संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस भव्य आयोजन में अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य अफरोजा खातून, प्रदेश सचिव सतीश कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन कुशवाहा, प्रदेश सचिव कुसुम मंजू बाला, प्रोफेसर बिन्नी प्रसाद, कार्यालय प्रभारी किशोरी सिंह कार्यालय सचिव मनोरंजन उर्फ लड्डू, मीडिया प्रभारी तने पठान, अधिवक्ता आदित्य मेहता, अजय कुमार राय और डॉ. रेयाज खान अनवर भट्ट मुकेश राजवंशी लक्ष्मण दागी निजाम खान करण कुमार अवधेश कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राजघराना ने मनाया अपना 14 वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शहर के राम नगर स्थित राजघराना मेगा मार्ट ने अपने सफल कारोबार के 14 वर्ष पूरे कर लिये। इस अवसर पर मेगा मार्ट परिसर में 14वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में संचालक सौरभ अग्रवाल और विनीत अग्रवाल सहित कर्मचारियों, शुभचिंतकों और गण्यमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। स्थापना दिवस को लेकर मेगा मार्ट परिसर में उत्सवी माहौल रहा। संचालक सौरभ अग्रवाल और विनीत अग्रवाल ने कहा कि 14 वर्षों का यह सफर केवल एक व्यापारिक यात्रा नहीं, बल्कि ग्राहकों के विश्वास, स्नेह और निरंतर सहयोग की कहानी है। उन्होंने कहा कि राजघराना मेगा मार्ट को आज जिस मुकाम पर पहुंचने का अवसर मिला है, उसमें ग्राहकों की सबसे बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा रहा है कि ग्राहकों को एक ही छत के नीचे बेहतर गुणवत्ता के सामान उचित कीमत पर उपलब्ध हों और उन्हें खरीदारी के दौरान बेहतर अनुभव मिले। संचालकों ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और आने वाले वर्षों में इसी विश्वास को और मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। बदलते समय के साथ ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए मेगा मार्ट में सुविधाओं और सेवाओं को लगातार बेहतर किया जायेगा। मौके पर राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार, भोला कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने संचालकों को 14वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# नीतीश मॉडल का हो रहा अनुसरण, विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा बिहार: श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह सूचना एवम जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। उनके सुशासन और विकास मॉडल का आज देशभर में अनुसरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि कानून का राज, मजबूत शासन और सुरक्षित बिहार सुशासन की पहचान है।मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को ग्राम पंचायत राज डुमरावां के शेखोपुर में मुन्ना महतो के घर से किसान भवन तक सात लाख रुपये की लागत से स्वीकृत नाली निर्माण तथा किसान भवन से राजाराम के घर तक नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं ग्राम पंचायत राज पचौरी के मौला नगर में 10 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन और ग्राम दुल्लाचक में तीन लाख 78 हजार रुपये की लागत से निर्मित यात्री शेड का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं विधान पार्षद रीना यादव केदार भी मौजूद रहीं। श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में भयमुक्त वातावरण कायम हुआ है। महिलाएं आज बेखौफ होकर कहीं भी आ-जा सकती हैं। स्वयं सहायता समूहों और जीविका के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और परिवार के साथ राज्य के विकास में भी योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का भी लगातार विस्तार हो रहा है। मेडिकल सीटों में वृद्धि से युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों के सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक ओपीडी में रहने की व्यवस्था से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, देवजीत चौहान, संजय प्रसाद कुशवाहा, सकलदीप प्रसाद, मुन्ना पासवान, गुलशन कुशवाहा, मनोज यादव, सुबोध पंडित, मिंटू कुशवाहा, इंदू चौहान, दिनेश साव, धर्मेंद्र यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नालंदा महिला कॉलेज में 126 छात्राओं को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, नालंदा की टीम ने नालंदा महिला कॉलेज, बिहारशरीफ में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुल 126 विद्यार्थी उपस्थित रहे।टीम ने बताया कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत इंटर या स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे की पढ़ाई नहीं करने वाले 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को दो वर्षों तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता दी जाती है।वहीं, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बिहार में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। स्नातक के लिए आयु सीमा 15 से 25 वर्ष तथा स्नातकोत्तर के लिए 15 से 30 वर्ष निर्धारित है। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 10वीं उत्तीर्ण 15 से 28 वर्ष के युवाओं को 240 घंटे का भाषा संवाद, बुनियादी कंप्यूटर एवं व्यवहार कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है। पात्रता में विभिन्न वर्गों के लिए नियमानुसार आयु सीमा में छूट का भी प्रावधान है। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, नालंदा में निरूशुल्क आवेदन कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन भी करा सकते हैं।

# वेंडिंग जोन की मांग को लेकर चैंबर ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या के समाधान और ठेला-फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नालंदा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। चैंबर प्रतिनिधियों ने कहा कि शहर में निर्धारित वेंडिंग जोन बनाए जाने से छोटे दुकानदारों को सुरक्षित एवं स्थायी स्थान मिलेगा। साथ ही मुख्य सड़कों और बाजार क्षेत्रों में लगने वाले जाम की समस्या को भी कम किया जा सकेगा। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम क्षेत्र में वेंडिंग जोन के लिए संभावित स्थलों की सूची भी नगर आयुक्त को सौंपी और प्रस्तावित स्थानों का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। चैंबर ने कहा कि सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन बनने से व्यापार, यातायात व्यवस्था और फुटपाथ दुकानदारों की आजीविका के बीच बेहतर संतुलन कायम होगा। प्रतिनिधिमंडल में अनिल कुमार अकेला, डॉ. विपिन कुमार सिन्हा, सुरेश प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, राजकुमार, विवेक गुप्ता, अजय गुप्ता समेत अन्य शामिल थे।

# इसलामपुर थाना का एसपी ने किया निरीक्षण, नशे के कारोबार पर सख्ती का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इस्लामपुर**। नालंदा के पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने गुरुवार को इस्लामपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, पुलिस बैरक, हाजत सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सभी अभिलेखों का विधिवत एवं अद्यतन संधारण करने तथा थाना की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग और तत्पर रहने की हिदायत देते हुए कहा कि थाना में फरियाद लेकर आने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। शिकायत मिलने पर लापरवाही करने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को जल्द दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि नशे के कारण युवा अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। नालंदा पुलिस जल्द ही नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएगी। नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। इस अवसर पर डीएसपी रामदुलार प्रसाद, पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार और थानाध्यक्ष रणविजय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# मघड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जांच शिविर, 86 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सदर प्रखंड के मघड़ा पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गुरुवार को टीबी, गैर-संचारी रोग एवं एनीमिया की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी निरंजन कुमार ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में कुल 86 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान आवश्यकतानुसार लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई तथा आगे की जांच और उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन किया गया। जरूरतमंद लोगों को दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और बीमारियों के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने के प्रति जागरूक किया।सीएचओ निरंजन कुमार ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीबी, गैर-संचारी रोगों और एनीमिया की समय पर पहचान करना है, ताकि रोगियों को प्रारंभिक अवस्था में ही उपचार से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों की शीघ्र पहचान और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और सीओपीडी जैसी गैर-संचारी बीमारियां शुरुआती दौर में कई बार बिना स्पष्ट लक्षण के बढ़ती रहती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बीमारी के गंभीर होने का इंतजार किए बिना शुरुआती स्तर पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'जांच एवं उपचार चिकित्सा आपके द्वार' अभियान जिले में 1 सितंबर से 30 नवंबर 2026 तक चलाया जा रहा है।

### डाक बम यात्रा पर निकला युवक एक माह से लापता

**हरनौत**। हरनौत बाजार के नियामतपुर मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय लड्डू कुमार करीब एक माह से लापता हैं। वह ठेले पर सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। लड्डू 8 अगस्त की शाम करीब चार बजे 11 सहयोगियों के साथ डाक बम यात्रा के लिए देवघर निकले थे। बख्तियारपुर तक उन्होंने परिजनों से फोन पर संपर्क किया और शाम करीब 5:30 बजे मेला स्पेशल ट्रेन में बैठने की जानकारी दी। इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और परिवार से संपर्क टूट गया। परिजनों के अनुसार सुल्तानगंज में जल भरने के दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लड्डू सहयोगियों के साथ भीड़ में दिखाई दे रहे हैं। डाक कांवर प्रमाण पत्र के अनुसार 10 अगस्त तक उनके देवघर पहुंचने की संभावना थी। परिजनों ने सुल्तानगंज, जसीडीह, बासुकीनाथ, देवघर सहित कई स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला। लड्डू की पत्नी सहजीरा देवी ने नियामतपुर निवासी राजीव, रामा, नीतीश, बुधन, राजा, रामबाबू समेत अन्य सहयोगियों पर पति के लापता होने में संलिप्तता का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। उनका आरोप है कि सहयोगियों से पूछताछ करने पर उन्हें डांटकर भगा दिया जाता है। परिजन ने एसडीपीओ सदर-2 कार्यालय, तेलमर पहुंचकर आवेदन दिया। लड्डू के चार छोटे बच्चे हैं। पति के लापता होने से परिवार आर्थिक और मानसिक संकट में है। परिजनों ने प्रशासन से जल्द बरामदगी की गुहार लगाई है।

### सड़क और नालों पर कब्जा करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बिहारशरीफ**। हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन के निर्देशन में चलने वाले अतिक्रमण मुक्त हरनौत अभियान के तहत सड़क, नाला और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।नगर पंचायत की ओर से जारी निर्देश के अनुसार मकान व भवन का पहुंची-अष्टि निकालकर सड़क की ओर बढ़ाना, दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान फैलाना, ठेला लगाने तथा सड़क और नाला के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इसके लिए नगर पंचायत स्तर पर टीम गठित की जाएगी, जिसमें पदाधिकारी और कर्मी आवश्यक उपकरणों के साथ मौजूद रहेंगे। अतिक्रमण करने वालों से दंड राशि की वसूली के साथ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।नगर पंचायत प्रशासन ने सभी अतिक्रमणकारियों से अभियान शुरू होने से पहले स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की है। वहीं सब्जी विक्रेताओं समेत अन्य दुकानदारों को दुकान पर डस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक और पॉलीथीन के इस्तेमाल के खिलाफ भी छापेमारी जारी रखने की बात कही गई है। रांची रोड, फुटबॉल स्टेडियम के किनारे, डाक-बंगला रोड, गोनावां रोड, बीच बाजार और चंडी मोड़ रोड समेत कई स्थानों पर अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई कम होने से जाम की समस्या उत्पन्न होती है। नगर पंचायत ने दुकानदारों से सार्वजनिक मार्गों पर सामान नहीं फैलाने की अपील की है।

### मीना बाजार के पास मुख्य सड़क पर गिरा विशाल पेड़, दो घंटे बाधित रहा आवागमन

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के मीना बाजार के पास बुधवार की रात मुख्य सड़क मार्ग पर अचानक विशाल पेड़ गिर जाने से करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। पेड़ के सड़क पर गिरने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना बुधवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। मीना बाजार के पास सुनसान स्थान होने के कारण पेड़ गिरने के बाद पैदल आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी हुई। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को सड़क से हटाने का काम शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद विशाल पेड़ को हटाया गया, जिसके बाद रात में ही सड़क पर आवागमन बहाल कराया गया।

# गया को सीएसआर से स्वास्थ्य, पेयजल और शव परिवहन की बड़ी सौगात: डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को जिला समाहरणालय में बरौनी रिफाइनरी के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड से गया जिले को उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य, पेयजल और शव परिवहन सुविधाओं का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी, नगर आयुक्त तथा बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश मौजूद रहे। सीएसआर के तहत उपलब्ध कराई गई इन सुविधाओं की कुल लागत करीब 163.85 लाख रुपये है। इनमें तीन ट्रूनेट मशीन, एक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस, एक मॉर्चरी वैन तथा प्रति घंटे 1000 लीटर क्षमता वाले 25 आरओ वाटर एटीएम शामिल हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ट्रूनेट




मशीनों से स्वास्थ्य जांच की सुविधा मजबूत होगी और मरीजों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। एएलएस एम्बुलेंस गंभीर मरीजों के सुरक्षित और त्वरित परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं मॉर्चरी वैन के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को शव के सम्मानजनक और सुरक्षित परिवहन की सुविधा मिलेगी। 25 वाटर एटीएम से आम लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के कार्यों में सरकार, प्रशासन और सार्वजनिक उपक्रमों का समन्वय महत्वपूर्ण है। सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सुविधाएं गया के नागरिकों के लिए उपयोगी साबित होंगी और स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाओं को और मजबूती देंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश तथा पूरी टीम के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत इस तरह की पहल समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से सभी सुविधाओं का प्रभावी और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## एक माह के भीतर भूमिहीन गरीब परिवारों को मिलेगा पर्चा : अध्यक्ष

### 21 भूमिहीन परिवारों को 3-3 डिसमिल भूमि का पर्चा वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में भूमिहीन गरीब परिवारों के बीच भूमि का पर्चा वितरित किया। डॉ. प्रेम कुमार की पहल पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अभियान बसेरा-2 के तहत भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर नैली पंचायत के काजीचक एवं मदन बिगहा पंचायत के चमराडीह में 21 भूमिहीन गरीब परिवारों को 3-3 डिसमिल भूमि का पर्चा प्रदान किया गया। पर्चा मिलने के




बाद लाभुक परिवारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अपने लिए सम्मानजनक जीवन और स्थायी आशियाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब और भूमिहीन परिवारों को उनका अधिकार दिलाना है। अभियान बसेरा-2 के माध्यम से भूमिहीन परिवारों को चिन्हित कर उन्हें आवास योग्य भूमि उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गयाजी में अभी जो भूमिहीन परिवार पर्चा पाने से वंचित हैं, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जाए।

## उर्दू में अनुवाद की सुदृढ़ और समृद्ध परंपरा : प्रो. दिलीप कुमार केसरी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** राष्ट्रीय उर्दू भाषा परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से मगध विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की ओर से 'उर्दू में अनुवाद : रचनात्मकता, परंपरा और उपयोगिता' विषय पर डॉ. राधाकृष्णन हॉल में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि उर्दू सुंदर, मधुर और आकर्षक भाषा है। हिंदी की अनेक धार्मिक एवं महत्वपूर्ण पुस्तकों का उर्दू में अनुवाद हुआ है, जिससे दोनों भाषाओं और संस्कृतियों की निकटता बढ़ी है। उन्होंने उर्दू को बोलचाल के साथ शैक्षणिक और साहित्यिक स्तर पर बढ़ावा देने पर जोर दिया। राष्ट्रीय उर्दू भाषा परिषद के निदेशक डॉ. मोहम्मद शम्स इकबाल ने कहा कि गौतम बुद्ध की धरती पर अनुवाद जैसे विषय पर चर्चा का विशेष महत्व है। उर्दू में अनुवाद की परंपरा पुरानी और सुदृढ़ है। फोर्ट विलियम कॉलेज, दिल्ली कॉलेज, उस्मानिया विश्वविद्यालय और साइंटिफिक सोसाइटी ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। अनुवाद विभिन्न संस्कृतियों और विचार-परंपराओं को जोड़ने वाला सेतु है। मुख्य वक्ता प्रो. इम्तियाज अहमद, पूर्व निदेशक, खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना ने अनुवाद के सिद्धांत, अनुवादक की विशेषताओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मगध विश्वविद्यालय में जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग एवं काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय में आत्महत्या की रोकथाम तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों के लिए 'मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम : संवाद, सहयोग और समय पर सहायता' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी, डॉ. प्रगति




चतुर्वेदी, डॉ. हिमालय तिवारी, डॉ. रविंद्र सिंह एवं प्रभात रंजन ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा आत्महत्या की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया। वक्ताओं ने मानसिक तनाव एवं भावनात्मक कठिनाइयों के समय अपनी बात साझा करने, समय पर सहायता लेने तथा जरूरत पड़ने पर काउंसलिंग सेवाओं का उपयोग करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। साथ ही किसी परेशान व्यक्ति की बात को संवेदनशीलता से सुनने और उसे उचित सहायता तक पहुंचाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुप्रीति सुमन ने विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का संदेश दिया तथा ऐसा सहयोगपूर्ण वातावरण विकसित करने पर बल दिया जहां विद्यार्थी अपनी समस्याओं के बारे में बिना संकोच बात कर सकें।

## बीइओ अभय कुमार रमण से अतिरिक्त प्रभार वापस, रंजीत कुमार को मिला प्रभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, गयाजी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, कोंच के अतिरिक्त प्रभार से अभय कुमार रमण को तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया है। इस संबंध में डीइओ ने बुधवार देर रात को आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि अभय कुमार रमण, बीइओ टिकारी सह अतिरिक्त प्रभार बीइओ कोंच के विरुद्ध प्राप्त परिवाद के आलोक में गठित जिला निगरानी धावा दल द्वारा जांच की कार्रवाई की जा रही है। जांच प्रक्रिया अधीन रहने तक सुचारू एवं निष्पक्ष प्रशासनिक व्यवस्था के लिए उन्हें अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। उनकी जगह गुरारू के बीइओ रणजीत कुमार को अपने वर्तमान कार्यों के अतिरिक्त कोंच का संपूर्ण प्रभार (वित्तीय अधिकारों सहित) अगले आदेश तक सौंपा गया है। आदेश निर्गत होने की तिथि से ही यह प्रभावी माना जाएगा। बता दें कि बीइओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार ने सात दिनों तक आमरण अनशन किया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की थी।

## पिता की हत्या, जंगल में जलाया शव, 24 घंटे में बेटे समेत पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** जिस पिता ने बेटे को पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी बेटे पर पिता की हत्या में शामिल होने का गंभीर आरोप लगा है। इमामगंज थाना क्षेत्र के कुइवार गांव में रामदास रजक की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। परिजनों का आरोप है कि हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए पास के जंगल में ले जाकर जला दिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार को मृतक रामदास रजक की पत्नी ने इमामगंज थाने में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने अपने छोटे बेटे राजकुमार रजक सहित अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। पत्नी का आरोप है



कि जादू-टोना और डायन से जुड़े आरोप को लेकर उनके पति की लोहे की रॉड से गला दबाकर हत्या कर दी गई। इसके बाद राजकुमार ने अपने सहयोगियों के साथ शव को बगल के जंगल में ले जाकर जला दिया। शिकायत के आधार पर इमामगंज थाना कांड संख्या 346/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, गया ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इमामगंज एसडीपीओ अब्दुल रहमान दानिश के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। इसमें इमामगंज थानाध्यक्ष, अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के साथ तकनीकी शाखा को भी शामिल किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान, सूचना संकलन और लगातार छापेमारी के आधार पर प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर हत्या मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## गैस गोदाम व कार्यालय में एसडीओ ने की जांच, शिकायत के बाद कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के गोला बाजार स्थित गैस गोदाम एवं कार्यालय में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) आईएएस जतिन कुमार ने औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई गैस वितरण में लापरवाही और उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायत के बाद की गई। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने गैस एजेंसी के कामकाज, उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा शिकायतों से संबंधित बिंदुओं की जानकारी ली। एसडीओ जतिन कुमार ने बताया कि गैस वितरण को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए गैस गोदाम एवं कार्यालय की जांच की गई है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं से निर्धारित राशि से अधिक वसूली, गैस वितरण में लापरवाही या किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए और गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था निर्धारित नियमों के अनुसार होनी चाहिए। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि इस मामले में लगातार जांच-पड़ताल की जाएगी।

## स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रतियोगिता आयोजित

### राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ें : डॉ. उमाशंकर सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को युवा चेतना के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो चरणों में हुआ। पहले चरण में बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और दूसरे चरण में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी का प्रारूप विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा गया की ओर से तैयार किया गया था। इसमें महाविद्यालय के शताधिक छात्र-छात्राओं ने



उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. उमाशंकर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, राष्ट्रवादी विचारों, शिक्षा-दर्शन, युवा शक्ति, मानव सेवा और भारतीय संस्कृति जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

## आज मनाई जाएगी संत विनोबा भावे की 131 वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** सिलौंजा के लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन के सभागार में आज शुक्रवार को लोक समिति और मजदूर किसान समिति के संयुक्त तत्वावधान में भूदान आंदोलन के प्रणेता और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रथम सत्याग्रही संत विनोबा भावे की 131 वीं जयंती मनाई जाएगी। इस सम्मेलन में लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष यमुनालाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित गिरिजा सतीश, लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद और जेपी सेनानी प्रो. मुंद्रिका प्रसाद नायक मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे।

## परसावां हाईस्कूल के लिए प्रस्तावित तीन स्थलों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

### तीन गांवों में देखी गई जमीन, एसडीओ और डीइओ ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** परसावां पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन के लिए प्रस्तावित जमीन का गुरुवार को अधिकारियों ने निरीक्षण किया। एसडीओ प्रवीण कुंदन और जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने चतुरी बिगहा, परसावां और मुंडेरा में प्रस्तावित तीन स्थलों का जायजा लिया। इस दौरान जमीन की स्थिति और उपयुक्तता देखी गई। एसडीओ ने बताया कि तीनों स्थलों का निरीक्षण किया गया है। अंचलाधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व में इस विद्यालय के लिए मुंडेरा में जमीन का प्रतिवेदन भेजा गया था जिसे मुख्य अभियंता, पटना ने विद्यालय के अनुरूप नहीं होने के कारण लौटा दिया था। इसके बाद जिला पदाधिकारी ने जांच टीम गठित की थी।

## महुडी में संत रविदास की जयंती पर समरसता संकल्प अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** श्री गुरु संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत अनुसूचित जाति टोला में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य संत रविदास के समानता, सामाजिक समरसता और बंधुत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

इसी क्रम में डुमरिया प्रखंड के महुडी पंचायत अंतर्गत कन्या मध्य विद्यालय, महुडी में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार




के नेतृत्व में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, अंचल अधिकारी संजय कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार वर्मा द्वारा सामूहिक रूप से कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना के साथ की गई। शिविर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए आधार कार्ड में सुधार, राशन कार्ड में सुधार, आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा मनरेगा जॉब कार्ड से संबंधित आवेदन लिए गए। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर मनरेगा पीओ निर्भय सिंह, रोजगार सेवक कौशल कुमार, पंचायत सचिव चंदन कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता बीरबल राय, पिंटू कुमार एवं वार्ड सदस्य सत्येंद्र पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी पंचायत के मौला बिगहा गांव में सर्पदंश से एक किशोरी की मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव ने बताया कि पुष्पा कुमारी (14), पिता सनोज यादव बुधवार दोपहर करीब 3 बजे बधार में मवेशी के लिए घास काटने गई थी। इसी दौरान सांप ने डस लिया। परिजन उसे सीएचसी कोंच ले गए जहां से डॉक्टर ने मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया। रात भर इलाज चला, लेकिन गुरुवार सुबह करीब 5 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## श्मशान घाट की सड़क बनी मौत का रास्ता, घुटने भर गड्ढों में हिचकोले खा रहे ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी(ग्रामीण)।** बांके बाजार प्रखंड के रौशनगंज पंचायत के कुलफत गांव से श्मशान घाट तक जाने वाली सड़क इन दिनों बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रही है जिसे देखकर जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है। सड़क पर जगह-जगह घुटने भर गहरे गड्ढे हो गए हैं। हालत यह है कि ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण अनुज पासवान, देवन पासवान, विशेश्वर यादव, उदय यादव, टुनु यादव और अनिल पासवान ने बताया कि लंबे समय से सड़क की हालत खराब है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत या निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और भी खतरनाक हो जाती है।

## हादसे में घायल प्रधानाध्यापिका ने पटना में तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लाव की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी की गुरुवार को इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। एक सितंबर को स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौटते समय भवनपुर पुल के समीप हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। हादसे के बाद से ही उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी और कई दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।


**Superintendent Medinirai Medical College & Hospital, Palamu**

**NIT No. 06/2026-27** **Date:-09/09/2026**

**For**

**REQUEST FOR QUALIFICATION FOR SELECTION OF AGENCY(IES) FOR PROVIDING LAUNDRY SERVICE(S) IN MEDINIRAI MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, DALTONGANJ PALAMU UNDER DEPARTMENT OF HEALTH, MEDICAL EDUCATION AND FAMILY WELFARE IN THE STATE OF JHARKHAND**

1. **Schedule of Application Process**
The Authority shall endeavor to adhere to the following schedule:

| Event Description | Date (dd/mm/yyyy) |
|---|---|
| Issue of Application Documents on Tender Website | 11-09-2026 |
| Start of Query Submission | 11-09-2026 |
| Last date for receiving queries | 15-09-2026 |
| Pre-Application conference | 18-09-2026 |
| Response to queries and Corrigendum(if any) | 19-09-2019 |
| Closing of Application Window | 01-10-2026 |
| Submission of Original hard Copy | 05-10-2026 |
| Opening of Applications | 06-10-2026 |
| EMD | INR 10,00,000 [Rs.Ten lakh only] in favour of Superintendent Hospital Management Society Palamu,Payable at-Palamu (Exemptions For Jharkhand MSME Agency Only) |
| Evaluation Date | To be intimated by Authority |
| Announcement of Selected Applicant(s) | To be intimated by Authority |
| Issue of Letter of Award | To be intimated by Authority |

Sd/-
**Superintendent Medinirai Medical College & Hospital, Palamu**

PR 389465 District(26-27)#D



**Govt of Jharkhand**
**Department of Mines and Geology, District- Palamau**

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)**

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 (As Amended) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के कुल 18 बालूघाटों की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

| NIT.No-MINES/ PALAMAU/ SAND/ | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालूघाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5000/–रू0+ GST in RCMMode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री–बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01/2026 | BARWAIYA | 10.09.2026 समय–2:00 बजे अपराह्न से। | जिला खनन कार्यालय, पलामू तिथि–07.09.2026 समय–3:00 बजे अपराह्न में। | 11.09.2026, 10:00 AM एवं 25.09.2026, 2:00 PM | 28.09.2026, 10:00 AM | 30.09.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न तक। |
| 02/2026 | KABRA KALAN | | | | | |
| 03/2026 | GURTURI, KUMHRADIH | | | | | |
| 04/2026 | JAITUKHAND | | | | | |
| 05/2026 | LALGARA | | | | | |
| 06/2026 | MISIR PATRA | | | | | |
| 07/2026 | BIRITIYA, DANDAR KUMHRADIH | | | | | |
| 08/2026 | PARTA | | | | | |
| 09/2026 | DANGWAR | | | | | |
| 10/2026 | KOLHUA SONBARSA | | | | | |
| 11/2026 | GORHO | | | | | |
| 12/2026 | BARWADIH,UKSU | | | | | |
| 13/2026 | MALLHATOLI, JINJIRA, TOLRA | | | | | |
| 14/2026 | MERAL | | | | | |
| 15/2026 | DELHA, BARKOMA, VISHUNPUR | | | | | |
| 16/2026 | GANGI, LIDKI, KAKTUA | | | | | |
| 17/2026 | RAMPUR, BOKEYA KHURD, BOKEYA KALAN | | | | | |
| 18/2026 | SINGRAHA KALAN, SINGRA KHURD | | | | | |

1. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि **26.09.2026 (2:00 PM)** को निर्धारित है।
2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
3. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/IIUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www. Jharkhandtenders. gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
4. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।
6. बालूघाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
7. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
8. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, पलामू
ह0/– जिला कोषागार पदाधिकारी, पलामू
ह0/– जिला खनन पदाधिकारी, पलामू
ह0/– अपर समाहर्ता, राजस्व, पलामू
ह0/– उप निदेशक, खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर
ह0/– उपायुक्त, पलामू

**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग, जिला पलामू**

जिला– पलामू के *Category-2* के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी हेतु निविदा दस्तावेज
**https://www.jharkhandtenders.gov.in**

ई–नीलामी हेतु निविदा दस्तावेज में निम्नांकित विवरण है :–

| क्र0 | दस्तावेज की विवरणी | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | निविदा के बावत् प्रक्रिया, शर्त्त एवं बंधेज (अनुलग्नक–1) | 01–09 |
| 2 | ई–नीलामी हेतु बालूघाट की विवरणी (अनुलग्नक –2) | 10 |
| 3 | तकनीकि निविदा का प्रपत्र (अनुलग्नक –3) | 11–12 |
| 4 | आवंटन हेतु चिन्हित कुल बालूघाट की विवरणी (अनुलग्नक–4) | 13 |
| 5 | घोषणा पत्र का प्रारूप (अनुलग्नक–5) | 14 |

PR 389405 District(26-27).D

संपादकीय

# पीजी या मौत के दड़बे?

देश की राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में एक पीजी होस्टल की जर्जर इमारत के अचानक ढह जाने और उसमें पांच छात्रों सहित सात लोगों की मौत की घटना ने न सिर्फ अभिभावकों को हिला दिया है, बल्कि इसने दिल्ली में सुरक्षा इंतजामों, बिल्डिंग परमिशन व जांच में भारी भ्रष्टाचार तथा पीजी के नाम पर चल रहे दड़बों की हकीकत को भी बेनकाब कर दिया है। असमय मौत का शिकार होने वाले दो बच्चे मप्र के भी हैं। जिन मां बाप ने अपने बच्चों को इस भीषण हादसे में खो दिया है, उनके दुख की कोई भरपाई नहीं कर सकता। इन बच्चों का दोष केवल इतना था कि वो दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के कॉलेजों के विद्यार्थी थे और कॉलेज के पास होने की वजह से अमानवीय परिस्थिति के बावजूद इन पीजी (पेइंग गेस्ट) में रह रहे थे। इन पीजी की वास्तविकता की जो तस्वीर अब उजागर हो रही है, वह हिला देने वाली है। छोटा सा कमरा, जिसमें रोशनी, पानी जैसी सुविधाएं तक नहीं, में किसी तरह बच्चे रह रहे हैं और इनके बदले भी मोटी फीस वसूली जा रही है। लोग देने को मजबूर हैं, क्योंकि दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों में पर्याप्त होस्टल सुविधा ही नहीं है। जिसका नाजायज लाभ ये पीजी मालिक भरपूर उठा रहे हैं। सरकारी तंत्र और नेता इतने भ्रष्ट हैं कि सबने इसको लेकर आंखें मूंदी हुई हैं। मीडिया में भी इन बातों का पहले कभी जिक्र ज्यादा इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि इन पीजी में रहने वाले बच्चे दिल्ली से बाहर के होते हैं, उनका लोकल कांटेक्ट नहीं होता। दूसरे पीजी मालिक इन्हें भावनात्मक रूप से भी दबाते रहते हैं, जिसकी वजह से वो मुंह नहीं खोल पाते। सत्य निकेतन इलाके में जो इमारत गिरी, उसके पीछे वजह भी अवैध तरीके से बेसमेंट में निर्माण कार्य कराना था, जिसकी वजह से आधार के पिलर ही धंस गए। इस पूरे मामले में कई सवाल उठ रहे है। जैसे कि क्या मरम्मत शुरू करने से पहले इमारत की सुरक्षा जांच हुई थी? दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि बेसमेंट 1 हमें खुदाई का काम चल रहा था और इसी दौरान एक पिलर खिसक गया, जिसके बाद पूरी इमारत गिर गई। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि बेसमेंट में पानी जमा होता था और वहां काम चल रहा था। मरम्मत शुरू करने से पहले क्या किसी क़ाबिल इंजीनियर से उसकी स्ट्रक्चरल जांच कराई गई थी? दूसरा, क्या इमारत का निर्माण मंजूर नक्शे के मुताबिक हुआ था? इस मामले में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सवालों के घेरे में है। तीसरे, क्या इस इमारत को पीजी के तौर पर चलाने की अनुमति थी? चौथा क्या इमारत में आपात स्थिति से बचने के पर्याप्त इंतज़ाम थे? पांचवां अगर इलाके में पहले से ऐसी समस्याएं थीं, तो एमसीडी को पता क्यों नहीं चला? यदि वहां निर्माण नियमों का उल्लंघन हो रहा तो उसे समय रहते क्यों नहीं रोका गया? अब हादसे के बाद कहा जा रहा है कि दिल्ली की सभी इमारतों का सुरक्षा ऑडिट होगा। लेकिन यह ऑडिट भी कैसा होगा, यह समझा जा सकता है। क्योंकि एमसीडी ने इस साल की शुरूआत में किए एक सर्वे में 27 लाख 84 हजार 286 इमारतों का सर्वे किया गया, जिनमें से केवल 19 खतरनाक पाई गई थीं। इस मामले में तात्कालिक खानापूर्ति ज्यादा होती दिखाई दे रही है। हालांकि अदालत भी इस घटना को लेकर सख्त है। इस बीच पुलिस ने बिल्डिंग मालिक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे जांच जारी है। लेकिन समूची व्यवस्था कब और कैसे सुधरेगी, यह सबसे बड़ा सवाल है।

# 'जलवायु मुआवजा' कूटनीति से प्रभावित भारत-नेपाल संबंध

**नेपाल ने जलवायु न्याय का मुद्दा छोड़ा नहीं है; उसने उसके राजनीतिक स्वरूप को बदल दिया है। प्रत्यक्ष रूप से भारत, चीन और अमेरिका से मुआवजा मांगना एक आक्रामक कूटनीतिक कदम होता। लेकिन लॉस एंड डेमेज फंड और संयुक्त राष्ट्र जलवायु व्यवस्था के माध्यम से वित्त की मांग करना बहुपक्षीय और संस्थागत रास्ता है। यह बदलाव नेपाल को छोटे और जलवायु संवेदनशील देशों की सामूहिक आवाज से जोड़ता है। बांग्लादेश, छोटे द्वीपीय राष्ट्र और अनेक अफ्रीकी तथा एशियाई देश लंबे समय से इसी तर्क को आगे बढ़ा रहे हैं कि जलवायु संकट की कीमत उन देशों को नहीं चुकानी चाहिए जिन्होंने इसके निर्माण में सबसे कम योगदान दिया है। नेपाल की त्रासदी का सबसे बड़ा सबक यह है कि जलवायु आपदा को केवल राहत और पुनर्निर्माण के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है। नेपाल सरकार ने स्वयं कहा है कि वह आपदा के तत्काल राहत कार्यों के साथ-साथ समुदायों पर तापमान और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को भी सामने लाना चाहती है। हिमालय में ग्लेशियरों की निगरानी, ग्लेशियल झीलों की पहचान, अत्याधुनिक पूर्व चेतावनी प्रणाली, नदी बेसिन स्तर पर साझा सूचना, सुरक्षित सड़क और जलविद्युत परियोजनाएं तथा स्थानीय समुदायों की आपदा तैयारी अब अनिवार्य हो गई है। भारत और नेपाल को मिलकर हिमालयी नदियों के लिए साझा प्रारंभिक चेतावनी तंत्र विकसित करना चाहिए।**



नेपाल में 26 अगस्त 2026 को भोटेकोशी नदी क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन ने हिमालयी क्षेत्र की बढ़ती जलवायु संवेदनशीलता को पूरी दुनिया के सामने ला दिया है। ग्लेशियर और बर्फ-चट्टान के ढहने से शुरू हुई इस त्रासदी ने नेपाल-चीन सीमा से लेकर त्रिशूली नदी तक भारी तबाही मचाई है। 3 सितंबर तक नेपाल में 1,252 से अधिक लोगों की मौत और 4,200 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर थी। करीब 20 हजार घरों के पुनर्निर्माण की जरूरत बताई गई है। आर्थिक नुकसान का सरकारी प्रारंभिक अनुमान लगभग 2.56 अरब डॉलर है, जबकि इससे पहले पुनर्निर्माण और पुनर्वास की संभावित लागत 4 से 5 अरब डॉलर आंकी गई थी। इस त्रासदी के बीच नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल के शुरुआती बयान ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में हलचल पैदा कर दी थी। उन्होंने कहा था कि आपदा के बाद मिलने वाली सहायता को केवल 'दान' या 'खैरात' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि जलवायु संकट से सबसे अधिक प्रभावित देशों के प्रति ऐतिहासिक और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

इस बयान को भारत, चीन और अमेरिका जैसे बड़े उत्सर्जक देशों से जलवायु क्षतिपूर्ति की मांग के रूप में देखा गया। लेकिन अब नेपाल सरकार ने इस रुख को स्पष्ट रूप से संशोधित कर दिया है। 3 सितंबर को विदेश मंत्री खनाल ने कहा कि उन्होंने, विदेश मंत्रालय ने या नेपाल सरकार ने भारत, चीन या अमेरिका से जलवायु संबंधी नुकसान का मुआवजा नहीं मांगा है। चीन के साथ बातचीत में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नेपाल किसी विशिष्ट देश से 'जलवायु न्याय मुआवजा' मांगने का इरादा नहीं रखता, बल्कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा और पेरिस समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सहयोग और क्षतिपूर्ति की अपेक्षा करता है।यह बदलाव केवल बयान बदलने की घटना नहीं है। इसके पीछे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकेत छिपे हैं।

नेपाल का पहला बयान जलवायु न्याय की उस धारणा के करीब था, जिसके अनुसार जिन देशों ने औद्योगिक विकास के दौरान ऐतिहासिक रूप से भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन किया, उन्हें जलवायु संकट से होने वाले नुकसान की कीमत में अधिक योगदान करना चाहिए। दूसरी ओर, नेपाल जैसे देशों का वैश्विक उत्सर्जन में योगदान बहुत कम है, लेकिन हिमालयी भौगोलिक स्थिति के कारण वे ग्लेशियर पिघलने, हिमनद झीलों, अचानक बाढ़, भूस्खलन और बदलते वर्षा पैटर्न के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। यहीं से 'लॉस एंड डेमेज' का सवाल उठता है।

कॉप 28 में नुकसान और क्षति के लिए एक नए फंड की व्यवस्था को औपचारिक रूप दिया गया था। भारत सरकार के अनुसार उस समय विभिन्न देशों ने लगभग 700 मिलियन डॉलर की शुरुआती प्रतिबद्धताएं की थी। इस फंड का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से विशेष रूप से संवेदनशील विकासशील देशों को आर्थिक और गैर-आर्थिक नुकसान से निपटने में मदद करना है। लेकिन नेपाल का नया रुख इस मुद्दे को द्विपक्षीय आरोप-प्रत्यारोप से निकालकर बहुपक्षीय मंच पर ले जाता है। अब संदेश यह है कि नेपाल भारत, चीन या अमेरिका में से किसी एक को कटघरे में खड़ा करने के बजाय पूरी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था से जवाबदेही चाहता है। नेपाल का भारत से विशेष भौगोलिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक संबंध है। हिमालय, नदियां, मानसून और नदी घाटियां सीमाओं से बंधी नहीं हैं। नेपाल में होने वाली हिमनदीय या पर्वतीय आपदा का असर भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य हिमालयी एवं गंगा-मैदानी क्षेत्रों तक पहुंच सकता है। इसलिए यदि नेपाल भारत को सीधे मुआवजा देने वाले देश के रूप में प्रस्तुत करता है तो मामला द्विपक्षीय राजनीतिक विवाद में बदल सकता है। इसके विपरीत, यदि वह भारत को हिमालयी पारिस्थितिकी की रक्षा और जलवायु अनुकूलन के साझेदार के रूप में देखता है, तो दोनों देशों के बीच सहयोग की गुंजाइश बढ़ती है। नेपाल के विदेश मंत्री ने इसी दिशा में संकेत दिया है कि भारत, चीन और नेपाल हिमालय के साझा पारिस्थितिकी तंत्र, संस्कृति और विरासत से जुड़े हैं और तीनों देशों को हिमालय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के लिए बेहतर तैयारी करनी चाहिए। यह भारत के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश है। भारत आज दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सर्जकों में से एक है, लेकिन प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के मामले में विकसित देशों से काफी नीचे है।

साथ ही भारत स्वयं जलवायु संकट के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहा है जैसे हीटवेव, अत्यधिक वर्षा, बाढ़, सूखा, चक्रवात और हिमालयी आपदाएं इसके उदाहरण हैं। इसलिए भारत की स्थिति दोहरी है। वह एक बड़ा वर्तमान उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक रूप से अमेरिका और यूरोप के औद्योगिक देशों के समान जिम्मेदारी वाला देश नहीं है। भारत के करोड़ों किसान, मजदूर, मछुआरे, आदिवासी और शहरी गरीब स्वयं जलवायु संकट के पीड़ित हैं। इसलिए भारत का तर्क यह रहा है कि जलवायु वित्त में ऐतिहासिक जिम्मेदारी, क्षमता और प्रति व्यक्ति उत्सर्जन जैसे सिद्धांतों को महत्व दिया जाना चाहिए। नेपाल के बयान में बदलाव के कई कूटनीतिक कारण हो सकते हैं। पहला, भारत और चीन दोनों उसके तत्काल पड़ोसी हैं और उसकी अर्थव्यवस्था, व्यापार, पर्यटन, ऊर्जा और परिवहन उनसे गहराई से जुड़े हैं। ऐसे में दोनों देशों को सीधे जलवायु क्षतिपूर्ति का जिम्मेदार ठहराना नेपाल की व्यावहारिक कूटनीति को कठिन बना सकता था।

दूसरा, 26 अगस्त की आपदा के बाद भारत और चीन सहित कई देशों ने राहत और बचाव में सहायता की पेशकश की है। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने बाद में भारत और चीन की सहायता के लिए सार्वजनिक रूप से आभार भी व्यक्त किया है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण कारण अंतरराष्ट्रीय कानून है। किसी एक चरम मौसम की घटना से सीधे किसी विशेष देश द्वारा हुए नुकसान की कानूनी जिम्मेदारी तय करना अत्यंत जटिल है। जलवायु परिवर्तन ने ऐसी घटनाओं की संभावना या तीव्रता को बढ़ाया हो यह संभव है, लेकिन किसी एक बाढ़ या ग्लेशियर दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी किसी एक देश पर डालने के लिए वैज्ञानिक स्त्रोतों का निर्धारण और कानूनी आधार दोनों आवश्यक है।इसीलिए नेपाल का नया रुख अधिक कूटनीतिक रूप से सुरक्षित है।

नेपाल ने जलवायु न्याय का मुद्दा छोड़ा नहीं है; उसने उसके राजनीतिक स्वरूप को बदल दिया है। प्रत्यक्ष रूप से भारत, चीन और अमेरिका से मुआवजा मांगना एक आक्रामक कूटनीतिक कदम होता। लेकिन लॉस एंड डेमेज फंड और संयुक्त राष्ट्र जलवायु व्यवस्था के माध्यम से वित्त की मांग करना बहुपक्षीय और संस्थागत रास्ता है। यह बदलाव नेपाल को छोटे और जलवायु संवेदनशील देशों की सामूहिक आवाज से जोड़ता है। बांग्लादेश, छोटे द्वीपीय राष्ट्र और अनेक अफ्रीकी तथा एशियाई देश लंबे समय से इसी तर्क को आगे बढ़ा रहे हैं कि जलवायु संकट की कीमत उन देशों को नहीं चुकानी चाहिए जिन्होंने इसके निर्माण में सबसे कम योगदान दिया है। नेपाल की त्रासदी का सबसे बड़ा सबक यह है कि जलवायु आपदा को केवल राहत और पुनर्निर्माण के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है।

अध्यात्म

## जब कोई हमारी कमी बताता है, तो अच्छी तरह समझें

पुराने समय की लोक कथा है। एक जंगल के किनारे एक शांत आश्रम में एक संत अपने शिष्य के साथ रह रहे थे। संत बहुत ज्ञानी और दयालु थे। वे हमेशा लोगों की समस्याएं सुनते और उन्हें सही मार्ग दिखाते थे। धीरे-धीरे आसपास के गांवों में उनके ज्ञान और अच्छे व्यवहार की चर्चा फैलने लगी। दूर-दूर से लोग अपनी परेशानियां लेकर संत के पास आने लगे। संत धैर्य से उनकी बातें सुनते और उन्हें जीवन को बेहतर बनाने के उपाय बताते। संत की बढ़ती प्रसिद्धि देखकर उनका शिष्य बहुत प्रसन्न था। उसे लगता था कि उसके गुरु के अच्छे विचारों से लोगों का जीवन बदल रहा है। उसी गांव में एक लालची ब्राह्मण रहता था। वह वर्षों से गांव के लोगों के धार्मिक कार्य करवा रहा था। जब उसने देखा कि लोग अब संत के पास जाकर सलाह लेने लगे हैं, तो उसके मन में असुरक्षा पैदा होने लगी। उसे डर था कि कहीं लोग उसका सम्मान और महत्व कम न कर दें। धीरे-धीरे ब्राह्मण ने संत के बारे में लोगों के बीच नकारात्मक बातें फैलानी शुरू कर दीं। वह कहने लगा कि संत केवल दिखावा करते हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। कुछ लोग उसकी बातों में आ गए और उन्होंने भी संत की आलोचना शुरू कर दी। एक दिन संत का शिष्य गांव से गुजर रहा था। उसने कुछ लोगों को अपने गुरु के बारे में गलत बातें करते सुना। वह दुखी मन से तुरंत कुटिया में पहुंचा और सारी बात संत को बता दी। शिष्य ने कहा, 'गुरुदेव, लोग आपके बारे में गलत बातें कर रहे हैं।

हमें इसका जवाब देना चाहिए।' संत मुस्कुराए और बोले, 'बेटा, जब जंगल से हाथी गुजरता है तो रास्ते में बैठे कुत्ते भौंकते हैं, लेकिन हाथी अपनी चाल नहीं बदलता। वह जानता है कि उसका लक्ष्य आगे बढ़ना है। यदि वह हर भौंकने वाले कुत्ते की ओर ध्यान देगा तो अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाएगा।' शिष्य को संत की बात समझ आ गई। संत ने आगे कहा, 'हम अपने कर्म को अच्छा रख सकते हैं, लेकिन हर व्यक्ति की सोच को नियंत्रित नहीं कर सकते। आलोचना जीवन का हिस्सा है।'

**सीखः** जीवन में सफलता पाने के लिए हमें दूसरों की नकारात्मक बातों में उलझने के बजाय अपने लक्ष्य और कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जो व्यक्ति ईमानदारी से अपना काम करता रहता है, समय के साथ उसकी मेहनत खुद जवाब बन जाती है। आलोचनाओं से डरकर अपने कदम रोक देना जीवन की सबसे बड़ी भूल हो सकती है। जब कोई हमारी कमी बताता है, तो तुरंत दुखी या गुस्सा होने की जरूरत नहीं है।

# कुटीर उद्योग बना अवैध शराब का धंधा

**'यंग इंडिया' में गांधी ने लिखा था, 'अगर मैं केवल एक घंटे के लिए भारत का सर्वशक्तिमान शासक बन जाऊं तो पहला काम यह करूंगा कि शराब की सभी दुकानें, बिना कोई मुआवजा दिए तुरंत बंद करा दूंगा।' बावजूद गांधी के इस देश में सभी राजनीतिक दल चुनाव में शराब बांटकर मतदाता को लुभाने का काम करते हैं। ऐसा दिशाहीन नेतृत्व देश का भविष्य बनाने वाली पीढ़ियों का ही भविष्य चैपट करने का काम कर रहा है। वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में शराब के साथ-साथ स्मैक, चरस की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने शराब पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब की दुकानें खोलने पर रोक लगा दी थी। किंतु सभी दलों के राजनीतिक नेतृत्व ने चतुराई बरतते हुए नगर और महानगरों से जो नए वायपास बने हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी और पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों का इस श्रेणी से विलोपीकरण कर दिया।**

मध्य-प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण ने कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। इस शराब का निर्माण बड़े पैमाने पर सीधे-सीधे आसवनी भट्टियों में हो रहा है। यह शराब ड्रमों में लाकर रसायानों से बनाई जा रही है। सागर जिले के बंडा तहसील के ग्राम ततरबारा में अवैध शराब निर्माण की जो फैक्ट्री बताई जा रही है, उसमें वकायदा अलग-अलग ब्रांड की शराब तैयार करके बोतलों में पैकिंग की जाती थी। यानी शराब निर्माण के सभी उपकरण इस फैक्ट्री में मौजूद थे। इस निर्माण से जुड़े नेटवर्क के तार मुरैना से भी जुड़े बताए जा रहे है। आमतौर से देशी तरीके से बनाई जा रही शराब भी जहरीली शराब में तब बदल जाती है, जब उसमें घटिया सामग्री का असंतुलित घालमेल बैठा दिया जाता है। ऐसा ज्यादा कमाई के चक्कर में किया जाता है, जो दीनहीनों की मौत का कारण बन जाती है। एक समय जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस षराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ठहाने



के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है। इस जहरीली शराब कांड में जिन 30 शराब विक्रेताओं को आरोपी बनाया गया है, उनमें सत्तारूढ़ दल से जुड़े दो सरपंच और एक शराब ठेकेदार शामिल हैं। कुछ आरोपितों को सीधे-सीधे एक पूर्व मंत्री से जुड़ा बताया जा रहा है। साफ है, प्रदेशभर में षराब निर्माण और विक्रय की ठेकेदारी ऐसे लोगों के हाथ में है, जो बाहुबली होने के साथ ऊंची पहुंच रखने वाले है। इसलिए जो भी कार्यवाही होगी वह तत्काल तो मीडिया में असरकारी दिखेगी, लेकिन फिर दर्ज एफआईआर शून्य में बदलती चली जाएंगी। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने तीन साल पहले शराबबंदी की मुहिम चलाई थी, लेकिन तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुटिल चतुराई के चलते वह नक्कारखाने की तूती साबित हुई। शराब की दुकानें और शराब बिक्री के लिए जो नई आबकारी नीति सामने आई थी, उसमें उमा भारती की मुहिम और धमकी का कोई असर दिखाई नहीं दिया था। इस आबकारी नीति के सामने आने के समय से ही अनेक अनुत्तरित सवाल आज भी खड़े हुए हैं। नीति में स्पष्ट नहीं है कि जो शुश्क दिन है, मसलन गांधी जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली और चुनाव प्रक्रिया के दौरान घरों में शराब का बार खोलने की जो छूट चली आ रही है, वह यथावत जारी रहेगी या नहीं ? होम-बार की आड़ में उज्जैन, ओरछा, ओमकारेश्वर जैसे पवित्र नगरों में भी शराबखोरी चलती रहेगी। हालांकि सरकार ने प्रत्यक्ष तौर पर कोई भी नई दुकान खोलने का निर्णय इस नीति में नहीं लिया है, परंतु पिछले दरवाजे से शराब बेचने की पगडंडियां खुली छोड़ दी गई है। देषी षराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देशी शराब बेची जाती रहेगी। फैसले से स्पष्ट होता है कि सरकार ने तकनीकी रूप से कानूनी झोल की सुविधा बरकरार रखकर यथासिथति बनाए रखी है।

नई आबकारी नीति से सबसे ज्यादा फजीहत उमा भारती की हुई थी। ओरछा की जिस शराब की दुकान पर भारती ने गोबर फेंककर आक्रोश प्रकट किया था, वहां से भी दुकान बदली नहीं गई। अंत में भारती ने राजनीतिक चतुराई बरतते हुए रामराजा मंदिर मार्ग पर खुली दुकान का सारा दोष प्रशासन पर मढ़कर अपनी मुहिम को विराम दे दिया था। यह दुकान पहले नगर में अंदर की तरफ डेढ़ किमी दूर थी, किंतु तब कमाई कम होती थी, ठेकेदार को लाभ दिलाने के लिए जिला आबकारी विभाग ने यह दुकान मंदिर के प्रवेश द्वार पर खुलवा दी। इस दुकान के खोले जाने का विरोध ओरछा के नागरिकों, विद्यार्थी परिषद्, बजरंग दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से किया था। लेकिन बात नहीं बनी। पूरी प्रदेश सरकार इस दुकान के आगे नतमस्तक हो गई थी। इस पराजय के बाद से उमा भारती ने शराबबंदी की मुहिम से पूरी तरह तौबा कर आंखें मूंद लीं।

शराबबंदी को लेकर अकसर यह प्रश्न खड़ा किया जाता है कि इससे होने वाले राजस्व की भरपाई कैसे होगी और शराब तस्करी को कैसे रोकेंगे? ये चुनौतियां अपनी जगह बाजिव हो सकती हैं, लेकिन शराब के दुष्प्रभावों पर जो अध्ययन किए गए हैं, उनसे पता चलता है कि उससे कहीं ज्यादा खर्च, इससे उपजने वाली बीमारियों और नशा-मुक्ति अभियानों पर हो जाता है। इसके अलावा पारिवारिक आर सामाजिक समस्याएं भी नए-नए रूपों में सुरसामुख बनी रहती हैं। घरेलू हिंसा से लेकर कई अपराधों और जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं की वजह भी शराब बनती है। यही कारण है कि शराब के विरुद्ध खासकर ग्रामीण परिवेश की महिलाएं मुखर आंदोलन चलातीं, समाचार माध्यमों में दिखाई देती हैं। इसीलिए माहात्मा गांधी ने शराब के सेवन को एक बड़ी सामाजिक बुराई माना था। उन्होंने स्वतंत्र भारत में संपूर्ण शराबबंदी लागू करने की पैरवी की थी। 'यंग इंडिया' में गांधी ने लिखा था, 'अगर मैं केवल एक घंटे के लिए भारत का सर्वशक्तिमान शासक बन जाऊं तो पहला काम यह करूंगा कि शराब की सभी दुकानें, बिना कोई मुआवजा दिए तुरंत बंद करा दूंगा।' बावजूद गांधी के इस देश में सभी राजनीतिक दल चुनाव में शराब बांटकर मतदाता को लुभाने का काम करते हैं। ऐसा दिशाहीन नेतृत्व देश का भविष्य बनाने वाली पीढ़ियों का ही भविष्य चैपट करने का काम कर रहा है। वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में शराब के साथ-साथ स्मैक, चरस की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने शराब पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब की दुकानें खोलने पर रोक लगा दी थी। किंतु सभी दलों के राजनीतिक नेतृत्व ने चतुराई बरतते हुए नगर और महानगरों से जो नए वायपास बने हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी और पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों का इस श्रेणी से विलोपीकरण कर दिया। मध्य-प्रदेश में भी यही किया गया।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बचत का ध्यान और दफ्तर में संतुलन बनाकर चलना होगा। धन की स्थिति किसी अचानक लाभ से नहीं, बल्कि नियम से बनाई गई योजना से बेहतर होगी।

**वृषभ**
आज पुरानी बचत और काम में बारीकी से ध्यान रखना होगा। हर महीने होने वाले खर्चों, पुरानी योजनाओं और बचे हुए भुगतानों को जांचना फायदेमंद रहेगा।

**मिथुन**
आज नए मौके और जल्दबाजी से बचाव करना होगा। आज एक साथ कमाई के कई रास्ते मन में आ सकते हैं। आपकी उत्सुकता नए मौके तलाशने में मदद करेगी, पर जल्दबाजी में कोई खरीदारी या जोखिम भरा निर्णय न लें।

**कर्क**
आज धन में राहत और दफ्तर में समझदारी दिखानी होगी। धन के मामलों पर पूरा ध्यान रहेगा। अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने को लेकर मन में अच्छी उम्मीद रहेगी।

**सिंह**
आज दिखावे से दूरी और काम में ठहराव करना होगा। पैसों से जुड़ी अपनी प्राथमिकताओं पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। कुछ पुरानी चीजें अब पहले जैसी खुशी नहीं दे रहीं।

**कन्या**
आज सही बजट और काम में सफाई रखना होगा। पैसों के मामले में सटीक सोच बनी रहेगी। आप किसी पुरानी भूल, फालतू खर्च या छूटे हुए मौके को आसानी से पकड़ लेंगे।

**तुला**
आज लेन-देन में तालमेल और बोली का असर होगा। पैसों के लेन-देन में सही संतुलन बना रहेगा। बातचीत करके आप अपनी शर्तें आसानी से मनवा सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज बकायों की जांच और शांत स्वभाव के कारण आपकी पहचान बनेगी। पैसों के मामले में आज धीरज से काम लेना होगा। कर्ज, पुरानी बकायों या परिवार के खर्चों को लेकर विचार चलेगा।

**धनु**
आज बजट का दायरा और टीम का सहयोग मिलेगा। भविष्य की कमाई को आगे बढ़ाने के विचार मन में आ सकते हैं। नई योजनाओं को लेकर मन में उम्मीद बनी रहेगी, पर हिसाब हमेशा असली आंकड़ों पर रखें।

**मकर**
आज नियम से काम और पेंडिंग जिम्मेदारी भारी पड़ेगी। आज धन में नियम और जिम्मेदारी लाने का इशारा कर रही है। बेकार के खर्च कम करके और पेंडिंग भुगतानों को निपटाकर स्थिति सुधारेगी।

**कुंभ**
आज संभलकर निवेश और आसान विचार से काम बनेंगे। पैसों के फैसलों में आज ज्यादा सावधानी रखनी होगी। ध्यान रखें कि हर चमकती चीज सही नहीं होती।

**मीन**
आज खातों की जांच और काम में लगन लगाना होगा। लंबी योजनाओं को दोबारा देखने की जरूरत होगी। जिन जिम्मेदारियों को टालना मुश्किल है, उन पर ध्यान दें।

# जंजीरा दियारा के बाढ़ पीड़ितों की बढ़ी परेशानी, इंसानों को भोजन तो पशुओं के लिए चारे का संकट




**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा में आई भीषण बाढ़ के कारण जंजीरा दियारा के सैकड़ों लोग अब भी विस्थापित होकर मोकामा प्रखंड कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। भगवती स्थान, सूर्यनारायण घाट और तपस्वी जी घाट पर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे अपने पशुओं के साथ रहने को मजबूर हैं। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में मवेशी भी मौजूद हैं।मोकामा प्रखंड कार्यालय में बाढ़ पीड़ितों के लिए कम्युनिटी किचेन चलाया जा रहा है, जहां लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं भगवती स्थान और सूर्यनारायण घाट पर शरण लिए लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। भगवती स्थान पर स्थानीय पंकज कुमार साचो ने अपने घर के पास बाढ़ पीड़ितों को शरण दे रखी है। पीड़ितों का कहना है कि किसी तरह भोजन की व्यवस्था हो जा रही है, लेकिन पशुओं के लिए चारे का संकट बना हुआ है। कई पशु खुले में धूप में खड़े रहने को मजबूर हैं।इस संबंध में मोकामा सीओ लवली कुमारी ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय स्थित सेल्टर होम में बाढ़ पीड़ितों के लिए पूरी व्यवस्था है और पशु चारे की भी पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक शीट फिलहाल स्टॉक में नहीं है, जिसके लिए डिमांड भेजी गई है। सीओ के अनुसार सभी बाढ़ पीड़ितों को एक जगह मोकामा प्रखंड मुख्यालय में रहने के लिए कहा जा रहा है। अन्य स्थानों पर भेजने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की कमी है और दूसरी जगह भेजने की अनुमति भी नहीं है। इसके बावजूद जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाया जा रहा है।वहीं हाथीदह रेलवे स्टेशन के समीप अंडरपास में अब भी करीब चार फीट पानी जमा है। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कसहा दियारा में बाढ़ का पानी लंबे समय से जमा रहने के कारण अब लोगों को बीमारियों के फैलने की चिंता सताने लगी है। स्थानीय भोजल निषाद ने बताया कि गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन बना हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ फाइलों तक सीमित है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि उप स्वास्थ्य केंद्र को जल्द शुरू कराया जाए, ताकि बाढ़ और जलजमाव के बीच ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

# मसौढ़ी के चमरचकिया टोले में बाढ़ से आशियाने उजड़े

## खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं पीड़ित, सरकारी दावे हवा-हवाई



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में आई बाढ़ ने मसौढ़ी, और पुनपुन प्रखंड में तबाही मचा दी है। मसौढ़ी प्रखंड के कराय पंचायत के चमरचकिया टोले में बाढ़ के कारण कई कच्चे और खपरैल मकान भरभरा कर गिर गए हैं। घर गिरने के बाद दर्जनों परिवार बेघर हो गए हैं और अब मंदिर व चबूतरे पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। बाढ पीड़ितों का कहना है कि मिट्टी के घरों में पानी घुसने से दीवारें ढह गईं और पूरा घर जमींदोज हो गया। अब बाल-बच्चों और मवेशियों के साथ खुले में रहना पड़ रहा है। लेकिन बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी प्रशासन की मदद इन तक नहीं पहुंची है। बेघर हुए लोगों को अभी तक न तो पॉलिथीन शीट मिली है, न राशन, न ही मवेशियों के लिए चारा की व्यवस्था हुई है। सरकारी स्तर पर सिर्फ दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।चमरचकिया में जिन परिवारों के घर ध्वस्त हुए हैं उनमें बबीता देवी पति अखिलेश दास, सोनी देवी पति नरेश रविदास, संगीता देवी पति नागेन्द्र रविदास, बसंती देवी पति उपेन्द्र रविदास, प्रतिमा देवी सहित कई परिवार शामिल हैं।ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के दौरान गांव में चार दिन के लिए सामुदायिक किचन शुरू किया गया था, लेकिन उसे भी बंद कर दिया गया। अब पीड़ित सरकारी मदद का इंतजार कर रहे हैं।वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी का कहना है कि सभी बाढ़ पीड़ितों को चिन्हित कर राहत पहुंचाई जाएगी। वही खेत मजदूर सभा के जिलाअध्यक्ष नागेश्वर पासवान ने कहा की बाढ़ पिडितों को मदद पहुंचाने में मसौढी प्रशासन विफल है बाढ़ से पहले भी तैयारी कुछ नहीं थी इन लोगों की और अब बाढ़ राहत के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है। लोग परेशान हो रहे हैं वही संजय पासवान ने स्थानीय प्रशासन पर निशाना साधा की सभी बाढ़ पीड़ितों की अगर जल्द राहत कार्य नहीं किये गये तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के साथ चार गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा पुलिस ने बुधवार देर रात चलाए गए विशेष अभियान में विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट में लंबे समय से फरार चल रहे मोहम्मद यूसुफ और मनोज यादव को मोर गांव से गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था।वहीं दूसरी कार्रवाई में मोर पश्चिमी गांव से छोटू कुमार को 8 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके पास से बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है। उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।इसी अभियान के दौरान शराब पीकर हंगामा कर रहे राजा राम साव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि के बाद उसे भी जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शराबबंदी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के पुनपुन रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना प्लेटफार्म नंबर एक पर हुई।सूचना मिलते ही तारेगना जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तारेगना जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक पर किसी अज्ञात पैसेंजर ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।आसपास के लोगों के अनुसार, मृतक पिछले कई दिनों से स्टेशन के आसपास भिखारी के रूप में घूमता था और वहीं रहता था। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेल थाना क्षेत्र के कन्हाईपुर रेलवे स्टेशन के अप लाइन पर गुरुवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्हाईपुर निवासी जितेंद्र पासवान (50) के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, जितेंद्र पासवान सुबह कन्हाईपुर रेलवे स्टेशन के समीप शौच के लिए गए थे। इसी दौरान वे अप लाइन पर आ रही साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर मोकामा रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि साउथ बिहार एक्सप्रेस की चपेट में आने से जितेंद्र पासवान की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मोरहर नदी में डूबने से एक महिला की हुई मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हांसाडीह के बगीचा के पास मोरहर नदी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई है,मृतक की पहचान तेतरे देवी पति गोविंद मांझी नहवां गांव के निवासी बताई जा रही है,दरअसल स्थानीय लोगों के अनुसार घरेलू विवाद से तंग आकर मोरहर नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली है,जहां डूबने से उसकी मौत हो गई है। पति-पत्नी के बीच पिछले कई दिनों से किसी बात को लेकर लगातार झगड़ा हो रहा था। गुरुवार सुबह विवाद से तंग आकर महिला ने मोरहर नदी में छलांग लगा दी। पानी गहरा होने से वह डूब गई। आसपास के लोगों ने शोर मचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लहसुना थाना का वार्षिक निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना शैलजा द्वारा लहसुना थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस, सीसीटीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों तथा विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा की। मौके पर लहसुन ना थाना अध्यक्ष विक्रम कुमार उपस्थित रहे, साथ ही थाना की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण का बारीकी से अवलोकन किया।नगर पुलिस अधीक्षक ने मौजूद पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान करने, समय-सीमा के भीतर जांच पूरी करने, पारदर्शिता बनाए रखने और जनता को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने कर्मियों को सतर्कता, जनसेवा और कानून-व्यवस्था के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। अपराध की रोकथाम एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि गश्ती और वाहन जांच को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### लोक अदालत के लिए जागरूकता रथ को एसडीजेएम ने दिखाई हरी झंडी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 12 सितंबर को मसौढ़ी सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर गुरुवार को एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने कोर्ट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम लोगों, पक्षकारों और अधिवक्ताओं को लोक अदालत के लाभों के बारे में जागरूक करेगा।



एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कई तरह के सुलहनीय मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसमें बिजली बिल, टेलीफोन बिल, मोटर वाहन अधिनियम, श्रम मामले, पारिवारिक विवाद बैंक लोन,बिजली बिल एवं अन्य समझौता योग्य आपराधिक व दीवानी मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटारा होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत ऐसा मंच है जहां बिना कोर्ट फीस और बिना किसी झंझट के मामलों का त्वरित समाधान होता है। इससे लोगों का समय और पैसा दोनों बचता है और वर्षों से लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति से हो जाता है।प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने मामलों का निपटारा कराने की अपील की है।

### कसहा दियारा में गंगा में डूबने से 75 वर्षीय वृद्ध की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के कसहा दियारा पंचायत में गंगा नदी में डूबने से 75 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान नया कसहा दियारा गांव निवासी नरेश सिंह निषाद (75) के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक का माहौल है।स्थानीय लोगों के अनुसार, नरेश सिंह निषाद मछली पकड़ने वाले जाल से संबंधित काम के लिए शाम के समय गंगा नदी के किनारे गए थे। इसी दौरान नदी के गहरे पानी में चले जाने से वे डूब गए। गंगा में तेज बहाव के कारण वह खुद को संभाल नहीं सके।घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश की गई। कुछ देर बाद उन्हें पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही मरांची थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।घटना के बाद ग्रामीणों ने दियारा क्षेत्र में गंगा के बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव को देखते हुए नदी किनारे जाने वाले लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

### फरार आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना कांड संख्या 219/26 के दो फरार प्राथमिक अभियुक्तों के घर पुलिस ने विधिवत इश्तेहार चिपकाया है।यह मामला बदरोई गांव निवासी संजू देवी (उम्र करीब 51 वर्ष, पति जगेश यादव) के पुत्र अजीत कुमार की हत्या से जुड़ा है। संजू देवी ने आवेदन में बताया था कि दिनांक 26/03/26 की रात करीब 11 बजे उनके पुत्र अजीत कुमार ने मोबाइल से सूचना दी थी कि सोनू कुमार, पिता संजय यादव, ग्राम मुबारकपुर, थाना पाली, जिला पटना ने उसे कॉल कर बुलाया है और वह उसके साथ जा रहा है। पूर्व के विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट कर उसे बीस बीघा सुनसान जगह पर छोड़ दिया गया। सूचना पाकर उनका छोटा पुत्र विमल कुमार बताए गए स्थान पर पहुंचा तो देखा कि उसका भाई गिरा पड़ा है। उसे अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सोनू कुमार, आरती देवी, संगीता देवी और संजय यादव सहित सभी ने साजिश के तहत जहर देकर उसकी हत्या कर दी है। मामले में फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त सोनू कुमार, पिता संजय यादव और संजय यादव, पिता भंगी यादव, दोनों साकिन मुबारकपुर, थाना पाली, जिला जहानाबाद के घर पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया है।

# नवविवाहिता की हत्या कर शव जलाने मामले में पति समेत 7 के खिलाफ प्राथमिकी


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के नदौल ओपी क्षेत्र के दरियापुर गांव में दहेज के लिए एक नवविवाहिता की हत्या कर शव को गुपचुप जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतका की मां के बयान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 8 सितंबर 2026 की है। धनरुआ थाना क्षेत्र के ओरियारा गांव निवासी कुंती देवी पति मनोहर मोची ने नदौल ओपी में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी मुंदरी देवी (20) की शादी दरियापुर निवासी देवेंद्र दास के पुत्र सत्येंद्र दास (21) के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सत्येंद्र दास, ससुर देवेंद्र दास, देवर पिंटू कुमार, कारू दास, प्रदुमन दास, सकेंद्र दास और गोतनी सरिता देवी पति सकेंद्र दास द्वारा 4 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज नहीं मिलने पर 8 सितंबर को सभी ने मिलकर मुंदरी देवी की हत्या कर दी।परिजनों का आरोप है कि हत्या के बाद ससुराल वालों ने मायके वालों को बिना सूचना दिए ही शव को गांव के समीप नदी किनारे जलाना शुरू कर दिया। गांव के लोगों से सूचना मिलने पर जब मायके वाले भागे-भागे दरियापुर नदी तट पर पहुंचे तो देखा कि बेटी का शरीर लगभग पूरी तरह जल चुका था। मृतका की मां कुंती देवी के आवेदन पर मसौढ़ी थाना (नदौल ओपी) में कांड दर्ज कर लिया गया है। इसमें पति समेत 7 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# धनरूआ में बाढ़ पीड़ितों का हल्ला बोल, प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा 8 सूत्री मांग पत्र




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के बाढ़ प्रभावित पंचायतों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने और तत्काल राहत देने की मांग को लेकर भाकपा-माले के बैनर तले बाढ़ पीड़ितों ने प्रखंड व अंचल मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारीयों में वीर, देवदहा, पभेड़ा, छाती, बहरामपुर समेत अन्य पंचायतों से पहुंचे थे। उन्होंने अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें प्रत्येक पीड़ित परिवार को 100 किलो अनाज व 10 हजार रुपये नकद राहत, बटाईदारों सहित किसानों को फसल क्षति का मुआवजा, पशु चारे की व्यवस्था, तिरपाल-पॉलिथीन वितरण और बाढ़ में गिरे कच्चे मकानों का सर्वे कराकर पक्का मकान देने की मांग शामिल है।प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा-माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य व पूर्व विधायक गोपाल रविदास और प्रखंड सचिव अकलू पासवान ने किया। इस मौके पर मनरेगा मजदूर सभा के नेता जितेंद्र राम,कमलेश कुमार, इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य पार्षद शशि रंजन कुमार, जिला कमेटी सदस्य वीरेन्द्र प्रसाद, निरंजन वर्मा, श्री भगवान पासवान, प्रमोद यादव, कमला देवी, रिंकू देवी, रामजीवन पासवान, रंजय, बिना, खुर्शीद अंसारी, कमलेश यादव, उपेन्द्र मांझी सहित सैकड़ों मजदूर, बटाईदार और महिलाएं शामिल थीं।सभा को संबोधित करते हुए गोपाल रविदास ने कहा कि बाढ़ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सरकार प्रायोजित त्रासदी है। 80 साल बाद भी बाढ़ का स्थायी निदान नहीं हो पाया। सरकार बाढ़ से पहले कोई तैयारी नहीं करती और बाढ़ आने पर खानापूर्ती करती है। यदि तत्काल मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# खड़ी-बोली को भारतेन्दु ने अंगुली पकड़कर चलना सिखाया - हिंदी विकास मंच ने मनाई 176वीं जयंती



**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिंदी विकास मंच, सरथुआ व उपशाखा हिलसा, नालंदा द्वारा आधुनिक हिंदी के पितामह भारतेन्दु हरिश्चंद्र (जन्म - 9 सितंबर 1850, काशी) की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी कारणों से गुरुवार को आयोजित हुआ। मंच के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. राजीव नयन सिंह उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि "आधुनिक हिंदी साहित्य और खड़ी बोली को स्थापित करने में उनका योगदान अद्भुत, अनुकरणीय और अनुपम है। वे 16 कलाओं से परिपूर्ण कलाकार, कवि, नाटककार, पत्रकार और समाज सुधारक थे।" उन्होंने उनके जीवन एवं साहित्यिक योगदान को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि भारतेन्दु जी की प्रमुख कृतियां आज भी प्रासंगिक हैं - नाटकः 'सत्य हरिश्चंद्र', 'अंधेर नगरी', 'भारत दुर्दशा', 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति', 'नीलदेवी' काव्यः 'प्रेम-मालिका', 'प्रेम-सरोवर', 'भक्त-सर्वस्व' पत्रकारिताः 'कवि-वचन-सुधा', 'हरिश्चंद्र मैगजीन', 'बाल-बोधिनी' अन्य वक्ताओं ने भी उनके साहित्य, पत्रकारिता और हिंदी भाषा के विकास में योगदान पर अपने विचार रखे। संस्था की सचिव नीतू कुमारी नयन ने कहा - "भारतेन्दु जी ने हमें सिखाया - निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। हिंदी केवल भाषा नहीं, हमारी अस्मिता है।"

# अब जीविका दीदी सिलेंगी आदर्श विद्यालयों के बच्चों की यूनिफॉर्म, नूरा हाई स्कूल में 603 छात्र-छात्राओं की मापी शुरू



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार की पहल पर अब सरकारी आदर्श विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की यूनिफॉर्म जीविका दीदी तैयार करेंगी। इस कड़ी में मसौढ़ी प्रखंड के नूरा हाई स्कूल, नूरा में यूनिफॉर्म के लिए मापी कार्य शुरू कर दिया गया है।बीपीएम दिग्विजय नारायण समदर्शी और जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी ने नूरा हाई स्कूल का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी हेड मास्टर मोहम्मद मनौव्वर आलम के साथ समन्वय बैठक कर यूनिफॉर्म निर्माण को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। चर्चा के बाद विद्यालय में छात्र-छात्राओं की मापी का कार्य विधिवत शुरू कराया गया,अधिकारियों ने बताया कि यह मापी कार्य अधिकार जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति से जुड़ी दीदियों द्वारा चयनित टेलर मास्टर के माध्यम से कराया जा रहा है। निर्धारित सरकारी मानकों के अनुरूप सभी बच्चों की मापी ली जा रही है। मापी पूर्ण होने के बाद समिति से जुड़ी प्रशिक्षित जीविका दीदियों द्वारा ही यूनिफॉर्म की सिलाई की जाएगी।नूरा हाई स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 603 छात्र-छात्राओं की मापी ली जानी है, जिसमें 328 छात्र और 275 छात्राएं शामिल हैं। कक्षा 9वीं में 152, 10वीं में 153, 11वीं में 140 और 12वीं में 158 बच्चों की मापी ली गई है।

# पालीगंज में श्रद्धा-उल्लास से मना भगवान श्रीकृष्ण का छठियार महोत्सव

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी, पालीगंज में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का छठियार महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव को लेकर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। पूरा मंदिर परिसर भक्ति और उत्साह के माहौल में डूबा रहा।



इस अवसर पर दिनभर छठियार के सोहर गीत, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम से देर रात तक भंडारा चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर कमलेश शर्मा, नरेश प्रसाद, जवाहर प्रसाद गुप्ता, पंकज सोनी, मोहन चौधरी, विकास सिंह सहित मंदिर कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छ समाज का संदेश।

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ मोकामा घाट के विद्यार्थियों ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरुवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 1 सितंबर से 15 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है।विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।




रैली में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न संदेशों के माध्यम से लोगों से अपने विद्यालय, घर और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने की अपील की।इस अवसर पर मृत्युंजय कुमार, रजनीश शुक्ला, जे.पी. सिंह, अंजलि कुमारी एवं विनीता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे।रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें, अपने विद्यालय, घर और समाज को स्वच्छ रखें का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने में विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण है और ऐसे कार्यक्रमों से समाज में स्वच्छता का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचता है।

# श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में धूमधाम से मनाई गई बाल गोपाल की छठी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के जन्म के छठे दिन श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में छठियार महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।जन्माष्टमी के छह दिन बाद मनाए जाने वाले इस अनुष्ठान में सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।



दिनभर भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ और शाम से देर रात तक भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।वहीं मसौढ़ी के मंडप स्थित रामेश्वरनाथ मंदिर में भी बाल गोपाल की छठी धूमधाम से मनाई गई और भंडारा कराया गया। श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# मसौढ़ी के रौनिया में नए पुलिस ओपी का शुभारंभ, कानून-व्यवस्था होगी मजबूत




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के रौनिया में गुरुवार को नए पुलिस आउट पोस्ट (ओपी) का शुभारंभ किया गया। एसडीएम धनराज कुमार एवं एसडीपीओ राघव दयाल ने संयुक्त रूप से ने फीता काटकर ओपी का उद्घाटन किया।पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रौनिया ओपी का गठन किया गया है। यह ओपी भगवानगंज थाना क्षेत्र के पूर्वी हिस्से से अलग कर बनाई गई है। इसके अंतर्गत भरतपुरा पंचायत और दौलतपुर पंचायत के गांव आएंगे। इन दो पंचायतों में विधि-व्यवस्था का नियंत्रण अब रौनिया ओपी से होगा।रौनिया ओपी की कमान पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार को सौंपी गई है। वे पूर्व में भगवानगंज थाने में पदस्थापित थे।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नए ओपी के शुरू होने से क्षेत्र में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी। इससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और आम लोगों को बेहतर व सुलभ पुलिस सेवा का लाभ मिलेगा।इस अवसर पर एसडीएम धनराज ने कहा कि ओपी शुरू होने से क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ बेहतर समन्वय और संवेदनशीलता के साथ काम करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल, भगवानगंज थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार, बीएसपी के नेता चितरंजन कुमार प्रमुख सद्दाम हुसैन,कौशल यादव, सतीश सिंह, गनौरी सिंह आदि कई लोग शामिल रहे सहित अन्य थानों के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# द्वितीय अपील अंतर्गत 10 मामलों की जिलाधिकारी ने की सुनवाई



**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में द्वितीय अपील अंतर्गत कुल 10 मामलों की सुनवाई की गई। परिवादी जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित थे जबकि मामलों से संबंधित लोक प्राधिकार ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए थे।

आदापुर अंचल के सहदेव ठाकुर का मामला बंदोबस्ती परवाना में पर्चा का खेसरा गलत दर्ज करने के संबंध में था। जिलाधिकारी के द्वारा अंचल अधिकारी आदापुर को 5 दिन का समय दिया गया और निर्देश दिया गया कि अपने खुद से अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय जाकर इनका खेसरा अभिलेख से संबंधित सुधार कराते हुए इनको पर्चा उपलब्ध कराया जाए एवं कृत कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन द्वितीय अपील कार्यालय को भेजा जाए।

रामगढ़वा अंचल से अखिलेश्वर प्रसाद यादव का मामला अतिक्रमण से संबंधित था। जिलाधिकारी द्वारा रामगढ़वा अंचल अधिकारी को मामले को गंभीरता से जांच करते हुए उनके द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करते हुए चलने लायक बनवा देने का निर्देश दिया गया।

सदर अंचल मोतिहारी के सुनील कुमार कुशवाहा का मामला खतीआनी भूमि पर जोर जबरदस्ती कर सड़क बनाने से संबंधित था जिलाधिकारी के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी से इस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता की गई प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत की योजना है जिसकी जांच कराई गई है।

जिलाधिकारी के द्वारा पुनः नापी कराकर इसकी जांच करने का निर्देश सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी को दिया गया। सदर अंचल मोतिहारी के नरेश प्रसाद का मामला फर्जी दस्तावेज के आधार पर मौजा स्थानांतरण करने से संबंधित था। भूमि सुधार अपर समाहर्ता सदन मंडल मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि यह परिमार्जन का मामला था जिसकी जांच पूर्व के डीसीएलआर द्वारा कराई गई थी। जिलाधिकारी के द्वारा अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मोतिहारी को पुनः जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश के साथ भेजा गया और इसके लिए 10 दिन का समय निर्धारित किया गया। घोड़ासहन अंचल के रामाधार राय का मामला प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं मिलने के संबंध में था उनके द्वारा बताया गया कि उनके नाम पर दूसरे के घर का फोटो लगा दिया गया है जिसके कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी घोड़ासहन को खुद से स्थल पर जाकर जांच करने और इससे संबंधित प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।

सुगौली प्रखंड के रामबाबू प्रसाद ने बताया कि पंचायत में किए गए कार्य में अनियमितता बरती गई है उनके द्वारा बताया गया कि श्रमदान से मिट्टी की भराई की गई थी जिसको मनरेगा अंतर्गत दिखाकर राशि की निकासी कर ली गई है। इस पर जिलाधिकारी के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुगौली को अगले तीन दिन में इस आशय का प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया कि वास्तव में कार्य हुआ है अथवा नहीं और निकासी कितने राशि की की गई है। जिलाधिकारी के द्वारा उस पंचायत में नल जल योजना की जांच कर प्रतिवेदन देने का भी निर्देश दिया गया।

## किशलय कुमार ने अंर्तमहाविद्यालय रेसलिंग टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण पदक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन (टी. सी. पी. ई. कॉलेज) झपहां, मुजफ्फरपुर में दिनांक 9 सितंबर 2026 को आयोजित अंर्तमहाविद्यालय रेसलिंग टूर्नामेंट में मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के अंग्रेजी विभाग के स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र किशलय कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। किशलय कुमार ने प्रतियोगिता में शानदार खेल-कौशल, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उल्लेखनीय सफलता के साथ अब वे बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय एवं मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली रेसलिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे।किशलय कुमार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने किशलय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।

# संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का रथ भारत भ्रमण के दौरान राधाकृष्ण सेवा संस्थान में रुका

**मोतिहारी जैन समुदाय ने भगवान तीर्थंकर विद्यासागर जी की भव्य पूजा अर्चना की और आश्रम में सहयोग के लिये दान भी दिया**



**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 श्री विद्यासागर जी महाराज का रथ भारत भ्रमण करने की आलोक में मोतिहारी में आया जो कि राधा कृष्ण सेवा संस्थान ट्रस्ट के मोदी मोमेंटो म्यूजियम में रुका। विद्यासागर जी महाराज ने 77 वर्ष की आयु में अभी 3 साल पहले समाधि ली है, हीरापुर जिला सागर मध्य प्रदेश में उनका आश्रम बन रहा है ' जिसमें उनके जीवन से संबंधित सभी आलेख रहेंगे और एक अद्वितीय शक्ति का प्रवाह करेगा ' उस आश्रम के निर्माण में यमुना कुमार सीकारीया ने एक पग भूमि और एक स्वर्ण शीला दान में दी ' जिसके फलस्वरुप उनके अनुयायी जो कि इस रथ कार्यक्रम के संयोजक श्री संदीप जैन संगम ने रजत कलश यमुना सीकारीया और डॉ. शंभूनाथ सीकारीया को भेंट स्वरूप गुरु जी की स्मृति चिन्ह में प्रदान किया। डॉ. शंभूनाथ सीकारीया ने बताया कि 10 साल पूर्व मैं गुरुजी से शिखरजी में मिला था और मेरे साथ एक संबंधी थे जिनको उन्होंने आशीर्वाद स्वरुप आकाश से उतरता हुआ एक चैतन्य शक्ति गोला प्रदान किया मैं हत्यभ रह गया ' जानकारी प्राप्त हुई कि भगवान नारायण के अंश के रूप में इन्होंने जैन धर्म में अपना स्थान ग्रहण किया है और दुनिया को मार्गदर्शन देने का कार्य अपने पूरे जीवन काल में भगवान की भांति ही करते आए हैं। उनके प्रतिनिधि संदीप जैन जी ने इस बात की पुष्टि कि भगवान स्वरूप महाराज जी आज हमारे बीच नहीं है ,परंतु उनका दृश्य बराबर हमारे सामने आशीर्वाद के रूप में रहता है ' मोतिहारी जैन समुदाय ने भगवान तीर्थंकर विद्यासागर जी की भव्य पूजा अर्चना की और आश्रम में सहयोग के लिए दान भी दिया ' इस अवसर पर सुमित जैन ,शैल जैन ,अभिषेक जैन, मिंटू जैन सचिन जैन, ज्योति जैन ,प्रज्ञा जैन आदि लोग उपस्थित थे।

# आशीर्वाद का दीया अभियान से पीएम के 25 वर्षों के सेवा-संकल्प के प्रति जताएंगे आभार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने एवं जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा सारण पूर्वी की ओर से सेवा संकल्प अभियान और आशीर्वाद का दीया अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर छपरा परिसदन भवन में जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलेगा। वहीं प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रसेवा के प्रति जनता के आभार एवं आशीर्वाद को अभिव्यक्त करने के लिए आशीर्वाद का दीयाअभियान चलाया जाएगा। अभियान का संदेश जिसने जीवन संवारा, उसे आशीर्वाद हमारा रखा गया है।

उन्होंने बताया कि 17 सितंबर की शाम सात बजे पूरे बिहार में एक साथ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। घर-घर दीप जलाने के साथ प्रमुख स्थानों पर सामूहिक दीप प्रज्वलन कार्यक्रम भी होंगे। अभियान के तहत बिहार में 2.50 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। दीयों का वितरण जन वितरण दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो से जुड़े प्रमुख स्थानों पर भी सामूहिक दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें प्रधानमंत्री आवास, अमृत सरोवर, सेतु एवं अन्य आधारभूत संरचनाएं, जन औषधि केंद्र, आयुष्मान अस्पताल, स्कूल-कॉलेज, मंदिर, घाट और पंचायत भवन शामिल हैं। प्रत्येक जिले में 10 प्रमुख स्थानों का चयन कर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल संगठन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। जिला से लेकर मंडल और बूथ स्तर तक कार्यकताओं को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रत्येक बूथ से कम-से-कम एक सामूहिक दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जाएगा। डिजिटल अभियान में हैशटैग का प्रयोग किया जाएगा। राम कृपाल यादव ने बिहारवासियों से अपील की कि 17 सितंबर की शाम सात बजे अपने-अपने घरों में आशीर्वाद का दीया जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा-संकल्प के प्रति अपना आशीर्वाद, स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त करें।

# वार्षिक आमसभा में महिला सशक्तीकरण व आजीविका संबर्धन पर दिया गया जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता। छपरा/तरैया (सारण)।** नारायणी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। इसमें नारायणी संकुल संघ से जुड़ी बड़ी संख्या में महिला सदस्यों ने भाग लिया।

आमसभा में जीविका अधिकारियों ने महिला सशक्तीकरण, वित्तीय समावेशन एवं आजीविका संवर्धन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं को अपने स्वरोजगार एवं व्यवसाय को मजबूत करने तथा सरकारी योजनाओं का बेहतर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक विकास कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की मजबूती ही जीविका की असली ताकत है। उन्होंने महिलाओं से नियमित बचत करने, ऋण का सही उपयोग करने तथा आजीविका गतिविधियों में विविधता लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्लस्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी सदस्यों को मिलकर प्रयास करना होगा। जिला कार्यालय से प्रबंधक विशाल कुमार, शशि शेखर, जीविकोपार्जन विशेषज्ञ सानू कुमार, सामुदायिक समन्वयक सबिता कुमारी, समता कुमारी, रवि रंजन एवं प्रियंका कुमारी ने भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया। अधिकारियों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने और समूह की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# वार्षिक आमसभा में महिला सदस्यों को मिला आर्थिक आत्मनिर्भरता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दिघवारा (सारण)।** संस्कार जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक आमसभा शिव वाटिका उत्सव हॉल, दिघवारा में आयोजित हुई। इसमें संस्कार संकुल संघ से जुड़ी बड़ी संख्या में महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सभा में जीविका के अधिकारियों ने समिति की गतिविधियों, विभिन्न योजनाओं तथा आजीविका संवर्धन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। मुख्य अतिथि के रूप में सीबीआई दिघवारा के शाखा प्रबंधक एवं प्रखंड स्तरीय क्षेत्रीय समन्वयक प्रतिभा कुमारी ने महिला सदस्यों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमरनाथ राम ने कहा कि जीविका का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने सदस्यों से समूह की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेने तथा बैंक लिंकेज और आजीविका योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सीएलएफ को और मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों का सामूहिक प्रयास जरूरी है। आमसभा के दौरान महिलाओं द्वारा संचालित विभिन्न व्यवसायों की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही महिलाओं को आजीविका के नए अवसरों से जोड़ने और आगामी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम में निष्ठा ओमर, दुखन कुमार, सुजीत कुमार, रेखा कुमारी, किरण कुमारी, जूही कुमारी, शालिनी रानी और निशा कुमारी सहित जीविका के पदाधिकारी एवं सीएलएफ की बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में डी.बी.टी. के माध्यम से 42.23 करोड़ रुपये अंतरित



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से माह अगस्त की 1,100 रुपये पेंशन राशि के डी.बी.टी. अंतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। पुष्करणी सभागार, हाजीपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह सहित सामाजिक सुरक्षा पेशन से संबंधित लाभुक उपस्थित रहे।जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। पेंशनधारियों द्वारा रखी गई समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा कार्यक्रम स्थल पर ही प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सुनिश्चित कराया। जिला पदाधिकारी की इस पहल से उपस्थित पेंशनधारियों में संतोष एवं विश्वास का भाव देखा गया। जिला पदाधिकारी ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का मूल उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशनधारियों को कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े, उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान हो तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर एवं निर्बाध रूप से मिलता रहे।

# ए.एन. कॉलेज में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुति

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना में आज स्पिक मैके के सहयोग से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध कलाकार पं. रितेश मिश्रा एवं पं. रजनीश मिश्रा द्वारा विशेष हिंदुस्तानी वोकल रेसिटल का आयोजन एस. एन. सिन्हा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत, पटना विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष तथा स्पिक मैके की पटना चैप्टर की अध्यक्ष प्रो. माया शंकर,आईसीसीआर की निदेशक स्वधा रिजवी, स्पिक मैके बिहार के उपाध्यक्ष ी मनीष सिंह ठाकुर ने किया। पं. रितेश मिश्रा एवं पं. रजनीश मिश्रा ने अपनी सुमधुर एवं प्रभावशाली शास्त्रीय गायन प्रस्तुति से सभागार में उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों कलाकार आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के शीर्ष श्रेणी के कलाकार हैं।



कलाकारों के साथ तबले पर श्री अर्कदीप दास तथा हारमोनियम पर श्री देबाशीष अधिकारी ने संगत की। उनकी शानदार संगति ने प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय कला एवं संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ उनकी संवेदनशीलता और सौंदर्यबोध को भी समृद्ध करते हैं।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सदर अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री का अचानक छापा, व्यवस्था देखकर भड़के निशांत कुमार, रोस्टर पर उठाए सवाल

**अधिकारियों की लगाई क्लास, डीएम वर्षा सिंह भी पहुंचीं अस्पताल**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार अचानक सदर अस्पताल पहुंच गए. मंत्री के अचानक पहुंचते ही अस्पताल के अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया.इमरजेंसी वार्ड की व्यवस्था से लेकर ड्यूटी रोस्टर तक मंत्री ने खुद जांचा और गड़बड़ी मिलने पर अधिकारियों की जमकर क्लास लगा दी.हालात ऐसे बने कि सूचना मिलते ही वैशाली की डीएम वर्षा सिंह भी अस्पताल पहुंच गई.शाम का वक्त था और अचानक स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार अस्पताल पहुंच गए. मंत्री के औचक निरीक्षण की खबर मिलते ही अस्पताल में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई.ड्यूटी पर तैनात कर्मी अलर्ट हो गए और अधिकारी भी मौके पर पहुंचने लगे.स्वास्थ्य मंत्री सीधे इमरजेंसी वार्ड पहुंचे.मरीजों को मिल रही सुविधा, डॉक्टरों की मौजूदगी और अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया.इसी दौरान मंत्री की नजर अस्पताल के ड्यूटी रोस्टर पर पड़ी.रोस्टर देखते ही मंत्री का पारा चढ़ गया.मौजूद अधिकारियों से सवाल-जवाब शुरू हो गया और लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई.मंत्री ने साफ तौर पर अस्पताल की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा. औचक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की भी जवाबदेही तय करने के संकेत दिए गए.मंत्री के एक्शन के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया.मामले की जानकारी मिलते ही वैशाली डीएम वर्षा सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचीं.

# निर्माणाधीन ब्रिज पर काम के दौरान लॉन्चर भरभराकर नीचे गिर गया,कई मजदूर घायल



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।।** एनएच-9 फोरलेन मार्ग पर निर्माण कार्ड के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गुरुवार को लालगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर इतवारपुर के समीप भारतमाला प्रोजेक्ट एनएच-139डब्ल्यू के तहत फोरलेन पुल निर्माण के दौरान लॉन्चर गिरने से लगभग आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल कर्मियों को इलाज के लिए लालगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान दो की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों कर्मियों में रंजन कुमार बेगूसराय उपचाराधीन, राम भरोसे साह पटना रेफर, गुलशन पंजाब उपचाराधीन, अली इमामपातेपुर उपचाराधीन, प्रमोद चौधरी पटना रेफर, संजीव कुमार उड़ीसा और संदीप कुमार , मुजफ्फरपुर बताया गया है। जहां राम भरोसे साह एवं प्रमोद चौधरी की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है।। इधर घटना की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी, लालगंज एवं संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा उऌउ, लालगंज पहुँचकर घायलों के उपचार की स्थिति का जायजा लिया गया। इसके साथ ही डीएम द्वारा अस्पताल पहुंच कर घायलों के उपचार एवं उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए । इधर एनएच-139डब्ल्यू के तहत फोरलेन पुल निरइधर लॉन्चर गिरने की सूचना मिलने के बाद संबंधित अधिकारी और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटना स्थल पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई। वहीं हादसे ने निमार्णाधीन परियोजनाओं में

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु ग्राम कचहरी एवं ट्रैफिक चालान मामलों के अधिकतम निष्पादन पर जोर

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 12 सितम्बर 2026 के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक मामलों के सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण नितिन त्रिपाठी द्वारा पूर्वाह्न में जिले के सभी बी.पी.आर.ओ. के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला पंचायत पदाधिकारी श्री राम जनम पासवान की उपस्थिति में ग्राम कचहरियों में लंबित मामलों की समीक्षा की गई तथा लंबित वादों का अधिकतम संख्या में सुलह-समझौते के माध्यम से निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित पदाधिकारियों को पक्षकारों से समन्वय कर



अधिकाधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके उपरांत संध्या में जिले के सभी थानाध्यक्षों (रऌड) के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (उखट) पुनीत कुमार तिवारी ने की। बैठक में डीएसपी मुख्यालय एवं डीएसपी ट्रैफिक भी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से ट्रैफिक चालान मामलों के अधिकतम निष्पादन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि 12 सितम्बर 2026 को महात्मा गांधी ऑडिटोरियम, मोतिहारी में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई वन टाइम सेटलमेंट योजना (डल्ली ़ळ्री री३३'ील्ल३ ऴ्री) का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र वाहन चालकों को इसका लाभ दिलाया जाए, जिसके तहत निर्धारित मामलों में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। सभी थानाध्यक्षों को यह भी स्पष्ट निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित सभी नोटिसों की तामिला समय से पूर्ण कर उनकी रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र पक्षकार सूचना के अभाव में लोक अदालत के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने स्तर से अधिकाधिक लंबित मामलों को चिह्नित कर आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित एवं सरल न्याय उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

CMYK

# दाउदनगर व डिहरी को जिला बनाने हेतु सीएम से मिले सांसद

## दशकों पुरानी मांग चुनाव के वक्त रही है गरमाती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर औरंगाबाद जिले के दाउदनगर और रोहतास जिले के डिहरी को अलग जिला बनाने की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उनके साथ उनके प्रतिनिधि प्रकाश सिंह उर्फ पिंटू सिंह उपस्थित थे। ज्ञापन में सांसद ने कहा है कि बढती आबादी, विकास व प्रशासनिक पहुंच के लिहाज से दाउदनगर, ओबरा, हसपुरा व गोह को मिलाकर एक नया जिला सृजित करने की जरुरत दरपेश है। इसका मुख्यालय ऐतिहासिक शहर व अनुमंडल मुख्यालय दाउदनगर हो सकता है। इसी प्रकार डेहरी अनुमंडल मुख्यालय ऐतिहासिक शहर डेहरी ऑन सोन को जिला मुख्यालय बनाते हुए नौहट्टा से नासरीगंज तक सोन के किनारे के सभी प्रखंडों को लेकर डेहरी जिला का निर्माण भी आवश्यक हो चला है। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उक्त दोनों जिलों के नव निर्माण पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाय। मालूम हो कि दोनों अनुमण्डल को जिला बनाने की मांग दशकों पुरानी है। जब तब, और खासकर चुनाव के वक्त इनको जिला बनाने की मांग जनता की ओर से उठती रही है। राजनीतिक दल, प्रत्याशी भी इसे उठाने और जिला बनवाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन देते रहते हैं।

## ओबरा में पुल निर्माण को दिया ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। सांसद राजाराम सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ओबरा में एक पुल निर्माण को लेकर ज्ञापन दिया है। ओबरा में पुनपुन नदी पर ओबरा में महुआंव व बिशुनपुरा गांव में नए पुल निर्माण के संबंध में ज्ञापन दिया। कहा कि यहां पुल निर्माण की अति आवश्यकता है। इससे नदी के किनारे दर्जनों गांव लाभान्वित होंगे।

## 100 साल से भी अधिक समय से खिरियावां में हो रही श्रीकृष्ण पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के मानव घाट खिरियावां में मानव घाट धार्मिक न्यास समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी पूजा 100 वर्षों से अधिक से की जा रही है। छठी के शुभ अवसर पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ महाभंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मानव घाट परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। महिला मंडली द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के सोहर, भजन-कीर्तन एवं आरती की प्रस्तुति दी गई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण को आकर्षक ढंग से सजे पालने में झुलाया गया तथा श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना के लिए पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के बाद आयोजित महाभंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# नगर भाजपा की मासिक बैठक में संगठन की समीक्षा, बूथ स्तर पर सेवा संकल्प अभियान चलाने का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। नगर भाजपा की मासिक बैठक गुरुवार को हुई। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने की, जबकि संचालन महामंत्री प्रहलाद कांस्यकार ने किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय मेहता उपस्थित रहे। आगामी सेवा संकल्प अभियान को बूथ स्तर तक संचालित करने पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख रूप से 13 कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इनमें सपनों का भारत, आंगन की उत्सव, विकसित भारत संकल्प, विशाल ज्योति यात्रा और रंगोली राष्ट्र सहित अन्य विषय शामिल हैं। उन्होंने सभी कार्यक्रमों को पूरे जोश के साथ करने की बात कही। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय मेहता ने कहा कि मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सौ प्रतिशत तक करना है। बैठक में पूर्व जिला युवामोर्चा अध्यक्ष धनंजय शर्मा, अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अवधेश पासवान, युवा मोर्चा अध्यक्ष धीरज कश्यप, प्रभारी खुदवा राकेश पांडेय, महिला मोर्चा अध्यक्षा सोनी देवी, पूर्व अध्यक्ष संध्या शर्मा, शिव गुप्ता, नथून कांस्यकार, बैजनाथ प्रसाद, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष संजय पासवान, अनूप मनोहर, सुधीर कुमार, पिंटू यादव, बबलू डीलर, अलख भगत, नागेंद्र साव और उदय पांडेय उपस्थित रहे।

# रफीगंज में राजधानी एक्सप्रेस दुर्घटना की 24वीं बरसी पर दी गई श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर रफीगंज रेलवे स्टेशन से करीब चार किलोमीटर पश्चिम धावा नदी के पास बुधवार रात 10:45 बजे राजधानी एक्सप्रेस दुर्घटना की 24वीं बरसी पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पूजा-अर्चना कर मृत यात्रियों को श्रद्धांजलि दी।
पीडब्ल्यूआई इंचार्ज गौरव कुमार, कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव एवं विनोद कुमार ने बताया कि 9 सितंबर 2002 को इसी स्थान पर हावड़ा से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में 150 से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। धावा नदी पुल के समीप आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शुभम सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद से प्रत्येक वर्ष 9 सितंबर को रेलवे कर्मी, आरपीएफ और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते हैं। कार्यक्रम में डॉ. तुलसी यादव, जदयू के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार, शुभम सिंह, पप्पू यादव बाबा, अजय कुमार, संदीप कुमार, मनोज कुमार मधुकर, आजाद कुमार मधुकर, गौरव कुमार, रात्रि प्रहरी महीप कुमार, रविशंकर, खेमचंद लखड़ा, रामदास मांझी, कृष्ण मुरारी कुमार, रंजीत कुमार, बालमुकुंद, सत्यप्रकाश, दिलीप कुमार, एयर मार्शल मेठ दिलीप कुमार, सत्यप्रकाश आजाद, मनोज मधुकर, विराट कश्यप, जितेंद्र गोस्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डोमन बिगहा में नदी पर पुल निर्माण कराने को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद**। देव प्रखंड के इसरौर पंचायत के मुखिया पंकज कुमार ने औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह को एक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से मुखिया ने विधायक को बताया कि इसरौर पंचायत के डोमन बिगहा में नदी पर पुल नहीं है। पुल नहीं होने से ग्रामीणों का आवागमन वर्षों से बंद पड़ा है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण मजबूर नदी से होकर एक तरफ से दूसरे तरफ जाने को मजबूर हैं। मुखिया ने विधायक से डोमन बिगहा में नदी पर शीघ्र ही पुल निर्माण कराने की मांग की है।

# मेंह पुल के पास बनेगा सात किमी लंबा बाइपास, भारी वाहनों को मिलेगी राहत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद**। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार को प्रस्तावित मेंह पुल के समीप बनने वाले बाईपास मार्ग के स्थल का निरीक्षण किया। यह बाईपास सोन उच्चस्तरीय नहर के एम्बैंकमेंट पर प्रस्तावित है, जिसका डीपीआर तैयार हो चुका है। प्रस्तावित बाईपास की लंबाई करीब सात किलोमीटर और चौड़ाई सात मीटर होगी। इसे टू-लेन सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। यह मार्ग एनएच-19 से जुड़कर एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक संपर्क मार्ग के रूप में कार्य करेगा। बाईपास के निर्माण से एनटीपीसी एवं एनपीजीसीएल की ओर आने-जाने वाले फ्लाई ऐश के भारी ट्रकों और अन्य भारी वाहनों को स्थायी एवं सुगम वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। इससे मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा बारुण बाजार की ओर से आने वाले वाहनों को धमनी होते हुए मेंह तक आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे स्थानीय और औद्योगिक दोनों प्रकार के यातायात को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी तथा आवागमन अधिक व्यवस्थित होगा। प्रस्तावित बाईपास बनने से भारी वाहनों के यातायात को मुख्य आबादी और व्यस्त मार्गों से अलग किया जा सकेगा। इससे ट्रैफिक कंजेशन में कमी के साथ सड़क सुरक्षा में सुधार होगा तथा विधि-व्यवस्था के संधारण में भी सहूलियत मिलेगी।
क्षेत्र की बढ़ती औद्योगिक एवं परिवहन आवश्यकताओं को देखते हुए यह बाईपास औरंगाबाद की कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट होगा। इसके निर्माण से आम नागरिकों के लिए भी आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित होने की उम्मीद है। स्थल निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को प्रस्तावित बाईपास के निर्माण से जुड़े कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

# सैफगंज में खेतों से पानी निकाले जाने पर किसानों के चेहरे खिले



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के कजपा पंचायत के सैफगंज गांव में खेतों में जलजमाव के कारण परेशान किसानों को गुरुवार को राहत मिली। खेतों में पानी जमा होने की सूचना पर जिला परिषद क्षेत्र संख्या 13 के सदस्य आसिफ शाह और कजपा पंचायत के सरपंच संदीप कुमार गांव पहुंचे और जलजमाव की स्थिति का जायजा लिया।
ग्रामीणों ने बताया कि पानी की निकासी का रास्ता अवरुद्ध होने के कारण खेतों में जलजमाव हो गया था। जांच के दौरान पता चला कि कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने के कारण पानी के बहाव में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर मामले को समझाया और आपसी सहमति से पानी की निकासी का रास्ता साफ कराया।
जेसीबी की मदद से अवरोध को हटाकर पानी की निकासी कराई गई। पानी का बहाव शुरू होने के बाद खेतों में जमा पानी निकलने लगा। इससे किसानों ने राहत की सांस ली और गांव में खुशी का माहौल देखने को मिला। जिला परिषद सदस्य आसिफ शाह ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पानी का बहाव रोक दिया गया था। ग्रामीणों से बातचीत कर आपसी सहमति बनाई गई और पानी की निकासी कराई गई। इससे किसानों के खेतों से पानी निकल सका। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता है और जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

# क्षेत्र को चमन बनाने के लिए चाहिए सिर्फ रोशनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर बाजार से भखरुआं जाने वाले मुख्य पथ स्थित मौला बाग से नहर के किनारे उत्तर और दक्षिण दिशा में अगर स्ट्रीट लाइट लग जाए तो यह इलाका चमन बन जाएगा। फिलहाल नहर के किनारे का यह मार्ग अंधेरे में डूबा हुआ है। लोगों को इस रास्ते आने जाने में डर लगता है, जबकि यह प्रमुख मार्ग है। अपराध की घटनाओं के डर के कारण लोग इस रास्ते अंधेरा में आना-जाना नहीं पसंद करते हैं। दूसरी तरफ सुखा नशा करने वालों से भी डर बना रहता है, जबकि सिपहां मार्ग में नर्सिंग कॉलेज और अनुमंडल अस्पताल जैसे प्रमुख संस्थान है। जहां देर रात लोगों की आवाजाही आवश्यक मजबूरी होती है। इसी रास्ते में प्रखंड सह अंचल समेत कई प्रखंड स्तरीय कार्यालयों का एक दरवाजा भी है। ऐसे में इस रास्ते में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की आवश्यकता महसूस होती है। दूसरी तरफ बम रोड की तरफ भी आबादी बस गई है। इधर आवागमन होते रहता है। अगर इस हिस्से में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाए तो लोग भय मुक्त होकर आवागमन कर सकेंगे। सुबह और शाम की तफरीह कर सकेंगे। जिससे लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे।

## योजना लेकर होगा क्षेत्र रौशन : डॉ. प्रकाशचंद्र



इस संबंध में इस संवाददाता ने विधायक डॉ प्रकाश चंद्र को प्रस्ताव दिया तो उन्होंने कहा कि योजना लेकर काम कराया जाएगा। दोनों रास्तों को जगमग रोशन किया जाएगा। संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर काम किया जाएगा।

## प्रदूषण मुक्त क्षेत्र, स्वास्थ हेतु जरूरी



नव ज्योति शिक्षा निकेतन के निदेशक नीरज कुमार गुप्ता कहते हैं कि ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र का स्वभाव ऐसा है कि वे इस काम को अवश्य करेंगे। अगर रोशनी लग जाती है तो लोगों के अंदर का डर खत्म हो जाएगा। लोग निर्भीक होकर शाम में घूम सकेंगे। शहर में बहुत बड़ी आबादी ऐसी है जो सुबह की जगह शाम को ही स्वास्थ्य लाभ के लिए तफरीह कर पाती है। इस रास्ते अनुमंडल अस्पताल जाने वाले मरीज और तीमारदार को भी लाभ होगा।

## स्वस्थ समाज बनाने के लिए जरूरी काम



एलआईसी के अभिकर्ता अवधेश पांडेय कहते हैं कि लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले इसके लिए क्षेत्र का चयन कर उसे विकसित किया जाना आवश्यक है। विधायक अगर इस हिस्से में रोशनी की व्यवस्था कर देते हैं तो लोग सुबह शाम की तफरीह निर्भीक होकर कर पाएंगे। जिससे लोग स्वस्थ होंगे। इससे समाज और शहर दोनों स्वस्थ होगा और इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# सरकारी उपेक्षा से पहचान खो रहा बेलसारा गांव का प्राचीन तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
औरंगाबाद। देव प्रखंड के बेलसारा गांव स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना पौराणिक तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपनी पहचान खो रहा है। करीब एक किलोमीटर के दायरे में फैले इस तालाब की अब तक उड़ाही नहीं कराई गई है। पूर्व में तालाब में बांध बनाकर छोटी वितरणी तैयार करने का प्रारूप बनाया गया था, जिससे सैकड़ों बीघे जमीन की सिंचाई हो सके। हालांकि, इसके बाद इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ। तालाब के कुछ हिस्से में स्थानीय किसान मखाना की खेती कर रहे हैं, जिसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है, लेकिन तालाब के जीर्णोद्धार पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव के दिनेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की उड़ाही और तटबंध की मरम्मत को लेकर पंचायत स्तरीय ग्रामसभा व आमसभा में प्रस्ताव लिए जाते हैं। इसके बावजूद अब तक प्रस्ताव को अमलीजामा नहीं पहनाया गया है।

# 18 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले ने दिया धरना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। 18 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले द्वारा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष गुरुवार को धरना दिया गया। टाउन सचिव बिरजू चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के लखन मोड़ स्थित टाउन कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए लोग भखरुआं मोड़ हो कर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन धरना में तब्दील हो गया। बाद में 18 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीओ को दिया गया। ज्ञापन में अनुमंडलीय अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने,नगर पर्षद में होल्डिंग टैक्स वृद्धि को वापस लेने, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के द्वितीय किस्त की राशि, वंचित गरीबों को भुगतान करने एवं वंचित गरीबों का आवास आवंटित करने, शहर के रिंग रोड निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने एवं छह इंच कालीकरण करने, सम्राट अशोक भवन निर्माण पर रोक लगाकर इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने, नगर पर्षद कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, रामनगर पूर्वी व गऊघाट में प्राथमिकता के आधार पर पीसीसी सड़क एवं नाला का निर्माण कराने,अमृत बिगहा सहित वर्षों से गैरमजरूआ जमीन पर बसे भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने, सभी वार्डों में विवाह भवन का निर्माण कराने, अधूरी नल जल योजना को पूर्ण कर वार्डों व मोहल्लों में जलापूर्ति ठीक कराने, महादलितों को प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने एवं भूमिहीन महादलित को पांच डिसमिल जमीन देकर पुनर्वासित करने, अंचल कार्यालय में परिमार्जन एवं दाखिल खारिज के नाम पर हो रही कथित धांधली पर रोक लगाने और प्रक्रिया को सरल करने ,पुलिस प्रशासन की मनमानी पर रोक लगाने तथा सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों के हो रहे कथित शोषण पर रोक लगाने की मांग की गई है। जिला सचिव मुनारिक राम, प्रखंड सचिव चंद्रमा पासवान, नगर सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कयूम अंसारी, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि राजकुमार भगत, पूर्व मुख्य पार्षद धर्मेंद्र कुमार, कामता प्रसाद यादव, रामचंद्र चौहान ,सुरेंद्र सिंह ,गणेश कुमार,एपवा नेत्री मीना सिंह,बसंती देवी, नेहा कुमारी, आरती देवी सहित अन्य उपस्थित थे। धरना के दौरान ही नगर पर्षद के ईओ ऋषिकेश अवस्थी धरनार्थियों से वार्ता करने धरना स्थल पर पहुंचे, लेकिन धरनार्थियों द्वारा कहा गया कि शिष्टमंडल एसडीओ से मिलकर ज्ञापन देगा।

# हिंदी दिवस प्रतियोगिताओं में अहियापुर स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

### भाषण व कविता में ऋषिकेश और अंजली प्रथम, निबंध में गुंजन ने हासिल किया द्वितीय स्थान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा/औरंगाबाद**। हिंदी दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के तहत हसपुरा प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड स्तरीय भाषण, कविता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विद्यालय अहियापुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। भाषण एवं कविता प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र ऋषिकेश कुमार और अंजली कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, निबंध प्रतियोगिता में गुंजन कुमारी ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उच्च माध्यमिक विद्यालय अहियापुर के प्रधानाध्यापक अम्बुज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं अभिव्यक्ति क्षमता को भी मजबूत करती हैं।
इस अवसर पर शिक्षक मनोज कुमार, लालू कुमार, प्रियंका कुमारी, एजाज अहमद सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जगदेव विचार मंच की नई कमेटी गठित, विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के पचरुखिया बाजार स्थित शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा के संरक्षण, सुरक्षा एवं बेहतर देखभाल के साथ-साथ उनके विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जगदेव विचार मंच को नए सिरे से सशक्त बनाने की पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में पचरुखिया हनुमान मंदिर परिसर में मंच की नई कमिटी के गठन को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने जगदेव बाबू के विचारों और उनके सिद्धांतों को लेकर अपने-अपने विचार रखे। बैठक के बाद पुरानी कमिटी को भंग कर नई 21 सदस्यीय कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।
बैठक की अध्यक्षता श्याम किशोर सिंह ने की, जबकि संचालन शिक्षाविद रणधीर कुमार ने किया। नई कमिटी में श्याम किशोर सिंह को अध्यक्ष, रणधीर कुमार को सचिव तथा प्रेम कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।
कमिटी के सदस्यों में डोमन सिंह, रामबली सिंह, सोनम कुशवाहा, डॉ. जेलेश वर्मा, डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. शैलेन्द्र कुमार, बसंत कुमार, बबन मेहता, श्रीकांत वर्मा, शत्रुघ्न सिंह, गोपाल सिंह, मुन्ना कुमार, अनिल कुशवाहा, अमन कुशवाहा, रविंद्र यादव, बृजनंदन मेहता, मनोज कुमार, सचिन कुमार तथा अरुण कुमार रंजन शामिल हैं।

# माफिया का बढ़ा दुस्साहस, अभ्रक के साथ पहाड़ियों का भी सीना चीर रहे कारोबारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**रजौली**। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध भानेखाप क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार बढ़ता जा रहा है। भानेखाप की प्रसिद्ध अभ्रक खदानों में अवैध उत्खनन लंबे समय से जारी है। अब अभ्रक निकालने की आड़ में क्षेत्र की पहाड़ियों से भी पत्थरों का अवैध उत्खनन किए जाने की बात सामने आ रही है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक खदानों के समीप स्थित पहाड़ियों से भारी मात्रा में पत्थरों का उत्खनन किया जा रहा है। शक्तिशाली विस्फोटकों और भारी मशीनों के इस्तेमाल से क्षेत्र में लगातार धमाकों की आवाज सुनाई देने की बात ग्रामीणों ने कही है। इससे पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी असर पड़ रहा है। कोडरमा और स्थानीय माफियाओं के संगठित गिरोह द्वारा अवैध खनन किए जाने से राज्य सरकार को हर दिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान होने का दावा किया जा रहा है। बिना वैध लीज, पर्यावरणीय स्वीकृति या चालान के पहाड़ियों से पत्थर तोड़े जाने और खदानों से अभ्रक निकाले जाने की बात कही गई है। कोडरमा व रजौली क्षेत्र में मशीनों से पहाड़ियों को काटकर जंगलों में बनाए गए रास्तों से पत्थर और अभ्रक का परिवहन किया जा रहा है। खनन स्थलों से ओवरलोडेड भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से संबंधित विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। भानेखाप की अवैध खदानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने की बात सामने आ रही है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे स्थानीय मजदूरों को मामूली दिहाड़ी पर गहरे गड्ढों और कमजोर पहाड़ियों के नीचे काम करना पड़ता है। सुरक्षा उपकरणों के बिना सैकड़ों फीट गहराई में काम करने से उनकी जान पर खतरा बना रहता है। अवैध खनन के दौरान चट्टान खिसकने और खदान धंसने से हादसे होने की भी बात कही गई है। पत्थर तोड़ने के लिए किए जाने वाले बारूदी विस्फोटों से आसपास के गांवों के मकानों में दरारें पड़ने और धूल के कारण ग्रामीणों को सांस संबंधी परेशानी होने का भी दावा किया गया है।

# ग्रामीण बैंकिंग नेटवर्क को और मजबूत करने की जरूरत : सांसद

## जिलास्तरीय बैंकिंग की हुई समीक्षा बैठक, सुविधाएं बढ़ाने की कही गई बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** समाहरणालय परिसर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त स्वप्निल की अध्यक्षता में एवं सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर की उपस्थिति में जिला स्तरीय परामर्शदात्री/बैंकिंग समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की बैंकिंग व्यवस्था, ऋण प्रवाह, वित्तीय समावेशन तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि दरभंगा की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मखाना, कृषि आधारित गतिविधियों, एफपीओ, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों तथा नए व्यवसायों को बैंकिंग ऋण से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने बैंक एवं ग्रामीण बैंकिंग नेटवर्क को और मजबूत करने, दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने तथा आमजन के बीच वित्तीय साक्षरता बढ़ाने पर भी जोर दिया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग को देखते हुए आम लोगों को साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभावी अभियान चलाने की आवश्यकता बताई।

सांसद ने कहा कि बैंक एवं जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित ऋण मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

बैठक में जिले में बैंकिंग नेटवर्क की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान सांसद ने सरकारी बैंकों की शाखाओं की संख्या के संबंध में जानकारी लिए। बताया कि वर्तमान में जिले में सरकारी बैंकों की 264 शाखाएं, 235 एटीएम एवं 1,751 ग्राहक सेवा केंद्र कार्यरत हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से लगभग प्रत्येक 10 किलोमीटर की दूरी पर सरकारी बैंक की शाखा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जाएगी। इसके लिए उपयुक्त स्थलों को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने की बात कही गई। उन्होंने बैंक अधिकारियों से कहा कि पात्र लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दिलाना केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनहित एवं विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। सभी बैंक अधिकारी संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में एलडीएम, नाबार्ड की जिला प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 2.63 लाख लाभुकों को 30.35 करोड़ अंतरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। इसका लाइव प्रसारण बेगूसराय एनआईसी कार्यालय में किया गया, जहां जिलाधिकारी रिची पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा कुमारी और लाभुक मौजूद थे। अगस्त 2026 माह के लिए बेगूसराय में कुल 2,63,338 लाभुकों के खाते में 30,35,97,000 भेजे गए ।जिसमे मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन 1,26,704 लाभुक - 15.12 करोड़ राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन 65,197 लाभुक - 7.18 करोड़ लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशनः 30,263 लाभुक - 3.42 करोड़ बिहार निःशक्तता पेंशन 22,992 लाभुक - 1.74 करोड़ राष्ट्रीय विधवा पेंशन 15,644 लाभुक - 2.60 करोड़ राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन 2,538 लाभुक - 27.96 लाख डीएम रिची पांडेय ने कहा कि डीबीटी से पारदर्शिता सुनिश्चित होती है और पात्रों को समय पर आर्थिक संबल मिलता है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ सुगमता से पहुंचे।

# जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की आम सभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वीरपुर।** भारत जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को एफटीआईसी सभागार, वीरपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड परियोजना प्रबंधक शैलेश रंजन, जिला मेंटर सह प्रबंधक-संचार राजीव रंजन, क्षेत्रीय समन्वयक सह एंकर पर्सन सूर्येश कुमार, समिति की अध्यक्ष अनुराधा कुमारी शर्मा एवं सचिव वंदना कुमारी ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। सभा के दौरान समिति का विजन डॉक्यूमेंट, वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समिति की उपलब्धियों, प्रगति तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर जिला मेंटर सह प्रबंधक राजीव रंजन ने समिति के कार्यों की सराहना की। प्रखंड परियोजना प्रबंधक शैलेश रंजन ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं आजीविका संवर्धन योजनाओं की जानकारी देते हुए जीविका दीदियों से अधिक से अधिक योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार ने सहकारी समिति द्वारा किए जा रहे विशिष्ट कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि समिति से जुड़ी दीदियों में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से इन संभावनाओं को बेहतर परिणामों में बदला जा सकता है। कार्यक्रम की धन्यवाद ज्ञापन समिति की सचिव वंदना कुमारी ने किया। इस अवसर पर समिति की पदाधिकारी, जीविका दीदियां एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मेला सम्पन्न

## लोकगायक गौरव ठाकुर और कल्पना मंडल की गायकी पर पूरी रात झूमे श्रोता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर।** प्रखंड मुख्यालय बाजार में लगा पांच दिवसीय प्रसिद्ध श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मेला बुधवार की देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के भव्य समापन के साथ संपन्न हो गया। समापन की रात मेला परिसर में जनसैलाब ऐसा उमड़ा कि दस कदम चलना भी मुश्किल हो रहा था। देर रात तक हजारों की भीड़ मंच के सामने डटी रही और एक पल के लिए भी नहीं हिली। बीती रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतिम दिन की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद मंच संभाला प्रसिद्ध लोकगायक गौरव ठाकुर और लोकगायिका कल्पना मंडल ने। दोनों की जादुई आवाज और भक्ति-लोकगीतों पर श्रोता पूरी रात झूमते रहे। कार्यक्रम में चार चांद लगाया एंकर चंचल ने। उनके शायराना अंदाज और शेर-ओ-शायरी के दौर ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका खूब स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपप्रमुख पंकज कुमार यादव ने मंच पर उपस्थित सभी कलाकारों, पत्रकारों, सहयोगी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और पुलिसकर्मियों को चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी गायकी में जन्म देने वाली मां की महिमा का भावपूर्ण गीत भी प्रस्तुत किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। 15 वर्षीया सोनाली कुमारी, जो प्रखंड, जिला और प्रमंडल स्तरीय मैराथन दौड़ में लगातार तीन बार चैंपियन रही है और राज्य स्तरीय दौड़ में लगातार तीसरे स्थान पर रही है, को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विदित हो कि सोनाली बहुत ही गरीब परिवार से आती है और उसके पिता रमेण साह का निधन हो चुका है। पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन आदित्य कांत शर्मा कर रहे थे। मौके पर पूजा समिति के सचिव बलवीर कुमार, पूर्व प्रमुख शत्रुघ्न कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ संजीव कुमार , पुजा समिति के सक्रिय सदस्य संजीव कुमार उर्फ टिंकू, अभिषेक रंजन सहित कई गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे। हजारों की भीड़ को नियंत्रित करने में प्रभारी थानाध्यक्ष सुमित कुमार, एएसआई अभिषेक रंजन, एएसआई अजय कुमार सहित अन्य पुलिस बलों की सराहनीय भूमिका रही।

गुरुवार को विधि-विधान से पूजन के बाद भगवान श्रीकृष्ण और मां राधे की प्रतिमा को सिमरिया गंगा घाट में विसर्जित कर दिया गया, जिसके साथ ही इस वर्ष के महोत्सव मेले का विधिवत समापन हो गया।

# 'फंडामेंटल्स ऑफ ऑर्गेनिक केमिस्ट्री' पर सेमिनार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** एम.आर.एम. कॉलेज के रसायन विभाग द्वारा एम.एससी. सेमेस्टर-1 और बी.एससी. सेमेस्टर-1 के रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए 'फंडामेंटल्स ऑफ ऑर्गेनिक केमिस्ट्री' विषय पर एक विभागीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता महाविद्यालय की नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. डॉ. पुष्पम नारायण ने की। सेमिनार की संयोजिका रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निशा सक्सेना रहीं, जबकि आयोजन सचिव के रूप में सहायक प्राचार्य डॉ. वंदना कुमारी ने अपनी भूमिका निभाई। सेमिनार के समन्वयक शोधार्थी अजित कुमार रहे तथा तकनीकी सहयोग शोधार्थी कृष्णाकांत द्वारा प्रदान किया गया। सेमिनार में एम.एससी. सेमेस्टर-क्र की छात्राओं साक्षी किरण, प्रीति, निक्की, साक्षी, और मीरा ने वक्ता के रूप में 'फंडामेंटल्स ऑफ ऑर्गेनिक केमिस्ट्री' विषय पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। छात्राओं ने बताया कि ऑर्गेनिक केमिस्ट्री जीवन और पदार्थ को समझने का आधार है। इस अवसर पर विशेष रूप से भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित गुप्ता एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रकृति नेहा उपस्थित रहे। दोनों ने छात्राओं को मंच पर एक कुशल वक्ता के रूप में प्रदर्शन करने तथा प्रभावी संचार कौशल विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और उनके प्रस्तुतीकरण कौशल को निखारने में मदद की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. डॉ. पुष्पम नारायण ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें कक्षा में अधिक से अधिक प्रस्तुति देने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे विभाग के विद्वान प्राध्यापकों के ज्ञान से लाभान्वित हो सकें और अपने कौशल व विषय की समझ को और बेहतर बना सकें। सेमिनार की संयोजिका डॉ. निशा सक्सेना ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में बड़ी संख्या में भाग लेकर वे न केवल अच्छे विद्यार्थी के रूप में, बल्कि एक आत्मविश्वासी और व्यक्तित्ववान व्यक्ति के रूप में भी विकसित होंगे। आयोजन सचिव डॉ. वंदना कुमारी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करें ताकि अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। अंत में विभाग के समन्वयक एवं शोधार्थी अजित कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# बरौनी कॉलेज में धूमधाम से मना स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बरौनी।** अयोध्या प्रसाद सिंह स्मारक महाविद्यालय बरौनी में मंगलवार को स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 1958 में स्थापित कॉलेज की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए शिक्षक और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डॉ मुकेश कुमार ने की। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध आलोचक, शिक्षाविद एवं पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. चंद्रभानु प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शहर में शिक्षण संस्थान होने से मिलने वाले बेहतर संसाधनों और अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कॉलेज के लिए जमीन दान करने वालों के प्रति कृतज्ञता जताई और कहा कि उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत, संस्कार और सकारात्मक सोच अपनाने तथा लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज और देश के विकास में योगदान देने की सीख दी। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. अमरेश सांडिल्य ने कॉलेज से जुड़े अनुभव साझा किए। समारोह में 1958 से अब तक की शैक्षणिक यात्रा और उपलब्धियों को याद किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ सुशील कुमार ने किया।

# अब जीपीडीपी में सड़क-नाली ही नहीं, स्वस्थ मां-बच्चा और पोषण भी होगा शामिल

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंचायतों का विकास अब केवल सड़क, नाली और भवन तक सीमित नहीं रहेगा। 'विकसित पंचायत, विकसित बेगूसराय' लक्ष्य के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना में स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, पोषण, स्वच्छता और बीमारी से बचाव को भी शामिल किया जाएगा। जिला पंचायत संसाधन केंद्र कंकौल में जीपीडीपी एवं सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण हुआ। इसमें बीपीआरओ, मुखिया, पंचायत सचिव और कार्यपालक सहायक शामिल हुए। उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. गोपाल मिश्रा, जिला गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. संजय सिंह, सदर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिवाकर, नोडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार व रवि कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। पीरामल फाउंडेशन के ज्ञानोदय प्रकाश और दीपक मिश्रा ने 'स्वस्थ ग्राम' थीम पर पंचायतों की भूमिका बताई। कहा कि जीपीडीपी में गर्भवती की समय पर पहचान, एएनसी जांच, हाई-रिस्क गर्भावस्था की निगरानी, संस्थागत प्रसव और मां-नवजात देखभाल को प्राथमिकता देनी होगी। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय पोषण माह, एनीमिया मुक्त भारत, टीबी मुक्त भारत में पंचायतों की भागीदारी, नियमित जांच, स्वच्छता, साफ पानी, मच्छर नियंत्रण और ठ्ळ्क्ककको प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने 'स्वस्थ ग्राम' थीम के चयन और संकेतकों के आधार पर कार्ययोजना बनाने का आग्रह किया।

# आईबीएम बेला में दीक्षारंभ कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** प्रबंधन के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्थान आईबीएम बेला में साप्ताहिक दीक्षारंभ कार्यक्रम गुरुवार से प्रारंभ हो गया। जिसका विधिवत उद्घाटन नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के अध्यक्ष डॉ बी के मिश्रा ने किया। मौके पर उपस्थित छात्रों शिक्षकों एवं संस्थान के कर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ मिश्रा ने कहा कि यह संस्थान प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में मिथिला क्षेत्र में सबसे अग्रणी है। यहां के छात्र देश-विदेशों में बड़े-बड़े पदों पर कार्य करते हुए संस्थान की प्रतिष्ठा को निरंतर बढ़ा रहे हैं।

उपस्थित छात्रों शिक्षकों एवं संस्थान की कर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ मिश्रा ने कहा कि पेशेवर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे परिवर्तन को देखते हुए वैश्विक मांग के अनुरूप इस संस्थान में छात्रों को शिक्षण देने की व्यवस्था की जाती है ताकि वे वर्तमान परिवेश की प्रतिस्पर्धा में सफल हो सके। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक एवं पूर्व कुलसचिव प्रोफ़ेसर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि यह दीक्षारंभ कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्रों का उत्प्रेरण किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 16 सितंबर को होना तय है। वही 18 सितंबर से बीबीए, एमबीए और बीसीए का नियमित वर्ग चलेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बदलते वैश्विक परिवेश में प्रबंधन व कंप्यूटर शिक्षा का महत्व बढ़ गया है। यह संस्थान बीबीए, एमबीए और बीसीए की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने का सुनहरा अवसर प्रदान करते रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूजा झा के द्वारा किया गया जबकि स्वागत संबोधन संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर ए एन झा ने किया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान शिवानी, कल्याणी और गौरी कुमारी ने प्रस्तुत की। मौके पर पंकज कुमार सिंह, गोपी कृष्ण चौधरी तथा डॉ विक्रांत गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी बीके झा ने किया।

# लखमिनिया स्टेशन पर भटकी विजयवाड़ा की 22 वर्षीय विवाहिता

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी-कटिहार रेलखंड के लखमिनिया स्टेशन पर दक्षिण भारत के विजयवाड़ा की 22 वर्षीय विवाहिता के भटककर पहुंचने और उसे बहला-फुसलाकर घर ले जाने का मामला सामने आया है। युवती की संदिग्ध स्थिति और शरीर पर चोट के निशान देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को युवती के साथ पकड़कर बलिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जांच शुरू की है। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि घर ले जाने के दौरान युवती के साथ कोई गलत हरकत तो नहीं हुई। भाषा की बाधा के कारण युवती हिंदी नहीं समझ पा रही है और अपनी बात स्पष्ट नहीं बता पा रही, इसलिए पुलिस विशेष सावधानी से बयान दर्ज करने की तैयारी में है। पुलिस युवती के परिजनों की तलाश और वह किस ट्रेन से, किन परिस्थितियों में विजयवाड़ा से लखमिनिया पहुंची, इसकी जानकारी जुटा रही है।

# जिले में 8 अंचलों की 37 पंचायतें प्रभावित, 3.80 लाख आबादी प्रभावित : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में कारगिल विजय सभा भवन में बाढ़ समीक्षा बैठक हुई। जिसमें डीएम रिची पांडेय, एसपी मनीष, विधायक कुंदन कुमार सहित सभी अधिकारी मौजूद थे। बताया गया कि गंगा दीघा, गांधी घाट, हाथीदह, मुंगेर में और बूढ़ी गंडक खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर है। जिले के 8 अंचलों, 2 नगर निकाय, 37 पंचायतों के 189 गांव-325 वार्ड में 3,80,980 लोग प्रभावित हैं - बेगूसराय सदर, बछवाड़ा, साहेबपुर कमाल, बलिया, तेघड़ा, मटिहानी, बरौनी, शाम्हो के कई पंचायत शामिल। राहत कार्य में 269 नावें (23 सरकारी, 246 निजी), 41,880 में से 29,351 पॉलीथीन शीट वितरित। 228 में से 182 सामुदायिक रसोई चालू, 9 सितंबर तक 5,79,521 थाली भोजन, 80 राहत शिविर चिन्हित। 62 मेडिकल टीम (14 चलंत, 19 अस्थाई, 29 स्थाई), 4 बोट एंबुलेंस, 82,312 लोगों का इलाज। 122 प्रकार की दवाएं उपलब्ध। पशुओं के लिए 46 शिविर, 8 मेडिकल वैन, 39,375 पशु प्रभावित, 7,909 का उपचार, 1,418.05 क्विंटल चारा वितरित। 20 तटबंध (10 मुख्य, 10 जमींदारी) सुरक्षित, कटाव निरोधक कार्य पूरे। आपदा पोर्टल पर 1,00,953 परिवार चिन्हित, कृषि क्षेत्र 27,034 हेक्टेयर में 19,504 हेक्टेयर 33% से अधिक प्रभावित।मंत्री ने राहत में कमी न रखने और तटबंधों पर लगातार निगरानी का निर्देश दिया।

# सकरी चीनी मिल की सदस्यता के लिये लगाया गया शिविर

**मनीगाछी (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सकरी चीनी मिल सदस्यता के लिए सहकारी विभाग द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में एक शिविर लगाया गया। बीडीओ संदीप कुमार पांडे के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में पूर्व से निबंधित 22 किसानों ने (3 बजे तक )सदस्यता ली। बीडीओ ने बताया की सदस्यता के लिए कुल 1100 की राशि निर्धारित की गई है, जिसमें 100 रूपये सदस्यता शुल्क में तथा एक शेयर का मूल्य 1000 रूपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 16 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने सभी निबंधित किसानों से सदस्य बनने काआह्वान किया है। मौके पर बीसीईओ रूपेश कुमार पांडे, बीएओ रजनीश कुमार ठाकुर,बैंक कर्मी संदीप सुमन, विंध्याचल कुमार, कार्यपालक सहायक पवन कुमार, कृषि समन्वयक गणेश यादव,अमरेंद्र कुमार,सलाहकार ओम कुमार राम, संतोष झा, फूलचंद यादव मौजूद थे।

# गरीबी को रौंदकर दौड़ रही सोनाली

- तीन साल से प्रखंड से प्रमंडल तक मैराथन चैंपियन, राज्य में भी मारी बाजी
- मां और 19 साल का भाई दिहाड़ी कर चला रहा है घर
- उड़न परी' और बिहार की पीटी ऊषा के नाम से जानी जा रही है सोनाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर (बेगूसराय)।** प्रखंड के संजात गांव, इंदिरा चौक वार्ड-9 की 15 वर्षीया सोनाली कुमारी अपनी प्रतिभा के भरोसे उड़न परी के नाम से चर्चित हो रही है। अत्यंत गरीब परिवार में जन्मी सोनाली को आज पूरा क्षेत्र उड़न परी' और बिहार की पीटी ऊषा के नाम से जान रहा है। स्वर्गीय रमेण साह की सबसे छोटी बेटी सोनाली तीन बहनों और एक भाई में सबसे छोटी है। सोनाली का परिवार घोर आर्थिक तंगी में जीवन जी रहा है। पिता के निधन के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी मां संगीता देवी और 19 वर्षीय बड़े भाई गोलू कुमार पर है। मां गौपालन कर और कुछ दिन पहले तक पंचायत में कचरा उठाने का काम कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करती हैं, लेकिन उन्हें उस काम से भी हटा दिया गया। वहीं भाई गोलू दिहाड़ी मजदूर का काम कर मां का हाथ बंटाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले एक छोटे से घर में पूरा परिवार रहता है। इसी गरीबी के बीच सोनाली गांव के ही यूएचएस प्लस टू स्कूल में इंटर की पढ़ाई कर रही है। इस साल उसने मैट्रिक की परीक्षा पास की है। सोनाली की प्रतिभा को तराशने का काम गांव के ही 'हमसफर ग्रुप' ने किया है। इस ग्रुप के सदस्य संजीव कुमार झा ने बताया कि सोनाली में बचपन से ही अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने ही उसे दौड़ की बारीकियां सिखाईं। उनके सहयोग और सोनाली की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि वर्ष 2023, 2024 और 2025 में सोनाली प्रखंड, जिला और प्रमंडल स्तरीय मैराथन दौड़ में लगातार चैंपियन रही है। इन्हीं तीनों वर्षों में राज्यस्तरीय मैराथन में तीसरे स्थान पर रही और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित हुई। वहीं 2025 में राज्यस्तरीय मशाल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रखंड में आयोजित तरंग व मशाल गेम में भी चैंपियन रही। वहीं 2025 प्रदेश स्तरीय प्रतिभा खोज मैराथन दौड़ में दूसरा स्थान, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे सम्मानित किया। वहीं 2023 में जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान मैराथन में तीसरा स्थान, जिस पर 3,000 रुपये का प्रोत्साहन जिलाधिकारी द्वारा मिला। सोनाली की इस प्रतिभा को देखकर अब समाज के लोग भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं। दौड़ में शामिल होने जाते समय उपप्रमुख पंकज कुमार यादव ने उसे जूते और अन्य सहयोग दिया था। पंचायत में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कंचन मिश्रा द्वारा आयोजित डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर उसे 5,000 रुपये का चेक देकर प्रोत्साहित किया गया था और सबसे भावुक क्षण आया 9 सितंबर को भगवानपुर के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मेले के समापन मंच पर। हजारों दर्शकों के सामने मंच पर पूजा समिति, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उसे सम्मानित किया। वहीं उपप्रमुख पंकज कुमार यादव ने मंच से ही उसे 50,000 रुपये का चेक सौंपा और भविष्य में हर संभव सहयोग का वचन दिया। चेक हाथ में आते ही सोनाली की आंखें भर आईं। संजात की यह बेटी आज सिर्फ एक धावक नहीं, बल्कि उन हजारों गरीब बेटियों के लिए उम्मीद की किरण है जो संसाधनों के अभाव में भी आसमान छूने का हौसला रखती हैं।


बिहार सरकार

**कार्यालय नगर परिषद, दाउदगनर (औरंगाबाद)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2026–27**

**सैंरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2026–27 हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए नगर परिषद, दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत शहर के मुख्य 06 (छह) स्थानों पर अधिष्ठापित **Data Wall Display LED TV** का बन्दोबस्ती हेतु सशक्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक–07.09.2026 के द्वारा प्रस्ताव सं0–3 के अन्यान्य– "च" के द्वारा पारित किया गया है। उक्त पारित आदेश के आलोक में **Data Wall Display LED TV** का बन्दोबस्ती हेतु तिथि निर्धारण किया जाता है, जो इस प्रकार है–

**इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्त का पालन करते हुए डाक में भाग ले सकते हैं :–**

| क्र0 सं0 | सैंरातों का नाम | दिनांक | वसूली का प्रकार | वसूली हेतु निर्धारित दर | सूरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Data Wall Display LED TV | 05.10.2026<br>06.10.2026<br>07.10.2026 | – | – | 1,00,000.00 | 10,000.00 | 12:00 बजे अपराह्न |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 011527 ( B & C ) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, दाउदनगर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर से डिग्री कॉलेज निर्माण स्थल पर बाढ़ का संकट

## चांदपुरा-राघोपुर में निर्माण कार्य प्रभावित, मिट्टी भराव और निर्माण सामग्री को नुकसान की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**राघोपुर (वैशाली)।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से राघोपुर प्रखंड के चांदपुरा पंचायत क्षेत्र में निर्माणाधीन चांदपुरा-राघोपुर डिग्री कॉलेज के निर्माण स्थल पर बाढ़ का संकट गहरा गया है। बढ़ते पानी के कारण निर्माण स्थल के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं, जिससे निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित हुआ है। जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी रहने से आने वाले दिनों में नुकसान और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय स्तर से मिली जानकारी के अनुसार, बाढ़ का पानी निर्माण स्थल के विभिन्न हिस्सों में फैल गया है। तेज बहाव और पानी के बढ़ते दबाव के कारण पहले किए गए मिट्टी भराव में भी बड़े पैमाने पर कटाव और बहाव की स्थिति बनी है। वहीं निर्माण स्थल पर रखी मिट्टी, बालू, गिट्टी, सरिया, सेंटरिंग-शटरिंग समेत अन्य निर्माण सामग्री के प्रभावित होने की सूचना है। प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपये की निर्माण सामग्री और संपत्ति के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वास्तविक क्षति कितनी हुई है, इसका स्पष्ट आकलन बाढ़ का पानी कम होने के बाद स्थल का विस्तृत निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किए जाने पर ही हो सकेगा। बाढ़ के कारण निर्माण कार्य की गति भी थम गई है। यदि गंगा के जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो निर्माण स्थल पर जमा सामग्री के साथ-साथ पूर्व में किए गए मिट्टी भराव और अन्य निर्माण कार्यों को भी अतिरिक्त नुकसान पहुंच सकता है। स्थानीय लोगों की नजर अब गंगा के जलस्तर और प्रशासनिक स्तर पर उठाए जाने वाले संभावित कदमों पर टिकी है।

# केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि चिह्नत करने हेतु डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** डीएम कौशल कुमार ने गुरुवार को बेनीपुर प्रखंड अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि के चिन्हांकन को लेकर विभिन्न स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बेनीपुर प्रखंड के माधोपुर, नवादा एवं डाक बंगला स्थित स्थलों का बारी-बारी से निरीक्षण कर वहां उपलब्ध भूमि, स्थल की स्थिति, पहुंच मार्ग, भौगोलिक स्थिति तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों से प्रस्तावित स्थलों से संबंधित भूमि अभिलेख, उपलब्ध रकबा, भूमि की प्रकृति एवं स्वामित्व की स्थिति सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप स्थल की उपयुक्तता का भी जायजा लिया। निरीक्षण के मौके पर सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, अनुमंडल पदाधिकारी, बेनीपुर, भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर), बेनीपुर, अंचलाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे विधायक, राहत कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में बाढ़ की गंभीर स्थिति के बीच विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को केशोपुर से एसडीआरएफ की नाव के जरिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक ने बखोरापुर, सिन्हा, गजियापुर और जोकहरी पंचायतों के विभिन्न स्थानों पर संचालित सामुदायिक रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, अस्थायी राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मिलकर उनका हाल जाना और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। दौरे के दौरान तेज धूप और बारिश के बीच विधायक लगातार प्रभावित इलाकों में सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि बाढ़ की इस आपदा में उनकी पूरी टीम 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए तत्पर है। किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर तत्काल समाधान का प्रयास किया जाएगा।

**मृत आश्रितों को चार-चार लाख का चेक**

इससे पहले मंगलवार को विधायक ने अंचलाधिकारी के साथ बाढ़ में डूबने से मृत बभनगांव के आश्रित कुमार और बबुरा के कुंवर पासवान के परिजनों से मुलाकात की। मृतकों के परिजन दिनेश कुमार और शांति देवी को आपदा सहायता के तहत चार-चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। विधायक ने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ पीड़ितों को सरकार की ओर से मिलने वाली राहत और सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है और जरूरत के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुंचाई जाएगी। इस दौरान पंचायती राज पदाधिकारी, समाजसेवी यशवंत नारायण, सन्नी सिंह, सौदागर बिंद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अर्थ गंगा के तहत 450 किसानों को जैविक-प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत अर्थ गंगा कार्यक्रम में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी कंकौल में प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला हुई। जिला कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब 450 किसानों ने भाग लिया। उद्घाटन जिलाधिकारी रिची पांडेय और उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी ने किया। डीएम ने कहा कि प्राकृतिक-जैविक खेती से मृदा स्वास्थ्य सुधरेगा, जल-संसाधनों का संरक्षण होगा और किसानों की आय स्थायी रूप से बढ़ेगी। डीडीसी ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से अनुभव और चुनौतियां सुनीं और इसे अन्य किसानों तक पहुंचाने को कहा। कृषि विज्ञान केंद्र खोदावंदपुर के प्रधान वैज्ञानिक ने गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जैविक संसाधनों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य, जैविक कार्बन की तकनीकी जानकारी दी। नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे बिट्टू कुमार सिंह ने गंगा संरक्षण और कृषि के संबंध पर प्रकाश डाला। जीविका डीपीएम अविनाश कुमार ने कृषि आधारित आजीविका में जीविका की भूमिका बताई।प्रगतिशील किसान रामकुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार चौधरी, जयशंकर सिंह और अशोक सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, खठ्ठख वैज्ञानिक, सभी अनुमंडल व प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, सलाहकार, कृषि सखी, उटए संचालक मौजूद थे। उत्कृष्ट किसानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन खुशबू कुमारी और कुंदन कुमार ने किया।

## खुले नाले से परेशानी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर और आसपास के इलाके में जीटी रोड के किनारे खुला नाला राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। नाले पर ढक्कन या पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है। जीटी रोड जिले की प्रमुख सड़कों में शामिल है।


**पूर्व रेलवे**

**सूचना सं. सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 07.09.2026;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_18_ओटी, दिनांक 07.09.2026; कार्य का नाम:** मालदा मंडल के एएसटीई/साहिबगंज अनुभाग में एसएसबीपीएसी(डी) द्वारा डबल लाइन ब्लॉक उपकरणों के प्रतिस्थापना के साथ ईआई कनेक्टिविटी। **निविदा मूल्य:** रु. 5,10,11,672। **बयाना राशि:** रु. 10,20,200। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** दिनांक 15.09.2026 से 29.09.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्ट:** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पट्ट: सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

(MLD-189/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सफाईकर्मियों के लिए लगाया गया विशेष स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** दरभंगा नगर परिषद, जाले के कार्यालय परिसर में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से सफाई कर्मियों और कार्यालय कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 65 सफाई कर्मियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गयी. इस दौरान ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबीन, ब्लड शुगर समेत सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिविर को दो दिवसीय रखा गया है. शुक्रवार को जांच से वंचित शेष कर्मियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। स्वास्थ्य जांच शिविर में नगर परिषद के सफाई कर्मियों और कार्यालय कर्मचारियों ने हिस्सा लिया. पहले दिन कुल 65 कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गयी. जांच के दौरान कर्मचारियों की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण करने के साथ जरूरी रक्त संबंधी जांच भी की गयी। स्वास्थ्य जांच को लेकर कर्मियों में भी रुचि देखी गयी। शिविर के माध्यम से कर्मचारियों को एक ही जगह प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। शिविर में कर्मचारियों का ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबीन और ब्लड शुगर जांचा गया. इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. स्वास्थ्य कर्मियों ने जांच के दौरान जरूरी जानकारी ली और कर्मचारियों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन किया। सफाई कर्मियों के काम की प्रकृति को देखते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच को उपयोगी बताया गया। आरबीएसके के चिकित्सक डॉ. महबूब ने बताया कि सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिविर दो दिनों के लिए आयोजित किया गया है. गुरुवार को 65 कर्मियों की जांच की गयी, जबकि शुक्रवार को जांच से वंचित बाकी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा. स्वास्थ्य जांच शिविर में आरबीएसके के चिकित्सक डॉ. महबूब, सीएचओ गौरव कुमार, काउंसलर अनिल कुमार, लैब असिस्टेंट मुन्ना कुमार और मो. अनवर मौजूद रहे. इनके अलावा एएनएम सरिता कुमारी, पूजा कुमारी और विन्दी कुमारी समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच कार्य में सहयोग किया। दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से नगर परिषद के सफाई और कार्यालय कर्मियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. गुरुवार को हुई जांच के बाद शुक्रवार को शेष कर्मियों की जांच पूरी की जाएगी. इससे नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर अपनी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी हासिल करने में सुविधा होगी।

**मनीगाछी की छह पंचायतों मे गुरु संत रविदास विकास शिविर आयोजित : मनीगाछी (दरभंगा)।** गुरु संत रविदास विकास शिविर प्रखंड के 6 पंचायतों यथा राजे,राघोपुर उत्तरी, बलौर,राघोपुर दक्षिणी, नेहरा पूर्वी एवं ब्रह्मपुरा तय -भटपुरा में गुरुवार को आयोजित की गई। 27 अगस्त से चलने वाली यह शिविर प्रत्येक गुरुवार को लगाई जाती है जो शिविर 15 फरवरी 2027 तक चलेगी

## नए थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने संभाला कार्यभार

**कोइलवर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोईलवर थाना के नए थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों के साथ क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी ली। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध होने के बाद कार्रवाई करने के साथ ही अपराध की घटनाओं को पहले ही रोकने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# बागीचे से चोरी की तीन बाइकें बरामद, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** बबुरा थाना क्षेत्र में भोजपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में वाहन चोरी, लूट, डकैती, चोरी एवं मादक पदार्थों की बरामदगी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बबुरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छापेमारी कर कोल्हरामपुर गांव स्थित बगीचे से अपराध की योजना बना रहे चोरी की तीन अपाची मोटरसाइकिल बरामद करते हुए चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया है। जिसमें गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ बड़हरा, कोईलवर, संदेश व शाहपुर थाना समेत अन्य स्थानों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह व बबुरा थाना प्रभारी संजय कुमार के अनुसार, 9 सितंबर को गुप्त सूचना के आधार पर बबुरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव स्थित बगीचे में छापेमारी की गई। इस दौरान एक चोरी की अपाची मोटरसाइकिल के साथ दो अन्य अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं। पुलिस ने मौके से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस मामले में चार अपराधकर्मी संलिप्त बबुरा थाना कांड संख्या 78/26 दर्ज किया गया है। बरामद मोटरसाइकिलों में एक का संबंध शाहपुर थाना कांड संख्या 218/26 से भी बताया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में पहला राहुल कुमार पिता जितेंद्र प्रसाद, साकिन मखदूमपुर फूहां, थाना बबुरा, दूसरा विक्की कुमार, पिता सर्वजीत राय, साकिन कोल्हरामपुर, थाना बबुरा तीसरा प्रेम शंकर उर्फ प्रेम कुमार, पिता निर्मल सिंह, साकिन पचैना बाजार, थाना कोईलवर तथा चौथा अपराधकर्मी विकास कुमार, पिता सत्तार नट साकिन पचरुखिया कला, थाना बबुरा भोजपुर शामिल हैं।

# डीएम ने वीसी के माध्यम से की बाढ़ की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बाढ़ की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति, राहत-बचाव कार्यों एवं उपलब्ध कराई जा रही आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी नोडल पदाधिकारियों को अपने आवंटित अंचलों एवं पंचायतों का भ्रमण कर राहत एवं बचाव कार्यों का अनुश्रवण करने तथा संधारित पंजी का भी अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। सम्पूर्ति पोर्टल से संबंधित कार्यों को कैंप मोड में समयबद्ध रूप से पूरा करने को कहा गया। सिविल सर्जन को प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव, हैलोजन टैबलेट एवं अन्य आवश्यक उपायों के माध्यम से जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जलस्तर में कमी के साथ क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत की कार्रवाई प्रारंभ करने, कृषि पदाधिकारी को कृषि क्षति का आकलन करने तथा कटाव निरोधक कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में जिले के 6 अंचलों की 65 पंचायतें प्रभावित हैं। 93 सामुदायिक रसोई, 254 निजी नाव, ट्क्टक्ककी 6 मोटर बोट एवं 4 बोट एंबुलेंस कार्यरत हैं। 27 मेडिकल कैंप के माध्यम से आज 4300 लोगों का उपचार किया गया तथा 6 पशु स्वास्थ्य शिविर संचालित हैं। अब तक 34,500 पॉलिथीन शीट्स एवं 11,100 हैलोजन टैबलेट्स वितरित किए गए हैं। आज 19 स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया। पशुओं के लिए अब तक 1,545 क्विंटल पशुचारा वितरित किया गया है।


बिहार सरकार
कृषि विभाग

# कृषि उपकरण अनुदानित वितरण योजना
## (कोल्ड प्रेस तेल निष्कर्षण मिल एवं पैकेजिंग मशीन)

वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (DPR) अंतर्गत बिहार में कोल्ड प्रेस तेल निष्कर्षण मिल एवं पैकेजिंग मशीन की स्थापना की योजना ली गयी है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।



**ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया**

1. इस योजना के अंतर्गत कोल्ड प्रेस तेल निष्कर्षण मिल एवं पैकेजिंग मशीन की स्थापना किया जाना है।
2. पंजीकृत किसान Bihar Krishi App/DBT पोर्टल (dbtagriculture.bihar.gov.in) पर आवेदन कर सकेंगे।
3. Bihar Krishi App/DBT पोर्टल पर कोल्ड प्रेस तेल निष्कर्षण मिल एवं पैकेजिंग मशीन की स्थापना हेतु वर्ष 2026–27 को Click कर आवेदन किया जा सकेगा।
4. आवेदन के पश्चात् लाभार्थी का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा। कोटिवार लक्ष्य अनुसार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी तथा चयन के पश्चात् सत्यापन कराया जायेगा। स्यापन में अपात्र पाये जाने के स्थिति में प्रतीक्षा सूची से अगले किसान का चयन किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि | – | 10.09.2026 से 10.10.2026 |
| ऑनलाइन लॉटरी की तिथि | – | 14.10.2026 |
| सत्यापन की तिथि | – | 15.10.2026 से 23.10.2026 |

**अनुदान दर**

| क्र. | कार्यक्रम | सहायता दर | इकाई | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख रू०) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोल्ड प्रेस तेल निष्कर्षण मिल (क्षमता 10 HP एवं उससे अधिक इलेक्ट्रिक मोटर संचालित) (Capacity 10 HP & above electric motor operated) | सामान्य अधिकतम रू० 2.00 लाख प्रति इकाई अथवा लागत का 40% जो भी कम हो | संख्या | 123 | 246.00 |
| | | अनु० जाति/अनु० जनजाति अधिकतम रू० 2.50 लाख प्रति इकाई अथवा लागत का 50% जो भी कम हो | संख्या | 26 | 65.00 |
| 2 | पैकेजिंग मशीन पर प्रोत्साहन | सामान्य अधिकतम रू० 1.20 लाख प्रति इकाई अथवा लागत का 40% जो भी कम हो | संख्या | 123 | 147.60 |
| | | अनु० जाति/अनु० जनजाति अधिकतम रू० 1.50 लाख प्रति इकाई अथवा लागत का 50% जो भी कम हो | संख्या | 26 | 39.00 |
| | कुल | | | 298 | 497.60 |

नोट :– विस्तृत जानकारी के लिए कृषि विभाग के वेबसाइट https://state.bihar.gov.in/krishi/CitizenHome.html पर उपलब्ध कोल्ड प्रेस तेल निष्कर्षण मिल एवं पैकेजिंग मशीन की स्थापना योजना के कार्यान्वयन अनुदेश देखा जा सकता है।

कृषि निदेशक, बिहार, पटना

PR No.- 011480 (Agriculture)D. 2026-27

# औरंगाबाद के 2.63 पेंशनधारियों के खातों में पहुंची 30.93 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत राज्य के पेंशनधारियों को माह अगस्त 2026 की पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण औरंगाबाद समाहरणालय परिसर स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में किया गया। औरंगाबाद जिले में आज कुल 2,63,070 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में 30.93 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। योजना वार विवरण के अनुसार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 43,650 पेंशनधारियों के खातों में चार करोड़ 80 लाख 50 हजार 300 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 6,357 पेंशनधारियों के खातों में 70 लाख 64 हजार 300 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 1,391 पेंशनधारियों के खातों में 15 लाख 30 हजार 100 रूपये, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,62,506 पेंशनधारियों के खातों में 19 करोड़ 70 लाख 60 हजार 800 रूपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 25,133 पेंशनधारियों के खातों में दो करोड़ 85 लाख 64 हजार 300 रूपये तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 24,033 पेंशनधारियों के खातों में दो करोड़ 70 लाख 52 हजार 700 रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता, विशेष शाखा मोहम्मद सादुल हसन खा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक महेशानंद तथा सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग प्रियंका कुमारी सहित सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को समय पर पेंशन की राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समाधान तथा पात्र लाभुकों को अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं सुगम तरीके से पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पेंशनधारियों से उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी भी ली गई। पेंशन तथा अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायत प्राप्त करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था की गई थी।



# अपराध नियंत्रण और लंबित कांडों के निष्पादन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सर्किल इंस्पेक्टरों के साथ क्राइम मीटिंग की। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने लंबित कांडों, अगस्त माह में दर्ज मामलों और उसके निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 300 दिनों से लंबित कांडों, हत्या, पुलिस पर हमला, आर्म्स एक्ट, पॉक्सो, मॉब लिंचिंग, एसटी-एससी एक्ट जैसी गंभीर घटनाओं, स्पीडी ट्रायल, थानावार गिरफ्तारियों, सम्मन-वारंटों के निष्पादन, उत्पाद अधिनियम के मामलों सहित मालखानों के भौतिक सत्यापन और एफएसएल भेजे जाने वाले लंबित नमूनों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और लंबित कांडों के निष्पादन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी क्षेत्र में सतर्क रहें और आम लोगों के साथ जनसेवा की भावना से व्यवहार करें। साथ ही कार्यों में पारदर्शिता और कानून-व्यवस्था के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने बेहतर पुलिसिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करना होगा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर सुग्गी गांव के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा जख्मी हो गया। बताया जाता है कि सड़क पार करने के दौरान दोनों व्यक्ति हादसे के शिकार हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया है। मृतक की पहचान सुग्गी निवासी 30 वर्षीय दीपक भुइयां जबकि घायल व्यक्ति की पहचान ललन भुइयां के रूप में की गई है। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मृतक दीपक भुइयां गांव के दक्षिण तरफ खेत में शौच के बाद घर लौट रहा था तभी गया से औरंगाबाद की ओर जा रही एक ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। दीपक भुइयां की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों व कम्युनिस्ट पार्टी के वरीय नेता बीरेंद्र प्रसाद ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजे की मांग की है।

# छेड़छाड़ व हत्या मामले में दो अभियुक्तों को दस साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय में स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा ने कासमा थाना में दर्ज एक मामले में दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि कासमा थाना क्षेत्र के बलजोरी बिगहा के पिपरा टोला निवासी प्राथमिक अभियुक्त सरयू भुइयां और प्रवेश भुइंयां को भादंवि धारा -304 में दस साल का सश्रम कारावास और 30 हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनायी गयी है जबकि धारा 323 में एक साल की सजा और एक हजार रूपये जुर्माना लगाया है। सरयू भुइयां को एक और धारा -354 में तीन साल की सजा और बीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अभियोजन की ओर से 09 लोगों की गवाही हुई। अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी सूचक नाबालिग पीड़िता के भाई ने घटना के दिन 18 फरवरी 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि उसकी बहन सुबह शौच करने गई थी तभी अभियुक्तों ने दुपट्टा खींच लिया। वह भागकर अपनी इज्जत बचाई और घटना की जानकारी दी। इसके बाद अपने परिवार और अन्य लोगों के साथ अभियुक्तों के घर पर गया तो उसने लाठी से मारकर पिता और भाई को बुरी तरह से घायल कर दिया जिसमें से एक की इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई थी। दोनों अभियुक्त आठ माह से अधिक समय से जेल में रह रहे हैं। अभियुक्तों पर आरोप गठन 17 फ़रवरी 2021 को हुई थी।

## दो अफीम तस्करों को दस साल का सश्रम कारावास, दो-दो लाख जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एनडीपीएस एक्ट स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता ने एनसीबी के एक केस में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि इमामगंज थाना क्षेत्र के झिकटियां गांव निवासी अभियुक्त प्रमोद कुमार और पलामू जिले के पांकी बहेरा निवासी विकेश कुमार को एनडीपीएस एक्ट की धारा-18 बी में दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है। वहीं धारा-29 में दस साल की सजा और एक लाख की जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। जुर्माना नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास होगा। अभियोजन पक्ष से सात गवाही हुई थी। अधिवक्ता ने बताया कि अभियुक्त प्रमोद कुमार 24 फरवरी 2021 से जेल में बंद हैं। विकेश कुमार को 27 अगस्त 2026 को दोषी ठहराया गया और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों को गुप्त सूचना के आधार पर 22 फ़रवरी 2021 को एनसीबी अधिकारी ने सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के समक्ष जांच के क्रम में पकड़ा। अभियुक्तों के पास से पांच किलो से ज्यादा अफीम बरामद किया गया था।

# विभिन्न मामलों में 30 लोग गिरफ्तार, देसी विदेशी-शराब के साथ स्प्रिट जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तार किया गया है। वहीं 133 लीटर देसी एवं 18.50 लीटर विदेशी शराब, 160 लीटर स्प्रिट, एक बाइक, एक ट्रक एवं 20 टन कोयला बरामद किया गया है। जांच अभियान के तहत 945 वाहनों की कर 8000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 69 वारंटों एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि औरंगाबाद पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के साथ जिले में आम लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# समय-सीमा के अंदर हो बारून बाइपास पुल का निर्माण कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा बारून बाइपास में निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुल निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता तथा कार्य पूर्ण होने की संभावित समय-सीमा के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि उक्त पुल तीन स्पैन का है। पुल के एक स्पैन के गर्डर की ढलाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि बरसात समाप्त होने एवं नहर में पानी का स्तर कम होने के पश्चात निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी तथा निर्धारित परिस्थितियां अनुकूल रहने पर लगभग तीन माह के अंदर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि पुल निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य की गति के साथ-साथ निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। निर्माण कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने तथा कार्य की नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पुल के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी। ऐसे में निर्माण कार्य को पूरी गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ कराया जाए ताकि आमजन को इसका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थल पर कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए उत्पन्न होने वाली तकनीकी अथवा अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज में जीइसी के छात्रों ने लहराया परचम

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ऊर्ज़ा प्रेक्षागृह, पटना में आयोजित प्रतिष्ठित एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2026 में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (जीईसी), औरंगाबाद के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चौथा स्थान हासिल किया है।



कॉलेज के छात्र श्रेयांश मिश्रा और शुभम कुमार की जोड़ी ने इस प्रतियोगिता के शीर्ष चार में जगह बनाकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। शानदार प्रदर्शन के लिए दोनों प्रतिभागियों को चार-चार हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस सफलता पर प्राचार्य ने दोनों छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है और यह अन्य छात्रों को भी उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

# पुलिस दीदी टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को पुलिस दीदी की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्राओं को साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने छात्रों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में घबराने के बजाय आत्मविश्वास के साथ समस्या का सामना करें और जरूरत पड़ने पर तत्काल पुलिस की सहायता लें। कार्यक्रम में छात्रों को सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में बताया गया। उन्हें अनजान व्यक्ति को निजी जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। साथ ही साइबर ठगी या ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में इसकी तत्काल सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस दीदी टीम ने छात्राओं से कहा कि वह निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण करें और विद्यालय आने-जाने के दौरान सतर्क रहें। बाजार में खरीदारी करने या अन्य जरूरी कार्यों के लिए घर से बाहर निकलते समय रास्ते में किसी प्रकार की परेशानी होने पर चुप न रहें। छात्राओं से कहा गया कि किसी व्यक्ति द्वारा पीछा करने, छेड़छाड़ करने, धमकी देने या परेशान करने की स्थिति में परिवार और पुलिस को इसकी जानकारी दें। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है।

## मारपीट में दो लोगों को भेजा जेल

**हसपुरा(नबिटा संवाददाता)।** हसपुरा पुलिस ने मारपीट के मामले में तिलकपुरा गांव से अंगद सिंह के पुत्र आकाश कुमार व जयप्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर गुरूवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि जेल भेजे गये दोनों व्यक्ति मारपीट के मामले में नामजद आरोपित हैं।

# जिलाधिकारी ने क्षतिग्रस्त मेंह पुल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून-नवीनगर पथ पर स्थित ग्राम मेह के समीप सोन उच्चस्तरीय नहर पर स्थित क्षतिग्रस्त मेह उच्चस्तरीय पुल का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्षतिग्रस्त पुल की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया तथा आवागमन को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से बहाल करने हेतु विभिन्न विकल्पों पर विचार किया गया। सर्वप्रथम यह देखा गया कि क्षतिग्रस्त पुल का तकनीकी रूप से जीर्णोद्धार एवं क्वालिटी स्ट्रेंथनिंग कर इसे पुनः आवागमन योग्य बनाया जा सकता है अथवा नहीं। दूसरे विकल्प के रूप में क्षतिग्रस्त पुल के समानांतर एक डेली ब्रिज के निर्माण की संभावना का भी जायजा लिया गया। तीसरे विकल्प के रूप में निर्माणाधीन बाईपास मार्ग का उपयोग किए जाने की संभावना पर भी विचार किया गया। उक्त बाईपास मार्ग 7 किलोमीटर लंबा एवं नहर के दाहिनी ओर से एनएच-19 से जुड़ता है जिससे आवागमन को वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया जा सकता है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी विकल्पों का तकनीकी एवं व्यावहारिक रूप से आकलन करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, पथ निर्माण विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता के लिए वैज्ञानिक सोच और नवाचार जरूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के सोननगर स्थित केशव उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस वर्ष संगोष्ठी का मुख्य विषय भारतीय ऊर्ज़ा परिदृश्य 2047 : संभावनाएं एवं चुनौतियां रखा गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बीडीओ-सह-प्रभारी बीइओ ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को ऊर्ज़ा के क्षेत्र में मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्तमान पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्ज़ा के अधिकाधिक उपयोग और ऊर्ज़ा संरक्षण के प्रति जागरूकता ही भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी समाधान है।




प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 8 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टर, चार्ट और प्रेजेंटेशन के माध्यम से ऊर्ज़ा क्षेत्र से जुड़े विषयों पर अपनी वैज्ञानिक समझ और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय जगदीशपुर के आयुष कुमार एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय जनकोप की अलका कुमारी रहे। द्वितीय स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय पौथू की अंजलि कुमारी एवं मध्य विद्यालय कंचनपुर के मोहित कुमार रहे। वहीं तृतीय स्थान पर मध्य विद्यालय रतनपुरा के अश्विनी कुमार एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय तमौली की कोमल कुमारी ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बीआरसी बारून के लेखापाल कुश कुमार, बीआरपी लाल बहादुर, आईटी समन्वयक पीयूष कुमार एवं सुधीर यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सर्वोदय डिग्री कॉलेज में मिड टर्म परीक्षा शुरू

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हसपुरा प्रखंड के बिरहारा स्थित सर्वोदय डिग्री कॉलेज में गुरुवार से सत्र 2025-29 के तीसरे सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा शुरू हो गयी। परीक्षा में कॉलेज के करीब 300 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। इसमें कला और विज्ञान संकाय के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा को लेकर कॉलेज प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गयी हैं। सुबह दस बजे से ही कॉलेज परिसर में परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राओं की आवाजाही रही। निर्धारित समय पर विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया। परीक्षा कक्ष में प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने के बाद विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो सनोज कुमार ने बताया कि मिड टर्म परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

# प्राथमिकता के आधार पर करें आम जनता से प्राप्त शिकायतों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी। जिले के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें एसपी के सामने रखीं। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की बातें सुनीं और संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्राप्त आवेदनों को संबंधित थानों को भेजते हुए उनके शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया। पुलिस अधिक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता से प्राप्त शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारियों को शिकायतों की गंभीरता को समझते हुए समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दरबार में आए सभी मामलों का समयबद्ध और तेजी से निस्तारण सुनिश्चित कराया जाता है ताकि किसी भी नागरिक को अकारण परेशान न होना पड़े।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पचार पहाड़ी पर 1600 वर्ष पुराने बौद्ध विहार के अवशेष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्राचीन मगध के गांवों में आज भी बौद्ध विहारों और प्राचीन धार्मिक स्थलों के अवशेष बिखरे हुए हैं। औरंगाबाद जिले में रफीगंज प्रखंड मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दक्षिण-पूर्व स्थित पचार पहाड़ी भी ऐसा ही महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल है। पहाड़ी के शिखर पर दो मंजिला बौद्ध विहार के अवशेष हैं, जिन्हें करीब 1600 वर्ष पुराना और गुप्तकालीन माना जाता है। स्थल पर गुप्तकालीन स्थापत्य कला को दर्शाने वाली कई संरचनाएं दिखाई देती हैं। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साक्ष्यों और शोधकर्ताओं के अध्ययन के आधार पर यह स्थल प्राचीन मगध की धार्मिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य परंपरा को समझने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रफीगंज निवासी और पटना विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के छात्र प्रिंस कुमार के अनुसार पचार पहाड़ी स्थित दो मंजिला बौद्ध विहार का निर्माण गुप्तकालीन ईंटों से हुआ था। पुरातात्विक अन्वेषण से संकेत मिलता है कि विहार की नींव पहले से मौजूद अपेक्षाकृत बड़े स्तूप के अवशेषों के ऊपर बनाई गई थी। विहार में चार कमरों और एक बरामदे के अवशेष दिखाई देते हैं। कई स्थानों पर दीवारों की मोटाई दस फीट से अधिक है। ऊपरी हिस्से में गुप्तकालीन ईंटों जबकि निचले हिस्से में अपेक्षाकृत पुरानी ईंटों के प्रयोग के प्रमाण मिलते हैं। विहार के निर्माण में चूने के प्लास्टर के इस्तेमाल के संकेत भी मिले हैं। परिसर में लंबी संरचनाओं और कमरों के साथ समकोणीय स्थापत्य विन्यास दिखाई देता है, जो तत्कालीन निर्माण तकनीक और स्थापत्य कौशल का संकेत देता है। प्रिंस कुमार के अनुसार स्थल से विभिन्न मुद्राओं में बुद्ध की छोटी-बड़ी प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें धर्मचक्र-प्रवर्तन मुद्रा और ध्यान मुद्रा की प्रतिमाएं विशेष उल्लेखनीय हैं। बौद्ध देवता महाकाल की प्रतिमा मिलने की भी जानकारी है। अन्य पुरावशेषों में लाल मृद्भांड, मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े और पत्थर की पट्टिकाएं शामिल हैं। पहाड़ी के आसपास प्राचीन मृद्भांड और ईंटों के



अवशेष भी दिखाई देते हैं। मगध और बौद्ध धर्म के इतिहास पर शोध कर रहे विकास कुमार के अनुसार, पचार क्षेत्र की तुलना बोधगया के निकट स्थित ताराडीह, चिलोरगढ़, डुब्बा, भुराहा और मांडा जैसे पुरातात्विक स्थलों से की जा सकती है। इन क्षेत्रों की भौगोलिक निकटता और विभिन्न ऐतिहासिक कालों के साक्ष्य पूरे इलाके को प्राचीन मगध के महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परिदृश्य के रूप में सामने लाते हैं। प्रिंस कुमार के अनुसार पचार पहाड़ी प्राचीन राजगृह-उरुवेला-सारनाथ मार्ग के क्षेत्र में स्थित है। इसे उस प्राचीन मार्ग से संबंधित माना जाता है, जिसके जरिए ज्ञान प्राप्ति के बाद बुद्ध उरुवेला, वर्तमान बोधगया क्षेत्र से सारनाथ गए थे। सारनाथ में उन्होंने प्रथम उपदेश देकर धर्मचक्र प्रवर्तित किया था। पचार के आसपास भुराहा, देवकली, कसमा और भिखनपुरा सहित कई गांवों में नवपाषाण काल से मध्यकाल तक के पुरातात्विक साक्ष्य होने की जानकारी है। यहां प्राचीन मृद्भांड, ईंटें, अन्य पुरावशेष और प्रारंभिक मानव बसावट के संकेत मिले हैं। कुछ स्थानों पर प्राचीन नगरीय बसावट अथवा विकसित आवासीय केंद्रों के भी संकेत दिखाई देते हैं। वर्ष 2020 में प्रिंस कुमार और विकास कुमार ने पचार पहाड़ी का अध्ययन कर इसके पुरातात्विक महत्व को सामने लाने का प्रयास किया। क्षेत्रीय सर्वेक्षण के दौरान पहाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न ऐतिहासिक कालों से संबंधित अवशेषों का अध्ययन किया गया। शोधकर्ताओं के अनुसार पचार पहाड़ी का महत्व केवल बौद्ध विहार तक सीमित नहीं है। यहां पालकालीन गुफा-मंदिर के अवशेष भी हैं, जिन्हें स्थानीय परंपरा में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ से जोड़ा जाता है। इसके अलावा एक प्राचीन तालाब सहित कई अन्य पुरातात्विक अवशेष मौजूद हैं। इस तरह एक ही क्षेत्र में बौद्ध, जैन और प्राचीन बसावट से जुड़े अवशेष इसकी बहुधार्मिक और बहुकालीन विरासत को दर्शाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पचार गांव और आसपास से प्राप्त कई प्राचीन प्रतिमाएं गया और पटना के संग्रहालयों में संरक्षित हैं। इन प्रतिमाओं और अन्य पुरावशेषों का विस्तृत अध्ययन, काल-निर्धारण और दस्तावेजीकरण अभी आवश्यक है। पुरातत्व विभाग यदि स्थल का व्यवस्थित सर्वेक्षण, संरक्षण और उत्खनन कराए तो पचार पहाड़ी प्राचीन मगध के इतिहास, बौद्ध संस्कृति और गुप्तकालीन स्थापत्य के अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकती है। साथ ही संरक्षण और पर्यटन विकास के जरिए यह इतिहासकारों, शोधकर्ताओं, विरासत-प्रेमियों और पर्यटकों के लिए भी महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित हो सकती है।